सूर्योदय 6:53 सूर्यास्त 5:21

आज का तापमान

शिमला	10.0 न्यू	19.0 अधि
धर्मशाला	11.0 न्यू	20.0 अधि

बाजार

सेंसेक्स	83,920
निफ्टी	25,800

सोना 1,23,000 चांदी 1,50,000

www.anantgyaan.in

अनंत ज्ञान

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | शनिवार, 21 नवंबर 2026 | 6 मार्गशीष, विक्रमी संवत 2083 | वर्ष 3, अंक 324, कुल पृष्ठ 12 | मूल्य : 5 रुपए | डाक पंजीकरण संख्या : HP/DO/DEHRA/01/2026-2028 follow us on: | 8894521702

न्यूज शॉर्ट्स

प्रदेश भाजपा ने 66 विधानसभा क्षेत्रों में नियुक्त किए प्रभारी

अनंत ज्ञान, शिमला। हिमाचल भाजपा अपने संगठनात्मक ढांचे को नई गति देने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने राज्य के 66 विधानसभा क्षेत्रों के लिए विधानसभा प्रभारियों की नियुक्तियां की हैं। प्रदेश कार्यालय की ओर से जारी सूची के माध्यम से इन नियुक्तियों की औपचारिक घोषणा की गई है। नई जिम्मेदारियां सौंप कर भाजपा ने प्रदेश के विभिन्न जिलों और विधानसभा क्षेत्रों में पार्टी ने संगठनात्मक समन्वय के लिए नई व्यवस्था तैयार की है। प्रदेश भाजपा कार्यालय की ओर से जारी सूची के अनुसार नवनियुक्त विधानसभा प्रभारी अपने-अपने क्षेत्रों में संगठनात्मक गतिविधियों के संचालन, पार्टी के आगामी कार्यक्रमों के समन्वय और प्रदेश नेतृत्व के निर्देशों को धरातल पर लागू करने का दायित्व निभाएंगे।

स्पाइसजेट को फ्लाइट कैंसिलेशन पर नोटिस

एजेंसी, नई दिल्ली। नागरिक उड्डयन महानिदेशालय ने लगातार फ्लाइट कैंसिल होने, देरी और ऑपरेशनल गड़बड़ियों को लेकर स्पाइसजेट को शो-कॉज नोटिस जारी किया है। 17 नवंबर को जारी नोटिस में एयरलाइन से 7 दिनों के भीतर जवाब मांगा गया है। महानिदेशालय के मुताबिक, कंपनी की समय पर उड़ान संचालन की स्थिति लगातार खराब हो रही है। इसके कारण यात्रियों को परेशानी हो रही है। साथ ही एयरलाइन तय शेड्यूल का पालन करने और यात्रियों को जरूरी सुविधाएं देने में भी नाकाम रही है। पिछले नौ महीने में कंपनी का मार्केट शेयर 3.9% से घटकर 0.6% हो गया है। वहीं, इस साल अगस्त और सितंबर में स्पाइसजेट की हर पांच में से एक उड़ान कैंसिल हुई।

हिंसा के लिए हसीना जिम्मेदार: रहमान

एजेंसी, ढाका। बांग्लादेश में पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना की देश वापसी की तैयारी और उनकी पार्टी अवामी लीग के राष्ट्रव्यापी बंद के ऐलान के बीच हिंसा भड़क गई है। वीरवार को कई जिलों में आगजनी, तोड़फोड़ और हमले हुए। इस बीच प्रधानमंत्री तारिक रहमान ने अवामी लीग पर देश में हिंसा फैलाने और साजिश रचने का आरोप लगाया। रहमान ने गुरुवार को लालमोनिरहाट में एक रैली को संबोधित करते हुए कहा कि 16 साल तक जबरन सत्ता में रहने के बाद देश छोड़कर भागे लोग अब सीमा पार से बांग्लादेश के खिलाफ साजिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा, 'वे जिस देश में भागकर गए हैं, वहीं उनके आका हैं। उन्हें खुश करने के लिए वे बांग्लादेश के खिलाफ साजिश रच रहे हैं। देश छोड़ने के बाद भी उन्होंने आगजनी और लोगों की हत्या करने की राजनीति बंद नहीं की है। '

थिरुपरनकुंड्रम पहाड़ी पर दीपम जलाने की अनुमति

एजेंसी, मदुरै। सुप्रीम कोर्ट ने तमिलनाडु के मदुरै स्थित सुब्रमण्य स्वामी मंदिर प्रशासन को थिरुपरनकुंड्रम पहाड़ी पर प्राचीन पत्थर के स्तंभ 'दीपथून' पर कार्तिगई दीपम जलाने की अनुमति दी है। कोर्ट ने यह इजाजत सिर्फ 24 नवंबर को यानी इस साल के लिए एक बार दी है। हालांकि, दीप जलाने के लिए केवल मंदिर प्रशासन की सीमित टीम और अधिकृत अधिकारियों को जाने की अनुमति होगी। आम लोगों की एंट्री पर रोक रहेगी। कोर्ट ने मद्रास हाईकोर्ट के फैसले के कुछ हिस्सों पर भी रोक लगाई है। दरअसल, दीपथून पर दीप जलाने को लेकर मंदिर और पहाड़ी के पास स्थित हजरत सुल्तान सिकंदर बदूशा औलिया दरगाह के बीच लंबे समय से विवाद चल रहा है।

सांसद सतनाम सिंह संधू को ईडी का समन

एजेंसी, चंडीगढ़। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राज्यसभा सांसद सतनाम सिंह संधू को समन भेजा है। उन्हें पूछताछ के लिए बुलाया गया है। यह मामला पंजाब की एक कंपनी से जुड़ा है। आरोप है कि इस कंपनी ने निवेशकों के साथ करोड़ों रुपये की धोखाधड़ी की है। संधू की उम्र 57 साल है। वह मोहाली में चंडीगढ़ विश्वविद्यालय के कुलाधिपति (चांसलर) भी हैं। यह एक निजी विश्वविद्यालय है। अधिकारियों ने बताया कि संधू को पहली बार 12 नवंबर को ईडी के सामने पेश होने के लिए बुलाया गया था, लेकिन वह उस दिन नहीं पहुंचे थे।

हिमाचल विधानसभा में 7 विधेयक पारित

सरकारी कर्मचारियों को पदोन्नति में संविदा सेवा का लाभ


अनंत ज्ञान

ब्यूरो, तपोवन। तपोवन विधानसभा के शीतकालीन सत्र में शुक्रवार को सात विधेयक पारित किए गए। इन विधेयकों का सीधा असर सरकारी कर्मचारियों, मालवाहक वाहन संचालकों, ग्रामीण क्षेत्रों के रास्तों, अनाथ एवं बेसहारा बच्चों और सरकारी संपत्तियों से जुड़े मामलों पर पड़ेगा। इनमें कुछ विधेयक मौजूदा कानूनों में संशोधन से संबंधित हैं, जबकि कुछ के माध्यम से नए कानूनी प्रावधान किए गए हैं।

हिमाचल प्रदेश सरकारी सेवाएं (अर्हक अनुभव एवं पदोन्नति का विनियमन) विधेयक, 2026 के तहत नियमित होने से पहले की संविदा सेवा को पदोन्नति के लिए अर्हक अनुभव में शामिल करने का प्रावधान है। इसमें अधिकतम पांच साल की संविदा सेवा को ही गिना जाएगा। इससे उन कर्मचारियों को लाभ मिल सकता है, जिन्होंने नियमित होने से पहले संविदा आधार पर सेवाएं दी हैं। इसके अलावा पात्र कर्मचारियों की वरिष्ठता सूची में संशोधन और पहले हुई कुछ पदोन्नतियों को वैधानिक संरक्षण देने का भी प्रावधान है। भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता अधिकार अधिनियम में संशोधन का उद्देश्य अधिग्रहित जमीन के उपयोग से जुड़े प्रावधानों में बदलाव करना है। इसके तहत अधिग्रहण के बाद अतिरिक्त बची या उपयोग में नहीं लाई गई जमीन के मामले में सरकार को उसे वापस लेने का अधिकार देने का प्रावधान प्रस्तावित है।

इससे ऐसी जमीन लंबे समय तक बिना उपयोग के अधिग्रहण के दायरे में रखने की स्थिति पर कार्रवाई का रास्ता बनेगा।

तकनीकी विवि में सृजित होगा कुलपति का पद



हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक, 2026 के तहत तकनीकी विश्वविद्यालय के प्रशासनिक ढांचे में बदलाव किया जाएगा। इसमें कुलपति का पद सृजित करने का प्रावधान है। इससे विश्वविद्यालय के शैक्षणिक और प्रशासनिक कामकाज के संचालन के लिए अलग नेतृत्व व्यवस्था विकसित होगी।

माल ढुलाई करने वाले वाहनों पर पर्यावरण सेस

हिमाचल प्रदेश (सड़क द्वारा कतिपय माल के वहन पर) कराधान संशोधन विधेयक, 2026 के तहत माल ढुलाई करने वाले वाहनों पर पर्यावरण सेस लगाने का प्रावधान किया गया है। इसका उद्देश्य माल परिवहन से होने वाले पर्यावरणीय प्रभाव के मद्देनजर वाहनों पर अतिरिक्त शुल्क लगाना है। इस प्रावधान का असर प्रदेश में माल लेकर आने-जाने वाले व्यावसायिक वाहनों पर पड़ेगा। सेस की वास्तविक दर और श्रेणीवार देयता अधिसूचना के अनुसार स्पष्ट होगी।

पंचायती राज व्यवस्था में कोरम की समस्या होगी दूर

हिमाचल प्रदेश पंचायती राज (तृतीय संशोधन) विधेयक, 2026 के तहत पंचायतों के कामकाज में कोरम से जुड़ी व्यावहारिक दिक्कतों को दूर करने का प्रावधान किया गया है। पंचायत बैठकों में निर्धारित सदस्यों की उपस्थिति पूरी नहीं होने के कारण कई बार बैठकें और विकास कार्यों से जुड़े फैसले लंबित हो जाते हैं। संशोधन का उद्देश्य ऐसी स्थिति में पंचायतों के कामकाज को प्रभावित होने से बचाना है।

पुराने रास्ते रोकने पर लगेगा जुर्माना

हिमाचल प्रदेश भू-राजस्व (संशोधन) विधेयक, 2026 के तहत सार्वजनिक रास्तों को अवरुद्ध करने वालों के खिलाफ कार्रवाई का प्रावधान किया गया है। प्रस्ताव के अनुसार, सार्वजनिक या गैर-मुमकिन रास्ता रोकने पर पांच हजार से 50 हजार रुपये तक जुर्माना लगाया जा सकेगा। इसके अलावा बिजली और पानी की सब्सिडी बंद करने का प्रावधान भी शामिल है। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में रास्तों पर अवैध कब्जे और आवाजाही बाधित करने की शिकायतों पर कार्रवाई का आधार मिलेगा।

सुखाश्रय योजना को मिला कानूनी आधार

हिमाचल प्रदेश सुखाश्रय (महिलाओं और चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट की सामाजिक सुरक्षा) विधेयक, 2026 में महिलाओं और सरकार द्वारा चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट के रूप में मान्यता प्राप्त बच्चों की सामाजिक सुरक्षा का प्रावधान है। इसका उद्देश्य जरूरतमंद बच्चों और महिलाओं को सरकारी सहायता के साथ आत्मनिर्भर बनाने की व्यवस्था को कानूनी आधार देना है।

भाजपा ने अपने कार्यकाल में सिर्फ भ्रष्टाचार किया : सीएम

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, तपोवन। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने पूर्व भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि भाजपा ने अपने पांच साल के कार्यकाल में जनता के बीच झूठ फैलाने और भ्रष्टाचार की दुकान चलाने का काम किया। उन्होंने कहा कि पूर्व भाजपा सरकार के कार्यकाल में उद्योगों के नाम पर बड़े पैमाने पर जमीनों का आवंटन किया गया, लेकिन कई स्थानों पर उद्योग स्थापित करने के बजाय रियल एस्टेट का कारोबार किया गया।

मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार ने करीब 300 बीघा जमीन एक निजी कंपनी को दे दी और उसकी बिजली तक माफ कर दी, जबकि आज तक वहां उद्योग स्थापित नहीं हो पाया। उन्होंने कहा कि भाजपा ने औद्योगिक प्लांटों को रियल एस्टेट में बदलने का काम किया और नालागढ़-बद्दी क्षेत्र में भी उद्योगों के नाम पर हजारों बीघा जमीन महज एक रुपये की लीज पर दी गई। मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि पूर्व भाजपा सरकार के दौरान स्थानीय लोगों से आठ प्रतिशत स्क्रैप ड्यूटी तक वसूली जाती रही। उन्होंने इंडो फार्मा सहित विभिन्न औद्योगिक जमीन आवंटन मामलों का जिक्र करते हुए कहा कि भाजपा ने उद्योगों के नाम पर जमीनों का दुरुपयोग किया। जयराम ठाकुर के कार्यकाल में सिराज में बने होटल को क्लब महिंद्रा को बेचने और एक अभिनेत्री को जमीन आवंटित करने के मामले पर भी उन्होंने सवाल उठाए। मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि संबंधित भूमि सौदे में स्टांप ड्यूटी तक नहीं ली गई। धर्मशाला एयरपोर्ट की जमीन के मामले पर मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने एसआईटी गठित की है। जांच में जहां भी अनियमितता सामने आएगी, वहां नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी और गलत तरीके से अर्जित धनराशि सरकारी खाते में जमा करवाने के साथ उसका लाभ प्रभावित लोगों तक पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि बेनामी संपत्तियों के मामलों में भी कार्रवाई की जाएगी।

धर्मशाला एयरपोर्ट भूमि मामले में जांच के लिए एसआईटी गठित

इस साल सबसे सस्ता हुआ सोना

1.23 लाख रुपए हुए 10 ग्राम के दाम, चांदी भी 1.50 लाख रुपए पर आई

एजेंसी, नई दिल्ली

सोना-चांदी में लगातार गिरावट जारी है। शुक्रवार को 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 5,947 रुपए सस्ता होकर 1.23 लाख रुपए पर आ गया। इस गिरावट के बाद सोना करीब एक साल पुराने स्तर पर पहुंच गया है। पिछले साल 24 नवंबर को 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का भाव 1,23,308 रुपए था। इसके बाद सालभर तक इसके भाव ज्यादा बने रहे। इधर, चांदी के भाव में भी शुक्रवार को 9,789 रुपए प्रति किलो की गिरावट दर्ज की गई। इसके बाद चांदी 1.50 लाख रुपए प्रति किलो पर आ गई। अमेरिकी डॉलर में मजबूती और ऊंचे स्तरों पर मुनाफावसूली के चलते सोने-चांदी की कीमतों पर दबाव बना हुआ है।

सोने में 30% और चांदी में 60% तक गिरावट

इस साल सोने-चांदी की कीमत में लगातार उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। 31 दिसंबर 2025 को 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 1.33 लाख रुपए था, जो 29 जनवरी को बढ़कर 1.76 लाख रुपए के सबसे ऊपरी स्तर पर पहुंच गया था। तब से अब तक सोना करीब 52.4 हजार रुपए यानी करीब 30% सस्ता हो चुका है। वहीं, चांदी 31 दिसंबर 2025 को 2.30 लाख रुपए थी, जो 29 जनवरी को 3.80 लाख रुपए के हाई पर पहुंच गई। तब से चांदी करीब 2.29 लाख रुपए यानी 60% सस्ती हो चुकी है।

9 महीने बाद फिर 84 हजार के पार पहुंचा सेंसेक्स, निफ्टी भी 25,800 के स्तर पर

एजेंसी, मंबई। शेयर बाजार में 20 नवंबर को तेजी रही। सेंसेक्स 898 अंक या 1.08% की तेजी के साथ 83,920 पर बंद हुआ है। निफ्टी में भी 300 अंक या 1.06% की तेजी है। यह 25,800 के पार पहुंच गया है। आईटी और रियल्टी शेयर्स में आज सबसे ज्यादा खरीदारी रही। दिन के कोराबार में सेंसेक्स करीब 1000 अंक या 1.17% की तेजी के साथ 84 हजार के पार पहुंच गया था। इसने 84,037.96 का डे-हाई बनाया। करीब 9 महीने बाद सेंसेक्स इस लेवल पर पहुंचा था। इससे पहले 12 फरवरी को सेंसेक्स 84,061 के स्तर पर था। शेयर बाजार में तेजी के चलते आज निवेशकों की दौलत 1.83 लाख करोड़ रुपए बढ़ गई है। बीएसई पर लिस्टेड कंपनियों का कुल मार्केट कैप कल के 511.97 लाख करोड़ रुपए था जो आ बढ़कर 514 लाख करोड़ रुपए हो गया है।



अंग्रेजी शिक्षक भर्ती की शैक्षणिक योग्यता में बदलाव करने से हाईकोर्ट का इनकार

सरकार के नियम बरकरार, याचिकाकर्ता की याचिका खारिज

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, शिमला। हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट ने सीबीएसई से संबद्ध उत्कृष्ट विद्यालयों में अंग्रेजी शिक्षकों की भर्ती के लिए बीएड में अंग्रेजी विषय अनिवार्य रखने के राज्य सरकार के फैसले में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया है। अदालत ने स्पष्ट किया कि किसी पद के लिए आवश्यक शैक्षणिक योग्यता और भर्ती के नियम निर्धारित करना सरकार के नीतिगत अधिकार क्षेत्र में आता है। केवल इस आधार पर भर्ती की शर्तों को मनमाना या असंवैधानिक नहीं ठहराया जा सकता कि किसी विश्वविद्यालय के पाठ्यक्रम में संबंधित विषय का विकल्प उपलब्ध नहीं था या कोई अभ्यर्थी निर्धारित योग्यता पूरी नहीं कर पा रहा है। याचिकाकर्ता अनिंदिता शर्मा ने हिमाचल प्रदेश राज्य चयन आयोग, हमीरपुर की ओर से निर्धारित योग्यता को हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। उनका तर्क था कि विज्ञान वर्ग के विद्यार्थियों को बीएड में अंग्रेजी विषय का विकल्प उपलब्ध नहीं कराया जाता, ऐसे में इस शर्त से कई अभ्यर्थी भर्ती प्रक्रिया से बाहर हो रहे हैं।

राज्य सरकार की ओर से अदालत को बताया गया कि विज्ञान विषय से स्नातक अभ्यर्थी अंग्रेजी में स्नातकोत्तर डिग्री और न्यूनतम 50 प्रतिशत अंकों के आधार पर भी आवेदन कर सकते हैं। चूंकि ऐसे अभ्यर्थियों ने स्नातक स्तर पर अंग्रेजी विषय नहीं पढ़ा होता, इसलिए उनकी विषय संबंधी दक्षता सुनिश्चित करने के लिए बीएड में अंग्रेजी विषय की अनिवार्यता रखी गई है। याचिकाकर्ता ने विज्ञान विषय में स्नातक करने के बाद हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय से गणित और भौतिक विज्ञान विषयों के साथ बीएड तथा इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय से अंग्रेजी में 63.14 प्रतिशत अंकों के साथ एमए किया था। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद न्यायमूर्ति अजय मोहन गोयल और न्यायमूर्ति योगेश जसवाल की खंडपीठ ने सुप्रीम कोर्ट के पीयू जोशी बनाम अकाउंटेंट जनरल मामले में प्रतिपादित सिद्धांत का उल्लेख करते हुए याचिका खारिज कर दी।

हिमाचल में पैदा हुए सूखे जैसे हालात

नवंबर में सामान्य से 70 फीसदी कम बारिश, अगले छह दिन मौसम साफ

अनंत ज्ञान

सत्यदेव, भारद्वाज शिमला। हिमाचल प्रदेश में मौसम की बेरुखी अब किसानों और बागवानों के लिए चिंता का बड़ा कारण बनने लगी है। नवंबर महीने में सामान्य से करीब 70 फीसदी कम बारिश दर्ज होने के बीच मौसम विभाग ने अगले छह दिनों तक प्रदेश में बारिश और बर्फबारी की कोई संभावना नहीं जताई है। 26 नवंबर तक मौसम शुष्क रहने का पूर्वानुमान है। ऐसे में पहाड़ों पर बर्फ की सफेद चादर बिछने का इंतजार और लंबा हो सकता है, जबकि खेतों में नमी की कमी के चलते रबी फसलों की बिजाई प्रभावित होने लगी है। प्रदेश में मौसम का यह सूखा दौर खेती और बागवानी दोनों के लिए चुनौती बनता जा रहा है।

मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार आगामी दिनों में प्रदेश के अधिकांश क्षेत्रों में धूप खिली रहेगी। दिन के तापमान में हल्का उछाल आने की संभावना है, जबकि रात के तापमान में विशेष बदलाव नहीं होगा। कई स्थानों पर न्यूनतम तापमान सामान्य के आसपास या उससे नीचे बना रह सकता है। नवंबर में अब तक बिलासपुर, हमीरपुर, सिरमौर और ऊना में बारिश की एक बूंद भी दर्ज नहीं हुई है। अन्य जिलों में भी सामान्य से काफी कम वर्षा हुई है। लंबे समय से बारिश नहीं होने के कारण जमीन में पर्याप्त नमी नहीं बची है, जिससे किसान गेहूं की बिजाई को लेकर परेशान हैं।

प्रदेश में सुबह और शाम के समय ठंड का असर लगातार बढ़ रहा है। राज्य के नौ स्थानों पर रात का न्यूनतम तापमान पांच डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज किया गया है।

किसानों-बागवानों को बर्फबारी का इंतजार

बारिश की कमी का सीधा असर कृषि गतिविधियों पर दिखाई देने लगा है। खेतों में पर्याप्त नमी नहीं होने के कारण किसान गेहूं की बिजाई करने में कठिनाई महसूस कर रहे हैं। वहीं, सेब उत्पादक क्षेत्रों में भी लंबे समय से बारिश और बर्फबारी नहीं होने से बागवान चिंतित हैं। सर्दियों में होने वाली बारिश और ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी को बागवानी के लिए अहम माना जाता है। ऐसे में मौसम का लगातार शुष्क बने रहना आने वाले दिनों में खेती और बागवानी की चुनौतियां बढ़ा सकता है। लिहाजा, अब किसानों और बागवानों की निगाहें आसमान पर टिकी हैं। उन्हें उम्मीद है एक बार फिर पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होगा और पहाड़ों पर बारिश व बर्फबारी का इंतजार खत्म करेगा।

यूएई से भारत लाया गया भगोड़ा मोहम्मद माजिन



एजेंसी, नई दिल्ली। महिलाओं के कथित यौन शोषण के मामलों में महाराष्ट्र पुलिस द्वारा वांछित एक व्यक्ति को शुक्रवार को संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) से वापस भारत लाया गया (डिपोर्ट किया गया)। इस पूरी कार्रवाई में केंद्रीय जांच ब्यूरो ने समन्वय किया। इस भगोड़े मोहम्मद माजिन के खिलाफ इंटरपोल का रेड नोटिस जारी था। सीबीआई की प्रवक्ता बीना यादव ने एक बयान में बताया कि वह एक ऐसे मामले में वांछित था, जिसमें उसने कथित तौर पर पीड़िता को शादी का झूठा झांसा देकर अपने जाल में फंसाया, उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए और उसका शारीरिक, मानसिक व आर्थिक शोषण किया। इसमें उससे धोखे से 18 लाख रुपए ऐंठना भी शामिल है। यादव ने कहा, 'सक्षम अदालत में चार्जशीट पहले ही दाखिल की जा चुकी है। जांच में यह भी पता चला कि उसने इसी तरह शादी का झांसा देकर 13 अन्य महिलाओं का शोषण किया, उनसे पैसे लिए और उनके साथ अंतरंग पलों के वीडियो भी बनाए। इसके बाद आरोपी विदेश भाग गया।' महाराष्ट्र पुलिस के अनुरोध पर सीबीआई ने इंटरपोल के जरिए माजिन के खिलाफ रेड नोटिस जारी करवाया।

राहुल बोले-नोटबंदी व जीएसटी ने छोटे व्यापारियों को खत्म कर दिया

एजेंसी, नई दिल्ली

राहुल गांधी ने शुक्रवार को पीएम मोदी की स्पीच पर निशाना साधा। राहुल ने एक्स पर लिखा कि आपने नोटबंदी व जीएसटी ने छोटे व्यापारियों को बर्बाद कर दिया। जो बड़ी कंपनियां ईमानदारी से प्रतिस्पर्धा करती थीं, उनके लिए तो आपने मैदान ही खत्म कर दिया। राहुल ने ये भी लिखा कि मोनोपॉली से नौकरियां पैदा नहीं होतीं। इससे कीमतें बढ़ती हैं और प्रतिस्पर्धा खत्म हो जाती है। पीएम मोदी ने वीरवार को फिक्की के कार्यक्रम में कहा था कि सरकार ने कॉर्पोरेट टैक्स 30% से घटाकर 22% किया और 12 लाख रुपए तक की सालाना कमाई टैक्स फ्री कर दी। लेकिन, क्या कंपनियों ने कर्मचारियों की सैलरी बढ़ाई? क्या कर्मचारियों की संख्या बढ़ाई?



'आपकी नीतियों ने किसी को तारीफ के काबिल नहीं छोड़ा'

राहुल ने ये भी लिखा, 'मोदी जी, लूट तो आपने और आपके दोस्तों ने की है। देश ने इसे देखा है और आज भी देख रहा है। तारीफ नहीं मिली तो बुरा मान गए? आप कहते हैं कि वे इतने भूखे हैं कि अपना पेट भी नहीं भर सकते। बहुत खूब। पूरा देश जानता है कि यह भूख किसकी है। हवाई अड्डे, बंदरगाह, खदानें, जंगल, बिजली, कोयला, सड़कें- सब कुछ उन्हें सौंप दिया गया। उन्होंने कितनी नौकरियां पैदा कीं? आपकी नीतियों ने किसी को भी तारीफ के काबिल नहीं छोड़ा- न उद्योगपतियों को, न छोटे व्यापारियों को, न महंगाई से जूझ रहे गरीब और मध्यम वर्ग को, और न ही बेरोजगार युवाओं को।'

चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति पर कोर्ट का अलग सुनवाई से इनकार

एजेंसी, नई दिल्ली




सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को एक याचिका पर अलग से सुनवाई करने से इनकार कर दिया। इस याचिका में 2023 के उस कानून पर फिर से विचार करने की मांग की गई थी, जिसके तहत मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) और चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति होती है। दरअसल, इस कानून को चुनौती देने वाले मामले में दो जजों की बेंच ने अलग-अलग राय दी थी। अब इस बंटे हुए फैसले को वापस लेने और मामले पर दोबारा विचार करने की मांग की गई थी। भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) की एक पीठ ने कहा कि 'रीकॉल' (वापसी) आवेदन, और साथ ही रेफरेंस आदेश को चुनौती देने वाली किसी भी याचिका पर, पांच न्यायाधीशों वाली उस संविधान पीठ की ओर से विचार किया जा सकता है, जिसे पहले ही 'मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्त (नियुक्ति, सेवा की शर्तें और कार्यकाल) अधिनियम, 2023' की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई के लिए गठित किया गया है। सीजेआई ने यह भी कहा कि पांच जजों की बेंच 'रिकॉल एप्लीकेशन' (फैसले को वापस लेने की अर्जी) पर तब भी विचार कर सकती है, जब उस बेंच के जजों में से कोई एक रिटायर हो जाए, जिसने वह 'स्प्लिट वर्डिक्ट' दिया था।

एसससीओ फोरम दिल्ली में पहले एससीओ फोरम में पाकिस्तान समेत कई देशों के प्रतिनिधि हुए शामिल

आपसी सहयोग से मजबूत होगा वैश्विक शांति का रास्ता: पीएम

एजेंसी, नई दिल्ली



पीएम मोदी ने दिल्ली के पुराना किला में पहले शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) सिविलाइजेशनल डायलॉग फोरम का उद्घाटन किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि दुनिया इस समय उथल-पुथल के दौर से गुजर रही है। ऐसे में सांस्कृतिक सहयोग और आपसी जुड़ाव से वैश्विक शांति का रास्ता मजबूत हो सकता है।

पीएम ने कहा जब दुनिया में युद्ध और अशांति पर चर्चा हावी है, तब भारत में सभ्यताओं के बीच संवाद हो रहा है। सांस्कृतिक जुड़ाव वैश्विक शांति के लिए जरूरी है। मोदी ने पुराना किला और भारत की सभ्यतागत विरासत का जिक्र करते हुए कहा कि यहां दी जाने वाली प्रेम और एकता की शिक्षाएं प्राचीन होने के साथ-साथ सार्वभौमिक भी हैं।

20 से 22 नवंबर तक चलने वाले इस फोरम में पाकिस्तान के जलवायु परिवर्तन और पर्यावरण समन्वय मंत्री मुसादिक मसूद मलिक समेत कई देशों के प्रतिनिधि शामिल हुए हैं। ऑपरेशन सिंदूर के बाद यह पहली बार है, जब पाकिस्तान का कोई मंत्री भारत आया है। फोरम का आयोजन संस्कृति मंत्रालय और विदेश मंत्रालय मिलकर कर रहे हैं।

फोरम के जरिए नई परंपरा की शुरुआत

पीएम मोदी ने कहा कि एससीओ ने कुछ महीने पहले ही अपनी स्थापना के 25 साल पूरे किए हैं। ऐसे में सांस्कृतिक और सभ्यतागत सहयोग सदस्य देशों के संबंधों को और मजबूती देगा। उन्होंने उम्मीद जताई कि इस फोरम के जरिए एक नई परंपरा की शुरुआत होगी और इसे ऐतिहासिक बनाया जाएगा। पीएम ने दिल्ली के पुराना किला का जिक्र करते हुए कहा कि यह भारत की अद्भुत सांस्कृतिक धरोहर है और इसका इतिहास महाभारत काल तक जाता है। उन्होंने कहा कि इस स्थान पर आयोजित कार्यक्रम में बौद्ध दर्शन की प्रस्तुति और हनुमान जी की यात्रा के जरिए प्रेम और एकता का संदेश दिया गया।

धर्मशाला एयरपोर्ट के विस्तार के साथ विकसित होगी एयरोसिटी : सीएम

कहा- पालमपुर से शिमला और चंडीगढ़ के लिए शुरू होगी हेलिकॉप्टर सेवा, हेलिपोर्ट निर्माण अंतिम चरण में



अनंत ज्ञान

ब्यूरो, धर्मशाला। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि प्रदेश सरकार पर्यटन और हॉस्पिटैलिटी क्षेत्र को बढ़ावा देकर युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित करने की दिशा में कार्य कर रही है। धर्मशाला एयरपोर्ट के विस्तार के साथ एयरोसिटी विकसित करने की योजना है, जिससे आने वाले वर्षों में प्रदेश के युवाओं को अपने ही राज्य में रोजगार के बेहतर अवसर मिलेंगे।

मुख्यमंत्री शुक्रवार को सर्किट हाउस धर्मशाला में धर्मशाला मैराथन-2026 की टी-शर्ट, मेडल और एंथम का विमोचन करने के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने बताया कि कांगड़ा एयरपोर्ट के विस्तार के लिए लगभग 2600 करोड़ रुपये की भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया पूरी कर प्रभावितों को मुआवजा वितरित किया जा चुका है। इस मामले में उच्च न्यायालय ने भी याचिका खारिज कर दी है। सरकार का लक्ष्य अगले पांच से दस वर्षों में इन योजनाओं को धरातल पर उतारना है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में हेलीपोर्ट विकसित करने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। पालमपुर में हेलीपोर्ट का निर्माण अंतिम चरण में है। यहां से चंडीगढ़ और शिमला के लिए हेलीकॉप्टर सेवा शुरू करने की योजना है। इसके अलावा चंबा और धर्मशाला के रक्कड़ में भी हेलीपोर्ट बनाए जा रहे हैं। भविष्य में जिला मुख्यालयों को हेलीपोर्ट से जोड़कर हेली-टैक्सी सेवा शुरू करने का लक्ष्य है।

धर्मशाला मैराथन में 1500 प्रतिभागियों ने करवाया पंजीकरण

मुख्यमंत्री ने कहा कि कांगड़ा को प्रदेश की पर्यटन राजधानी बनाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में शिमला विंटर कार्निवल और 24 से 31 नवंबर तक कांगड़ा वैली कार्निवल आयोजित किया जा रहा है। धर्मशाला मैराथन में देश-विदेश से करीब 1500 प्रतिभागियों ने पंजीकरण करवाया है।

नेगी के समर्थन में उतरे मुख्यमंत्री, भाजपा पर साधा निशाना

विधानसभा में मंत्री जगत सिंह नेगी की टिप्पणी को लेकर मुख्यमंत्री ने उनका समर्थन किया। उन्होंने कहा कि नेगी सच्चाई के साथ अपनी बात रखते हैं और उनकी सेना के प्रति कोई हीन भावना नहीं है। भाजपा इस मामले को बेवजह तूल दे रही है। वहीं, विपक्ष के काम रोको प्रस्तावों पर मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा केवल आरोप लगा रही है, लेकिन उनके समर्थन में दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर रही। सरकार विधानसभा में तथ्यों और दस्तावेजों के साथ जवाब देगी। धर्मशाला की सड़कों के सवाल पर उन्होंने कहा कि मुख्य सड़कें ठीक हैं, जबकि मैकलोडगंज मार्ग की तकनीकी समस्या का समाधान होते ही इसे दुरुस्त किया जाएगा।

शाहपुर में 100 बिस्तर के नागरिक अस्पताल भवन का लोकार्पण

अनंत ज्ञान कोहली, शाहपुर। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने शाहपुर में 11.50 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित 100 बिस्तर क्षमता वाले नागरिक अस्पताल के नए भवन का लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के लिए प्रतिबद्ध है। सरकार ने डॉक्टरों, नर्सों और पैरामेडिकल स्टाफ की उपलब्धता 35 प्रतिशत से बढ़ाकर करीब 70 प्रतिशत कर दी है। डॉक्टरों के 400 पद भरे जा चुके हैं तथा अतिरिक्त स्टाफ नर्सों की नियुक्ति जल्द की जाएगी। उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने मुख्यमंत्री का आभार जताते हुए कहा कि शाहपुर में पुलिस थाना और आईटीआई का निर्माण भी करवाया जा रहा है।

टांडा मेडिकल कॉलेज को मिली 3-टेस्ला एमआरआई मशीन

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, धर्मशाला। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने डॉ. राजेन्द्र प्रसाद राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय टांडा में 23.53 करोड़ रुपये की लागत से स्थापित अत्याधुनिक 3-टेस्ला एमआरआई मशीन जनता को समर्पित की। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस मशीन से मरीजों को बेहतर और उच्च गुणवत्ता वाली जांच सुविधा मिलेगी। इससे जटिल बीमारियों का सटीक निदान संभव होगा। यह संस्थान में स्थापित दूसरी एमआरआई मशीन है। इससे पहले यहां 1.5-टेस्ला एमआरआई मशीन उपलब्ध थी।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार स्वास्थ्य सुविधाओं को लगातार आधुनिक बना रही है। मुख्यमंत्री ने रोबोटिक सर्जरी के लिए आधुनिक उपकरण उपलब्ध करवाने तथा एमआरआई, सीटी स्कैन, अल्ट्रासाउंड और एक्स-रे जांच में प्रतीक्षा अवधि समाप्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने टांडा मेडिकल कॉलेज को 256 स्लाइस सीटी स्कैन मशीन उपलब्ध करवाने का आश्वासन भी दिया।

मुख्यमंत्री की सभा में दो पर्स और मोबाइल चोरी

अनंत ज्ञान कोहली, शाहपुर। सिविल अस्पताल शाहपुर के नवनिर्मित भवन के लोकार्पण पर मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की जनसभा के दौरान जेबकतरों ने भीड़ का फायदा उठाकर दो पर्स और एक मोबाइल फोन चोरी कर लिया। चोरी हुए मोबाइल की कीमत करीब 1 लाख 35 हजार रुपये बताई जा रही है। यह मोबाइल राजकीय महाविद्यालय शाहपुर के प्राचार्य डॉ. विश्वजीत सिंह का था। जानकारी के अनुसार, मुख्यमंत्री की सभा में बड़ी संख्या में लोग पहुंचे थे। इसी दौरान अज्ञात शातिर लोगों के सामान पर हाथ साफ कर फरार हो गए। घटना का पता चलने पर प्रभावित लोगों ने सामान तलाशने का प्रयास किया, लेकिन कोई सफलता नहीं मिली। मामले में शाहपुर पुलिस थाना में शिकायत दर्ज करवाई गई है। हालांकि, अभी तक आरोपियों का कोई सुराग नहीं लग पाया है।

खेलों हिमाचल-चिट्टा मुक्त अभियान के तहत बैजनाथ में होंगी 8 खेल प्रतियोगिताएं

अनंत ज्ञान

जितेन्द्र कौशल, बैजनाथ। हिमाचल प्रदेश सरकार के खेलों हिमाचल-चिट्टा मुक्त अभियान 2026 के सफल आयोजन को लेकर खंड विकास अधिकारी सभागार बैजनाथ में उपमंडल स्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता एसडीएम संकल्प गौतम ने की। इस दौरान प्रतियोगिताओं के आयोजन और आवश्यक व्यवस्थाओं को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।

एसडीएम ने बताया कि अभियान के तहत उपमंडल स्तर पर क्रिकेट, कुश्ती, वॉलीबॉल, एथलेटिक्स, रस्साकशी, बैडमिंटन, हॉकी और कबड्डी सहित आठ खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। इनमें 15 से 30 वर्ष आयु वर्ग के युवक-युवतियां भाग ले सकेंगे। स्कूलों के विद्यार्थियों के अलावा ग्राम पंचायतों के युवा खिलाड़ी भी अपनी प्रतिभा दिखा सकेंगे। उन्होंने सभी स्कूलों और युवाओं से 30 नवंबर 2026 तक आधिकारिक वेबसाइट khelo himachal. hp.gov.in पर ऑनलाइन पंजीकरण करवाने की अपील की। पंजीकरण पूरी तरह निःशुल्क रहेगा। बैठक में तहसीलदार रमन ठाकुर, बीडीओ डॉ. विवेक गुलेरिया, बीएमओ डॉ. गुरमीत कटोच, नायब तहसीलदार स्वतंत्र नायर, युवा सेवा एवं खेल विभाग से सुरेंद्र मोहन सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और स्कूल प्रतिनिधि उपस्थित रहे।



विजेताओं को मिलेगी नकद पुरस्कार राशि

एसडीएम ने बताया कि उपमंडल स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले को 51 हजार, द्वितीय स्थान पर 41 हजार तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले को 31 हजार रुपये की पुरस्कार राशि दी जाएगी। उपमंडल स्तर पर विजेता खिलाड़ी जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं में भाग लेंगे। इसके बाद उत्कृष्ट खिलाड़ियों का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए किया जाएगा। उन्होंने कहा कि खेल युवाओं को सकारात्मक दिशा देने और उन्हें नशे जैसी सामाजिक बुराई से दूर रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस अभियान का उद्देश्य खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के साथ चिट्टा मुक्त हिमाचल का संदेश जन-जन तक पहुंचाना है।

मलांदर में महिला की मौत पर बाल कल्याण समिति ने लिया संज्ञान

अनंत ज्ञान

- मां का साया उठने के बाद तीन बच्चियों के संरक्षण की चिंता, सीडब्ल्यूसी ने मांगी रिपोर्ट

ब्यूरो, धर्मशाला। जिला कांगड़ा के थुरल क्षेत्र के अंतर्गत मलांदर (बछवाई) गांव में 37 वर्षीय सुषमा देवी की जहरीली वस्तु के सेवन के बाद उपचार के दौरान हुई मृत्यु के मामले में जिला बाल कल्याण समिति (सीडब्ल्यूसी) कांगड़ा ने स्वत: संज्ञान लिया है। महिला अपने पीछे तीन नाबालिग बेटियां छोड़ गई हैं, जो यूकेजी, दूसरी और चौथी कक्षा में पढ़ती हैं। मां की मृत्यु के बाद बच्चियों की सुरक्षा और भविष्य को लेकर समिति ने गंभीरता दिखाई है।

समिति ने इस संबंध में पुलिस अधीक्षक कांगड़ा, जिला बाल संरक्षण अधिकारी तथा चाइल्ड हेल्पलाइन कांगड़ा को ई-मेल के माध्यम से पत्र भेजकर विस्तृत स्टेटस रिपोर्ट मांगी है। इसके अलावा पुलिस थाना थुरल से भी दूरभाष के माध्यम से संपर्क कर घटना और पुलिस कार्रवाई की जानकारी मांगी गई है।

समिति ने संबंधित विभागों से पूछा है कि तीनों बच्चियां वर्तमान में किसकी देखरेख में हैं तथा उनके भरण-पोषण, शिक्षा और सुरक्षित भविष्य के लिए क्या व्यवस्था की गई है। साथ ही बच्चियों को पारिवारिक और प्रशासनिक स्तर पर मिल रहे संरक्षण की जानकारी भी मांगी गई है।

सीडब्ल्यूसी अध्यक्ष विक्रमजीत शर्मा ने कहा कि मां का साया उठना बच्चों के जीवन में बेहद पीड़ादायक स्थिति होती है। ऐसे समय में उन्हें आर्थिक सहायता के साथ भावनात्मक सहयोग, सुरक्षित वातावरण और निरंतर देखभाल की आवश्यकता होती है। उन्होंने कहा कि समिति संबंधित विभागों के साथ समन्वय बनाकर तीनों बच्चियों की सुरक्षा, शिक्षा, संरक्षण और पुनर्वास सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। समिति का प्रयास रहेगा कि इस कठिन परिस्थिति में बच्चियों को उचित देखभाल और सुरक्षित भविष्य मिल सके।

शाहपुर अस्पताल भाजपा सरकार की देन, कांग्रेस ने सिर्फ उद्घाटन का फट्टा लगाया : सरवीण

अनंत ज्ञान, शाहपुर। पूर्व मंत्री एवं भाजपा नेत्री सरवीण चौधरी ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के शाहपुर दौरे और सिविल अस्पताल के उद्घाटन पर निशाना साधा। प्रेस वार्ता में उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार के चार साल के कार्यकाल में शाहपुर को कोई नई योजना या विकास परियोजना नहीं मिली है। सरकार भाजपा के समय शुरू हुए कार्यों का श्रेय लेने में जुटी है।

सरवीण चौधरी ने कहा कि शाहपुर अस्पताल को 100 बिस्तरों का बनाने और भवन निर्माण के लिए करीब 12 करोड़ 8 लाख रुपये का प्रावधान पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर के कार्यकाल में किया गया था। कल्याडा में स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का निर्माण भी भाजपा सरकार की देन है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार ने भाजपा कार्यकाल में स्तरोन्नत किए गए कई स्वास्थ्य संस्थानों का दर्जा घटाया और आयुर्वेदिक डिस्पेंसरियां बंद कर दीं। उन्होंने मुख्यमंत्री से सवाल किया कि शाहपुर की जनता को केवल उद्घाटन नहीं, बल्कि बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं, विशेषज्ञ डॉक्टर और नई विकास परियोजनाएं चाहिए।

जीजीडीएसडी महाविद्यालय में 27वें हिम-आईसीएफ कॉन्क्लेव का शुभारंभ



अनंत ज्ञान

अजय पाल, पालमपुर। गोस्वामी गणेश दत्त सनातन धर्म महाविद्यालय, राजपुर में 27वें राष्ट्रीय वार्षिक हिम-आईसीएफ कॉन्क्लेव-2026 का शुभारंभ हुआ। इंडियन कॉलेजेस फोरम और सोसाइटी फॉर एजुकेशन एंड इकोनॉमिक डेवलपमेंट के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित सम्मेलन का विषय 'इंडस्ट्री 6.0 के युग में उच्च शिक्षा' रहा।

उद्घाटन सत्र में सरदार पटेल विश्वविद्यालय मंडी के कुलपति प्रो. ललित कुमार अवस्थी मुख्य अतिथि तथा डॉ. देश बंधु विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। प्रो. अवस्थी ने कहा कि आधुनिक शिक्षा में कृत्रिम बुद्धिमत्ता और उन्नत तकनीकों का समावेश जरूरी है, लेकिन तकनीक मानवीय बुद्धिमत्ता एवं मूल्यों का विकल्प नहीं बन सकती। उन्होंने कौशल विकास, शोध, नवाचार और रोजगारपरक शिक्षा पर जोर दिया।

सम्मेलन में उच्च शिक्षा में डिजिटल बदलाव, मानव-मशीन युग के लिए विद्यार्थियों की तैयारी तथा महाविद्यालयों को शोध केंद्र के रूप में विकसित करने जैसे विषयों पर चर्चा हुई। देशभर से आए शिक्षाविदों और शोधकर्ताओं ने भी विचार साझा किए।

न्यूज ब्रीफ

वेदव्यास परिसर बलाहर में राष्ट्रीय पुस्तकालय सप्ताह का समापन, विद्यार्थियों को किया प्रेरित

अनंत ज्ञान, परागपुर। केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के वेदव्यास परिसर, बलाहर में राष्ट्रीय पुस्तकालय सप्ताह का समापन समारोह गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में केंद्रीय विश्वविद्यालय के पुस्तकालय एवं सूचना विभाग के अध्यक्ष प्रो. शिवराम राव ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम का आयोजन विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. श्रीनिवास बरखेड़ी के संरक्षण तथा पुस्तकालयाध्यक्ष डॉ. पी.एम. गुप्ता के सहयोग से किया गया। परिसर की निदेशक प्रो. सत्यम कुमारी के मार्गदर्शन एवं सह-निदेशक प्रो. मंजुनाथ एसजी की उपस्थिति में समारोह संपन्न हुआ। इस अवसर पर वक्ताओं ने पुस्तकालयों को ज्ञान, शोध और व्यक्तित्व विकास का महत्वपूर्ण केंद्र बताते हुए विद्यार्थियों को नियमित अध्ययन और पुस्तकें पढ़ने की आदत विकसित करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने ज्ञान के संरक्षण और पुस्तक संस्कृति को बढ़ावा देने पर जोर दिया।

रैली निकालकर दिया सड़क सुरक्षा का संदेश

अनंत ज्ञान, शाहपुर राजकीय महाविद्यालय शाहपुर में शुक्रवार को सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रोड सेफ्टी क्लब एवं राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित रैली का नेतृत्व डॉ. श्वेता कोहली और डॉ. केशव कौशल ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विश्वजीत सिंह ने की। रैली के दौरान विद्यार्थियों ने हेलमेट पहनने, सीट बेल्ट लगाने, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करने और तेज गति से वाहन न चलाने का संदेश दिया। रैली महाविद्यालय के मुख्य द्वार से शुरू होकर भन्यार गांव तक निकाली गई। इसमें विद्यार्थियों के साथ शिक्षकों ने भी भाग लिया। रैली का उद्देश्य आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना और सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए सुरक्षित वाहन संचालन का संदेश देना रहा।

बगोड़ा में मनाया खाटू श्याम जी का जन्मोत्सव

अनंत ज्ञान, अजय पाल, पालमपुर। बगोड़ा में गोपाल सेवा समिति की ओर से श्री खाटू श्याम जी का जन्मोत्सव श्रद्धा और धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सैकड़ों श्रद्धालुओं ने यज्ञ में आहुतियां डालकर बाबा के दरबार में शीश नवाया और आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम में बाबा की चौकी का आयोजन किया गया, जिसमें सुरजीत सिंह गुज्जर और राजवीर सिंह ने भजनों से माहौल भक्तिमय बना दिया। वहीं, गायक राज जैरी ने अपना लोकप्रिय गीत प्रस्तुत किया तो श्रद्धालु झूमने और गाने लगे। कार्यक्रम के अंत में विशाल भंडारा लगाया गया। समिति के संस्थापक अध्यक्ष पुरोहित संदीप शर्मा ने सभी श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त किया।

विज्ञान और पर्यावरण संरक्षण का महत्व जाना

अनंत ज्ञान कोहली, शाहपुर। एटीसी शाहपुर में 18 से 20 नवंबर तक तीन दिवसीय राष्ट्रीय प्रकृति शिविर आयोजित किया गया। इसमें जिला कांगड़ा के विभिन्न सरकारी विद्यालयों के 45 विद्यार्थियों और 10 एस्कॉर्ट अध्यापकों ने भाग लिया। शिविर का उद्देश्य विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच, प्रकृति प्रेम और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। इस दौरान विद्यार्थियों ने धर्मशाला स्थित हिमाचल प्रदेश विधानसभा, गमरू सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट, डल झील, दलाई लामा मंदिर परिसर, आईटीआई शाहपुर और कांगरी डैम का शैक्षणिक भ्रमण किया। विद्यार्थियों को विधानसभा की कार्यप्रणाली, जल संरक्षण, अपशिष्ट प्रबंधन, तकनीकी शिक्षा और पर्यावरण से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं। समापन अवसर पर सभी प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र वितरित किए गए। शिविर को सफल बनाने में वैज्ञानिक अधिकारी सुनंदा पठानिया, रीनू जसवाल, सुमन कुमारी और अन्य कर्मचारियों का विशेष योगदान रहा।

अब 30 तक कर सकते हैं छात्रवृति के लिए आवेदन

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला। उप शिक्षा निदेशक कांगड़ा ने जिला के समस्त राजकीय व निजी वरिष्ठ माध्यमिक व उच्च, पाठशालाओं के प्रधानाचार्य, मुख्याध्यापकों को जानकारी दी है कि शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए नैशनल स्कॉलरशिप पोर्टल पर समस्त छात्रवृति योजनाओं के पात्र विद्यार्थियों द्वारा ऑनलाइन आवेदन भरने की अंतिम तिथि बढ़ाकर अब 30 नवंबर कर दी है। उन्होंने बताया कि इन छात्रवृति आवेदनों का स्कूल स्तर पुनः सत्यापन तथा आवश्यक सुधार करने के लिए 8 दिसंबर तक की अवधि दी गई है। उन्होंने जिला के समस्त विद्यालयों के प्रधानाचार्य, मुख्याध्यापकों को निर्देश दिए हैं कि वे अपने स्तर पर सभी आवेदनों का समयबद्ध सत्यापन सुनिश्चित करें, ताकि कोई भी पात्र विद्यार्थी छात्रवृति के लाभ से वंचित न रहे।

अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ ने मनाया 61वां स्थापना दिवस, जेसीसी बुलाने की उठाई मांग



अनंत ज्ञान

- धर्मशाला में जुटे 300 से अधिक कर्मचारी, एकजुटता और अधिकारों की लड़ाई का लिया संकल्प

ब्यूरो, धर्मशाला। हिमाचल प्रदेश अराजपत्रित कर्मचारी सेवाएं महासंघ का 61वां स्थापना दिवस प्रयास भवन, धर्मशाला में धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। प्रदेशाध्यक्ष त्रिलोक ठाकुर की अध्यक्षता में आयोजित समारोह में प्रदेश के विभिन्न जिलों से 300 से अधिक कर्मचारियों एवं पदाधिकारियों ने भाग लिया।

कार्यक्रम में प्रदेश महासचिव राजीव चौहान, वरिष्ठ उपाध्यक्ष ध्रुव सिंह भूरिया, उपाध्यक्ष एलडी चौहान, पबना राणा और संजीव भारद्वाज सहित विभिन्न जिलों के अध्यक्ष एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे। समारोह को संबोधित करते हुए प्रदेशाध्यक्ष त्रिलोक ठाकुर ने महासंघ के 61 वर्षों के संघर्ष और उपलब्धियों को याद किया। वक्ताओं ने कर्मचारियों की एकजुटता पर जोर देते हुए कहा कि संगठन की मजबूती ही उनके अधिकारों की असली ताकत है।

इस दौरान प्रदेश सरकार से कर्मचारियों की लंबित मांगों के समाधान के लिए जल्द संयुक्त सलाहकार समिति (जेसीसी) की बैठक बुलाने की मांग की गई। कार्यक्रम का आयोजन जिला कांगड़ा कार्यकारिणी ने किया। जिला अध्यक्ष अश्विनी कुमार पालिया और सिटी यूनिट अध्यक्ष मनजीत सिंह उर्फ हैप्पी की भूमिका की प्रदेश नेतृत्व ने सराहना की तथा आयोजन में सहयोग देने वाली पूरी टीम का आभार जताया।

'खेलो हिमाचल 2026' के लिए 30 तक करें पंजीकरण : एसडीएम

अनंत ज्ञान, अजय पाल, पालमपुर। 'नशा मुक्त हिमाचल' अभियान के तहत आयोजित होने वाली खेल प्रतियोगिता 'खेलो हिमाचल 2026' को लेकर पालमपुर में उपमंडल स्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता एसडीएम डॉ. ओपी यादव ने की। इसमें विभिन्न सरकारी एवं निजी शिक्षण संस्थानों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

एसडीएम ने सभी संस्थानों को निर्देश दिए कि इच्छुक छात्र-छात्राओं का पंजीकरण 30 नवंबर 2026 से पहले सुनिश्चित करें। प्रतियोगिता में 15 से 30 वर्ष आयु वर्ग के महिला एवं पुरुष खिलाड़ी निःशुल्क भाग ले सकते हैं। पंजीकरण आधिकारिक वेबसाइट पर किया जा सकता है। प्रतियोगिता में क्रिकेट, वॉलीबॉल, एथलेटिक्स, कुश्ती, रस्साकशी, बैडमिंटन, हॉकी और कबड्डी सहित आठ खेल शामिल हैं। इनके सुचारू आयोजन के लिए अलग-अलग नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। एसडीएम ने बताया कि उपमंडल स्तर के विजेताओं को नकद पुरस्कार दिए जाएंगे और उनका चयन जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए होगा। राज्य स्तर पर प्रथम पुरस्कार के रूप में 31 लाख तक की इनामी राशि जीतने का अवसर है।

सेना के शौर्य पर टिप्पणी करने वाले मंत्री नेगी देश से माफी मांगें : परमार



अनंत ज्ञान

राकेश डोगरा, डरोह। संगठनात्मक जिला पालमपुर में भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा की प्रदेश कार्यसमिति बैठक आयोजित हुई। इसमें भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं सुलह के विधायक विपिन सिंह परमार ने मुख्य रूप से शिरकत की। बैठक में अनुसूचित जाति समाज के अधिकारों, सामाजिक समरसता और संगठन की मजबूती पर चर्चा की गई।

इस दौरान विपिन परमार ने ऑपरेशन सिंदूर पर विधानसभा में मंत्री जगत सिंह नेगी की टिप्पणी को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए उनसे देशवासियों से सार्वजनिक रूप से माफी मांगने की मांग की। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना का शौर्य और बलिदान पूरे देश का गौरव है। सैन्य अभियानों पर गैर-जिम्मेदाराना टिप्पणी सैनिकों के सम्मान और मनोबल को ठेस पहुंचाती है।

परमार ने प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर भी निशाना साधते हुए कहा कि लगभग चार वर्षों के कार्यकाल में सरकार अपने चुनावी वादे पूरे करने में विफल रही है। बेरोजगार युवा रोजगार, कर्मचारी वित्तीय लाभ और किसान-बागवान अपनी समस्याओं के समाधान की प्रतीक्षा कर रहे हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे कांग्रेस सरकार की नीतियों और अधूरे वादों को तथ्यों के साथ जनता के बीच उठाएं। उन्होंने कहा कि अनुसूचित जाति समाज के सम्मान और अधिकारों की रक्षा भाजपा की प्राथमिकता है। कार्यकर्ता गांव-गांव जाकर संगठन को मजबूत करें और जनसेवा के संकल्प के साथ आगे बढ़ें।

एनपीएस संचय योजना से किसानों को मिलेगी वृद्धावस्था में वित्तीय सुरक्षा : डॉ. अभिषेक जैन

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला। होटल डी-पोलो धर्मशाला में पेंशन निधि विनियामक एवं विकास प्राधिकरण के मार्गदर्शन में एनपीएस संचय योजना पर आउटरीच एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें प्रदेश के प्रधान वित्त सचिव डॉ. अभिषेक जैन ने मुख्य वक्ता के रूप में शिरकत की। डॉ. जैन ने कहा कि किसानों, ग्रामीण उद्यमियों और असंगठित क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए वृद्धावस्था में वित्तीय सुरक्षा बेहद जरूरी है। नियमित बचत और सही वित्तीय नियोजन से भविष्य की आर्थिक जरूरतों को सुरक्षित किया जा सकता है।

कार्यक्रम में विशेषज्ञों ने राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) की विशेषताओं, निवेश विकल्पों, योजना से जुड़ने की प्रक्रिया और दीर्घकालिक बचत के लाभों की जानकारी दी। प्रतिभागियों की शंकाओं का समाधान भी किया गया। इस अवसर पर पीएनबी, यूको बैंक, नाबार्ड, कृषि एवं बागवानी विभाग के प्रतिनिधियों सहित किसानों, ग्रामीण उद्यमियों और कॉमन सर्विस सेंटर संचालकों ने भाग लिया।

एचपीएसओएस परीक्षाओं के लिए निजी स्कूल 30 नवंबर तक करें आवेदन

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला। हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने मार्च 2027 में आयोजित होने वाली हिमाचल प्रदेश राज्य मुक्त विद्यालय (एचपीएसओएस) परीक्षाओं के लिए निजी विद्यालयों एवं संस्थानों को परीक्षा केंद्र बनाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

बोर्ड अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने बताया कि इच्छुक निजी विद्यालय एवं संस्थान परीक्षा केंद्र के रूप में नामित होने के लिए 30 नवंबर, 2026 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि आवेदन प्रक्रिया 1 नवंबर से शुरू हो चुकी है तथा निर्धारित अवधि के भीतर आवेदन करने पर किसी प्रकार का विलंब शुल्क नहीं देना होगा।

बोर्ड अध्यक्ष ने उन सभी निजी विद्यालयों एवं संस्थानों से अपील की है, जिन्होंने अभी तक आवेदन नहीं किया है, वे निर्धारित समय सीमा के भीतर बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया पूरी कर लें। उन्होंने कहा कि इच्छुक संस्थान इस अवसर का लाभ उठाएं और अंतिम तिथि का इंतजार किए बिना समय रहते आवेदन सुनिश्चित करें।

ढुगियारी पंचायत के वार्ड-3 के ग्रामीणों को मिलेगी पेयजल समस्या से राहत : मोंगरा



अनंत ज्ञान

आशीष दमीर, कांगड़ा। ग्राम पंचायत ढुगियारी के वार्ड नंबर-3 में एपीएमसी कांगड़ा, प्रदेश कांग्रेस ओबीसी विभाग एवं बीस सूत्रीय कार्यक्रम के अध्यक्ष चौधरी नरेंद्र निशु मोंगरा ने विद्युत चालित हैंडपंप मोटर का विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर पंचायत प्रधान निशा सहित कई गणमान्य ग्रामीण उपस्थित रहे।

निशु मोंगरा ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश सरकार हर घर तक स्वच्छ पेयजल और बुनियादी सुविधाएं पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। नई सुविधा से वार्ड-3 के लोगों को पेयजल समस्या से राहत मिलेगी।

उन्होंने स्थानीय विधायक पर निशाना साधते हुए कहा कि 1500 रुपये की बात करने वालों को पहले अपने 15 वर्षों के कार्यकाल का हिसाब देना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि महिलाओं को वर्षों तक केवल आश्वासन दिए गए।

उन्होंने कहा कि कांगड़ा विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस एकजुट है और प्रदेश सरकार बिना किसी भेदभाव के विकास कार्य करवा रही है।

एससी-एसटी समुदाय ने तपोवन में खोला मोर्चा

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला। हिमाचल प्रदेश विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दौरान शुक्रवार को एससी-एसटी समुदाय के लोगों ने अपनी मांगों को लेकर तपोवन में जोरदार प्रदर्शन किया। जोरावर स्टेडियम में आयोजित महासम्मेलन के बाद विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी और समुदाय के प्रतिनिधि मुख्यमंत्री से मुलाकात करने के लिए विधानसभा परिसर की ओर रवाना हुए। हालांकि, पुलिस ने बैरिकेड लगाकर उन्हें रास्ते में ही रोक दिया।

प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि एससी-एसटी समुदाय के कल्याण एवं विकास के लिए निर्धारित निधि का कथित तौर पर दूसरे कार्यों में इस्तेमाल किया जा रहा है। उन्होंने इस मामले की निष्पक्ष जांच करवाने, बजट खर्च का पूरा हिसाब सार्वजनिक करने और निधि का पैसा समुदाय के विकास पर ही खर्च करने की मांग उठाई। इसके अलावा समुदाय के अधिकारों की सुरक्षा के लिए एससी-एसटी एक्ट बनाने की मांग भी उठाई गई। प्रदर्शनकारी मुख्यमंत्री से मुलाकात किए बिना वापस लौटने को तैयार नहीं थे। स्थिति को देखते हुए पुलिस ने मौके पर भारी बल तैनात किया और बैरिकेडिंग कर प्रदर्शनकारियों को विधानसभा की ओर बढ़ने से रोक दिया।

द्रोणाचार्य कॉलेज रैत में मेडिटेशन रूम का शुभारंभ, मानसिक स्वास्थ्य को मिलेगा बढ़ावा



अनंत ज्ञान

रैत। द्रोणाचार्य शिक्षण महाविद्यालय रैत में विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के मानसिक स्वास्थ्य, आत्मिक शांति और सकारात्मक सोच को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मेडिटेशन रूम का विधिवत उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चारण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ।

इस अवसर पर बीके महेश डोगरा ने मुख्य अतिथि तथा बीके सुनीता ने विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की। महाविद्यालय प्रबंधन ने अतिथियों को शॉल एवं टोपी पहनाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का आयोजन संवेदना क्लब, द्रोणा फिट मिशन और संजीवनी क्लब के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। मुख्य अतिथि बीके महेश डोगरा ने ब्रेन साइंस,

मुख्यमंत्री के जवाब के दौरान सदन में हंगामा

अनंत ज्ञान ब्यूरो, तपोवन। हिमाचल प्रदेश विधानसभा के शीतकालीन सत्र के पांचवें दिन सदन की कार्यवाही शुरू होते ही नियम-67 के तहत हुई चर्चा को लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच टकराव देखने को मिला। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू जब इस चर्चा पर सदन में अपना जवाब देने के लिए खड़े हुए तो विपक्ष ने चर्चा जारी रखने की मांग उठाई और नारेबाजी शुरू कर दी।

◆नारेबाजी करते हुए वेल में पहुंचे विपक्षी विधायक

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर के नेतृत्व में भाजपा विधायक नारेबाजी करते हुए सदन के वेल में पहुंच गए। इस दौरान विपक्षी विधायकों ने मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री के सामने पहुंचकर भी नारेबाजी जारी रखी। भाजपा विधायकों ने प्रदेश सरकार और राजस्व मंत्री के खिलाफ जमकर नारे लगाए। वहीं, सदन में हंगामे और विपक्ष की नारेबाजी के बीच मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने अपना संबोधन जारी रखा। शीतकालीन सत्र के पांचवें दिन इस घटनाक्रम के चलते सदन का माहौल काफी गरमाया रहा।

सेना और ऑपरेशन सिंदूर पर टिप्पणी को लेकर विपक्ष का सदन से वॉकआउट

धरने पर बैठे भाजपा विधायक, जयराम बोले- सेना का अपमान किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, धर्मशाला। हिमाचल प्रदेश विधानसभा के शीतकालीन सत्र में भारतीय सेना और ऑपरेशन सिंदूर को लेकर राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी की कथित टिप्पणी पर विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। शुक्रवार को भी इस मुद्दे पर सदन में हंगामा हुआ। भाजपा विधायक दल ने हाथों में तख्तियां लेकर मंत्री के खिलाफ प्रदर्शन किया और उनके इस्तीफे की मांग उठाई। इसके बाद विपक्ष ने सदन से वॉकआउट कर बाहर धरना दिया।

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने मीडिया से बातचीत में कहा कि विधानसभा में मंत्री की ओर से भारतीय सेना और ऑपरेशन सिंदूर को लेकर की गई टिप्पणी बेहद आपत्तिजनक है। उन्होंने आरोप लगाया कि मंत्री ने राफेल विमान और ऑपरेशन सिंदूर को लेकर ऐसी भाषा का इस्तेमाल किया, जो देश की सेना के सम्मान के खिलाफ है। जयराम ठाकुर ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से संबंधित मंत्री को तत्काल मंत्रिमंडल से बर्खास्त करने की मांग की। जयराम ठाकुर ने कहा कि भाजपा को लेकर मंत्री चाहे जो टिप्पणी करें, उससे विपक्ष को आपत्ति नहीं है, लेकिन भारतीय सेना और देश की सुरक्षा से जुड़े अभियानों पर इस तरह की टिप्पणी स्वीकार नहीं की जा सकती। उन्होंने कहा कि विपक्ष लगातार मांग कर रहा है कि मंत्री के बयान को विधानसभा की कार्यवाही से हटाया जाए और उन्हें सदन में अपनी टिप्पणी के लिए माफी मांगनी चाहिए। नेता प्रतिपक्ष ने विधानसभा अध्यक्ष की ओर से मामले का रिकॉर्ड देखने के बाद निर्णय लेने के आश्वासन का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि विपक्ष इस मामले को सदन में उठाता रहेगा। जयराम ठाकुर ने मुख्यमंत्री पर मंत्री का बचाव करने का आरोप लगाते हुए कहा कि मुख्यमंत्री को इस पूरे मामले पर स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए और संबंधित मंत्री के खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिए।



ऑपरेशन सिंदूर में राफेल विमान को नुकसान पहुंचने और गलवान का जिक्र किए जाने संबंधी सवाल पर जयराम ठाकुर ने मंत्री से अपने दावों के समर्थन में प्रमाण देने को कहा। उन्होंने दावा किया कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय सेना ने पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों और एयरबेस को निशाना बनाकर प्रभावी कार्रवाई की थी। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना का सम्मान देश के प्रत्येक नागरिक के लिए सर्वोपरि होना चाहिए। जयराम ठाकुर ने स्पष्ट किया कि जब तक इस मामले में उचित कार्रवाई नहीं होती, विपक्ष अपना विरोध जारी रखेगा। उन्होंने कहा कि भाजपा विधायक दल सदन के भीतर भी इस मुद्दे को उठाएगा और सेना के सम्मान से जुड़े इस विषय पर अपना पक्ष रखता रहेगा।

विधानसभा में गूंजे शिक्षक हित और सड़क पुनर्निर्माण के मद्दे

अनंत ज्ञान

◆विधायक डीएस ठाकुर ने संकुल व्यवस्था की अधिसूचना वापस लेने और आपदा प्रभावित सड़कों के लिए मांगा जवाब

राहुल सहगल, धर्मशाला/डल्हौजी। डल्हौजी के विधायक डीएस ठाकुर ने विधानसभा के शीतकालीन सत्र में प्राथमिक शिक्षकों की नई संकुल व्यवस्था और आपदा से क्षतिग्रस्त सड़कों का मुद्दा उठाया।

विधायक ने 23 सितंबर 2025 को जारी नई संकुल व्यवस्था संबंधी अधिसूचना का विरोध करते हुए इसे वापस लेने की मांग की। उन्होंने कहा कि प्राथमिक शिक्षक शिक्षा व्यवस्था की मजबूत नींव हैं। उनके अधिकारों, सम्मान और व्यावहारिक समस्याओं की अनदेखी नहीं होनी चाहिए। सरकार को अधिसूचना के प्रभावों पर विचार कर शिक्षकों की चिंताओं का शीघ्र समाधान करना चाहिए।



वहीं, डल्हौजी क्षेत्र में आपदा से क्षतिग्रस्त सड़कों के पुनर्निर्माण और मरम्मत का मामला भी विधानसभा में उठाया। उन्होंने प्रश्न के माध्यम से केंद्र सरकार की ओर से आपदा के बाद आवश्यकताओं के आकलन के तहत स्वीकृत पीडीएनए धनराशि के इस्तेमाल का ब्योरा मांगा।

डीएस ठाकुर ने कहा कि आपदा राहत और पुनर्निर्माण के लिए उपलब्ध धनराशि का पारदर्शी एवं समयबद्ध उपयोग होना चाहिए। डल्हौजी क्षेत्र की क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत और पुनर्निर्माण को प्राथमिकता दी जाए, ताकि प्रभावित लोगों को बेहतर सड़क सुविधा मिल सके।

उन्होंने कहा कि शिक्षा, सड़क और विकास से जुड़े जनहित के मुद्दों को विधानसभा में लगातार उठाते रहेंगे।

तपोवन में फिर डॉक्टर बने विधायक जनकराज, लोगों की उमड़ी भीड़

अनंत ज्ञान

तपोवन। शीतकालीन विधानसभा सत्र के दौरान भरमौर-पांगी के विधायक डॉ. जनकराज एक बार फिर अपने चिकित्सकीय अंदाज को लेकर चर्चा में हैं। तपोवन विधानसभा परिसर में उन्होंने मरीजों की मेडिकल पर्चियां, एक्स-रे और सीटी स्कैन रिपोर्ट देखकर उनकी स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं सुनीं और चिकित्सकीय परामर्श दिया। इस दौरान उन्होंने जरूरत के अनुसार दवाइयां भी लिखीं।

विधायक से स्वास्थ्य संबंधी सलाह लेने के लिए विधानसभा परिसर में लोगों की भीड़ जुटी रही। कई लोग अपनी पुरानी मेडिकल रिपोर्ट और पर्चियां लेकर पहुंचे। डॉ. जनकराज ने उपलब्ध रिपोर्ट के आधार पर उनकी समस्याओं को समझा और उचित सलाह दी।



गौरतलब है कि मरीजों की जांच और चिकित्सकीय परामर्श को लेकर डॉ. जनकराज पहले भी राजनीतिक चर्चा में रहे हैं। मुख्यमंत्री सुक्खू भी इस मुद्दे पर उन पर निशाना साध चुके हैं। कुछ महीने पहले नादौन में आयोजित मेडिकल कैंप के दौरान भी उनकी भूमिका चर्चा में रही थी। डॉ. जनकराज हिमाचल प्रदेश के जाने-माने न्यूरो सर्जन रहे हैं। विधायक बनने के बाद भी उनका चिकित्सकीय अनुभव लोगों के काम आ रहा है।

'हिमाचल ऑन सेल' के आरोपों पर सदन में हंगामा

जयराम ठाकुर बोले-हाईकोर्ट के फैसले ने जमीनों की खरीद-फरोख्त पर लगाए विपक्ष के आरोपों को दी मजबूती

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, तपोवन। हिमाचल विधानसभा के शीतकालीन सत्र में शुक्रवार को नियम 67 के तहत विपक्ष की ओर से लाए गए स्थगन प्रस्ताव पर जमकर हंगामा हुआ। विपक्ष ने प्रदेश सरकार पर भ्रष्टाचार और सरकारी संपत्तियों को बेचने का आरोप लगाते हुए इसे 'हिमाचल ऑन सेल' करार दिया।



नेता प्रतिपक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने मीडिया से बातचीत में कहा कि प्रदेश में जमीनों की खरीद-फरोख्त को लेकर विपक्ष लगातार सवाल उठा रहा है। हाईकोर्ट के हालिया फैसले ने भी इन मामलों की गंभीरता को उजागर किया है। उन्होंने बताया कि सोलन में जमीनों की खरीद-फरोख्त से जुड़े मामलों में हाईकोर्ट ने धारा 118 के तहत अनुमति की प्रक्रिया की न्यायिक जांच के निर्देश दिए हैं। जयराम ठाकुर ने आरोप लगाया कि पालमपुर कृषि विश्वविद्यालय की 3000 कनाल से अधिक जमीन बेचने की औपचारिकताएं पूरी कर ली गई थीं। वहीं, पीटरहॉफ और गगल एयरपोर्ट के समीप 100 बीघा से अधिक जमीन की बिक्री के मामले में कथित जाली दस्तावेज सामने आने के बावजूद सरकार ने कार्रवाई नहीं की।

उन्होंने इलेक्ट्रिक बसों की खरीद, पेखूबेला सोलर परियोजना, स्मार्ट क्लासरूम पर 142 करोड़ रुपए के खर्च, पीडीएनए की धनराशि और सड़क निर्माण कार्यों में कथित अनियमितताओं के आरोप भी लगाए। उन्होंने कहा कि कई जगह काम पूरा होने से पहले ही बिल पारित किए जा रहे हैं और राजनीतिक संरक्षण में टेंडर आवंटित हो रहे हैं।

नेता प्रतिपक्ष ने आरोप लगाया कि विपक्ष के तीन से चार विधायकों को सदन में अपनी बात रखने का अवसर नहीं दिया गया। दो विधायकों को बोलने देने की मांग भी स्वीकार नहीं हुई। मुख्यमंत्री के जवाब के दौरान इसी मुद्दे पर सदन में गतिरोध पैदा हुआ। उन्होंने कहा कि विपक्ष की आवाज दबाने का प्रयास किया जा रहा है और इसके लिए सरकार जिम्मेदार है।

जयराम ठाकुर ने मंत्री जगत सिंह नेगी की सेना और ऑपरेशन सिंदूर को लेकर की गई टिप्पणी पर भी कड़ा ऐतराज जताया। उन्होंने मंत्री से तत्काल इस्तीफा देने की मांग की। साथ ही कहा कि इस्तीफा नहीं देने पर मुख्यमंत्री उन्हें मंत्रिमंडल से बर्खास्त करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि विपक्ष इन मुद्दों को आगामी विधानसभा कार्यवाही में भी प्रमुखता से उठाएगा।

भारतीय सेना पर हमें हमेशा गर्व रहेगा, उसी की वजह से हैं सुरक्षित : विक्रमादित्य सिंह

अनंत ज्ञान



ब्यूरो, तपोवन। हिमाचल प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने भारतीय सेना और देश के सुरक्षा बलों के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए कहा कि भारतीय सेना पर पूरे देश को गर्व है और सेना के सम्मान को राजनीति से ऊपर रखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि रक्षा उपकरणों की खरीद एक अलग विषय है, लेकिन भारतीय सेना के योगदान और उसके शौर्य पर किसी तरह की टिप्पणी करना उचित नहीं है।

पत्रकारों से बातचीत के दौरान राफेल सौदे और सेना को लेकर दिए गए राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी के कथित बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि उन्हें इस बयान के बारे में जानकारी नहीं है, लेकिन भारतीय सेना के संबंध में कुछ भी कहना उनके लिए उचित नहीं होगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि रक्षा उपकरणों की खरीद करना या न करना अलग विषय है, जबकि सेना का सम्मान सर्वोपरि है।विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि आज हम धौलाधार की शांत वादियों में सुरक्षित हैं, तो इसका श्रेय भारतीय सेना के जवानों को जाता है, जो सीमाओं पर दिन-रात देश की रक्षा में तैनात रहते हैं। उन्होंने कहा कि एक भारतीय, हिंदुस्तानी और हिमाचली होने के नाते उन्हें थल सेना, वायुसेना, नौसेना और अर्धसैनिक बलों पर गर्व है। यह गर्व पहले भी था, आज भी है और हमेशा रहेगा। वहीं, जब पत्रकारों ने उनसे इस्तीफे की मांग को लेकर सवाल किया तो उन्होंने इस पर कोई टिप्पणी नहीं की और अनभिज्ञता जताते हुए सवाल को टाल दिया।

सरकार की ओर से पेश किए गए सात विधेयकों में से कुछ पर भाजपा की आपत्ति

अनंत ज्ञान

◆रणधीर शर्मा बोले, सरकार बहुमत के दम पर थोप रही कर्मचारी विरोधी फैसले

ब्यूरो, तपोवन। हिमाचल प्रदेश विधानसभा के शीतकालीन सत्र में सरकार की ओर से पेश किए गए सात विधेयकों में से कुछ विधेयकों को लेकर भाजपा ने कई आपत्तियां उठाई हैं।

भाजपा विधायक रणधीर शर्मा ने आरोप लगाया कि सरकार बहुमत के दम पर ऐसे फैसले ले रही है, जिनका आम जनता और कर्मचारियों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। उन्होंने मालवाहक वाहनों पर पर्यावरण उपकर लगाने, कर्मचारियों की पदोन्नति और हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय से जुड़े संशोधनों पर सरकार की मंशा पर सवाल उठाए। रणधीर शर्मा ने कहा कि मालवाहक वाहनों पर पर्यावरण उपकर लगाने से परिवहन लागत बढ़ेगी, जिसका सीधा असर माल भाड़े और अंततः आम जनता पर पड़ेगा। भाजपा ने सदन में इस विधेयक का विरोध किया, लेकिन सरकार ने बहुमत के आधार पर इसे पारित करवा दिया।



कर्मचारियों से जुड़े विधेयक पर उन्होंने कहा कि अनुबंध सेवाकाल को नियमितीकरण के बाद पदोन्नति और वित्तीय लाभों के लिए जोड़ने के मामले में सरकार नया संशोधन लेकर आई है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार पहले भी इस संबंध में विधेयक लाई थी, जिस पर न्यायालय से उसे राहत नहीं मिली। अब नए प्रावधानों में वरिष्ठता के साथ अनुभव को शामिल करने की बात कही जा रही है, जिससे कर्मचारियों के बीच असमंजस पैदा होगा। भाजपा के संशोधनों को स्वीकार नहीं किया गया और विधेयक पारित कर दिया गया। तकनीकी विश्वविद्यालय से जुड़े संशोधन पर सवाल उठाते हुए शर्मा ने कहा कि कुलपति की अधिकतम आयु सीमा 65 से बढ़ाकर 70 वर्ष करना उचित नहीं है।

उन्होंने आरोप लगाया कि यह बदलाव किसी व्यक्ति विशेष को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से किया गया है। वहीं, प्रति-कुलपति की नियुक्ति के लिए तीन नाम भेजने के प्रावधान को बदलकर तीन से अधिक नाम नहीं करने पर भी उन्होंने आपत्ति जताई। उनके अनुसार, इससे चयन प्रक्रिया में योग्यता और पारदर्शिता प्रभावित हो सकती है।

हालांकि, रणधीर शर्मा ने स्पष्ट किया कि भाजपा ने सभी विधेयकों का विरोध नहीं किया। जमीनों पर रास्ते बनाने की प्रक्रिया आसान करने, सुखाश्रय योजना और विभागों की अनुपयोगी पड़ी सरकारी संपत्तियों को वापस सरकार के अधीन लाने से जुड़े विधेयकों पर विपक्ष ने आपत्ति नहीं जताई। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार के इन संशोधनों से कर्मचारियों के हित प्रभावित होंगे और नियुक्तियों में योग्यता व आरक्षण से जुड़े पहलुओं की अनदेखी की जा रही है।

10 गारंटियां पूरी करो, वरना सीएम आवास का होगा घेराव

कांग्रेस सरकार को आम आदमी पार्टी ने दिया एक महीने का अल्टीमेटम

अनंत ज्ञान

◆मनीष सिसोदिया और ऋतुराज गोविंद ने जोरावर स्टेडियम के बाहर किया प्रदर्शन

◆सड़क पर बैठकर जताया विरोध, पुलिस ने विधानसभा मार्ग पर लगाए बैरिकेड

ब्यूरो, धर्मशाला। हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस सरकार की चुनावी गारंटियों को लेकर सियासी घमासान तेज हो गया है। आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता मनीष सिसोदिया और हिमाचल प्रदेश प्रभारी ऋतुराज गोविंद ने आप समर्थकों सहित कांग्रेस सरकार को एक महीने का अल्टीमेटम दिया है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि एक महीने के भीतर चुनाव के दौरान जनता से किए गए दस वादे पूरे नहीं किए गए तो आम आदमी पार्टी मुख्यमंत्री आवास का घेराव करेगी।

शुक्रवार को विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दौरान आम आदमी पार्टी ने जोरावर स्टेडियम के गेट के पास कांग्रेस सरकार के खिलाफ मोर्चा खोला। मनीष सिसोदिया और ऋतुराज गोविंद की अगुवाई में पार्टी कार्यकर्ता सड़क पर बैठ गए और सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। इस दौरान चुनावी समय में दी गई दस गारंटियों को पूरा करने की मांग उठाएगी। वहीं, पुलिस ने विधानसभा का रास्ता पहले ही बैरीगेट से बंद किया हुआ था पुलिस पहले ही मुस्तैद दिखी।



'आप' नेताओं ने कहा कि कांग्रेस ने हिमाचल प्रदेश की जनता से चुनाव के समय दस गारंटियां देने का वादा किया था। आज सरकार को सत्ता में आए काफी समय हो गया है, लेकिन जनता को इन वादों का पूरा लाभ नहीं मिला है। हम सरकार को एक महीने का समय दे रहे हैं। यदि एक महीने में दसों गारंटियां पूरी नहीं हुईं तो आम आदमी पार्टी चुप नहीं बैठेगी और मुख्यमंत्री आवास का घेराव करेगी।

प्रदर्शन के दौरान पुलिस प्रशासन ने विधानसभा की ओर जाने वाले रास्ते पर बैरिकेड लगाकर आवाजाही रोक दी। आम आदमी पार्टी के नेता और कार्यकर्ता कुछ देर तक सड़क पर बैठकर विरोध जताते रहे। इसके बाद प्रदर्शनकारी वापस लौट गए, लेकिन सरकार को आंदोलन तेज करने की चेतावनी दे गए।

तिब्बती संसद के प्रतिनिधिमंडल ने विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप पठानिया से की शिष्टाचार भेंट

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, धर्मशाला। निर्वासित तिबतियन संसद के प्रतिनिधिमण्डल ने स्पीकर डोलमा सेरिंग की अध्यक्षता में विधासभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया से अपराह्न 2:00 बजे उनके कार्यालय कक्ष में शिष्टाचार भेंट की ।

प्रतिनिधिमंडल में निर्वासित तिबतियन संसद के सांसद सदस्य यूंचोक चोडोन, टेन्पा यारफोल, लोपोन थूबन, गेशे हरांपा, गेशे अतोंग रिंचन, चोडक ग्यात्सो तथा यालसन चोकिये शामिल थे। इसके अतिरिक्त प्रतिनिधिमंडल में निर्वासित तिबतियन संसद के वरिष्ठ अधिकारी सेतन कलसांग, तेनजिन पल्जोर, ग्यात्सन गोंपो तथा तेनजिन पाल्दन भी शामिल थे।

इस अवसर पर निर्वासित तिबतियन संसद की स्पीकर डोलमा सेरिंग ने विधान सभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया को पवित्र खाता तथा स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर विधायक संजय रत्न भी मौजूद थे जिन्हें भी खाता भेंट किया।



विधानसभा अध्यक्ष के साथ शिष्टाचार भेंट से पूर्व प्रतिनिधिमंडल ने विशिष्ट दीर्घा से सदन की कार्यवाही को देखा। पठानियां ने अपने आसन से शिष्टमंडल के सदस्यों का नाम सहित उल्लेख करते हुए सदन में मौजूद सदस्यों को उनकी उपस्थिति बारे जानकारी दी।

शिष्टाचार भेंट के दौरान विधानसभा अध्यक्ष ने प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों से पूछा कि उन्हे सदन की कार्यवाही कैसे लगी पर अपना जवाब देते हुए स्पीकर डोलमा ने कहा कि हालांकि, प्रतिपक्ष के सदस्य सदन के अन्दर अपना रोष व विरोध कर रहे थे फिर भी आप मुस्करा कर शांत स्वभाव से सत्र का संचालन कर रहे थे यही आज की सबसे बड़ी सीख है। पठानिया ने कहा कि सदन में सदस्य चर्चा भी करते हैं विरोध भी करते हैं तथा सुझाव भी देते हैं यह उनका अधिकार है। पठानिया ने कहा कि उनका कार्य सदन को निर्विघ्न चलाना है जिस पर कई बार सख्त भी होना पड़ता है, लेकिन हिमाचल प्रदेश विधान सभा की अपनी गरिमा है और सभी सदस्य इससे वाकिफ भी हैं। इस अवसर पर विधान सभा अध्यक्ष ने शिष्टमण्डल के सदस्यों से महामहिम दलाई लामा का कुशलक्षेम भी पूछा।

शीतकालीन सत्र विधानसभा में बिल पास, वीसी का कार्यकाल अब 65 से बढ़कर 70 साल होगा

एचपीटीयू का नाम अब होगा स्वर्गीय राजीव गांधी

अनंत ज्ञान

विक्रम ढटवालिया, तपोवन। हमीरपुर में स्थित हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय का नाम अब स्वर्गीय राजीव गांधी के नाम से होगा। शीतकालीन सत्र में शुक्रवार को सरकार ने तकनीकी विश्वविद्यालय से जुड़ा संशोधन विधेयक पारित कर दिया। इसके अलावा कुलपति के कार्यकाल को अब 65 वर्ष से बढ़ाकर 70 वर्ष करने का भी प्रस्ताव पारित किया गया है।





इस पर विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर और रणधीर शर्मा ने सरकार की मंशा पर सवाल उठाए। रणधीर शर्मा का कहना था कि इससे राजनीतिकरण बढ़ेगा और 65 वर्ष से 70 वर्ष तक कार्यकाल करने की जो योजना है, वह गलत है। उन्होंने कहा कि राजीव गांधी के नाम पर विश्वविद्यालय का नाम रखना ठीक है। यह कांग्रेस सरकार की मंशा हो सकती है। उन्होंने यह भी कहा कि समिति बनाने के मामले को लेकर भी जो संशोधन किया गया है, वह गलत है। अब केवल एक ही नाम राज्यपाल को जाएगा, इससे न्याय नहीं होगा। अब सर्च कमेटी केवल एक ही नाम भेजेगी, यह स्थिति चिंताजनक है। जयराम ठाकुर ने इस प्रस्ताव पर कहा कि देश में कहीं भी ऐसी व्यवस्था नहीं है और 65 से बढ़कर 70 वर्ष की आयु करना बिल्कुल गलत है। हालांकि, तकनीकी शिक्षा मंत्री ने इस मामले पर कहा कि विश्वविद्यालय का कोई राजनीतिकरण नहीं किया जा रहा है और केंद्र सरकार ने देशभर में एक अभियान चलाकर विश्वविद्यालयों का हाल बना रखा है, वह सबके सामने है।

पंचायतीराज व्यवस्था में भी लाया गया विधेयक

पंचायतीराज व्यवस्था में भी एक विधेयक लाया गया और इसमें संशोधन करके पहली बैठक में क्या व्यवस्था रहेगी और दूसरी में क्या होगा, इस पर मंत्री राजेश धर्माणी ने विस्तार से बताया और कहा कि सदन में संख्या को लेकर जो स्थिति बन रही थी, उसी के तहत पंचायत में अब इस नए संशोधन विधेयक के पारित हो जाने से फायदा होगा। अब संख्या का स्वरूप परिवार के एक सदस्य से नहीं होगा, पूरे परिवार का एक मत रहेगा, उसे ही आधार बनाया जाएगा।



राजस्व मंत्री ने भू-राजस्व संशोधन विधेयक किया पेश

राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने भी भू राजस्व संशोधन विधेयक पेश किया, जिसमें भाजपा मैं संशोधन के मामले लेकर कुछ विरोध किया, लेकिन इस दिल को अंततः पास कर दिया गया। भाजपा के रणधीर शर्मा का कहना था कि इस विधेयक का दुरुपयोग न हो, प्रभावशाली लोग इसमें बाधा न डालें, इस पर काम होना चाहिए और इसमें भूमि के अंदर नल की लाइन डालने और बिजली की तारों के खंभे ले जाने के भी मसले शामिल होने चाहिए थे, लेकिन राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा कि इस विधेयक का सीधा मतलब सरेआम और गैर मुमकिन रास्तों पर अवैध कब्जों को हटाने की दृष्टि से किया गया है। इसका पंचायत में विकास को लेकर लाभ होगा और लोगों को भी सहूलियत मिलेगी।



भूमि अर्जन पुनर्वासन विधेयक भी पेश

हिमाचल भूमि अर्जन पुनर्वासन स्थापन विधेयक भी पेश किया गया और मुख्यमंत्री ने इस पर कहा कि प्रदेश की कुल जमीन का केवल 27 फ़ीसदी हिस्सा ही मौजूदा आबादी के लिए है, इसलिए इस विधेयक के पारित होने से वह जमीन वापस होगी, जिन पर भाखड़ा ब्यास प्रबंधन मंडल या दूसरी कंपनियों का किसी तरह से कब्जा है। इस जमीन की वापसी पर बेसहारा परिवारों को फायदा होगा। जिनके पास जमीन नहीं है, उन्हें इसके दायरे में लाया जाएगा।

बेसहारा बच्चों का सहारा बनेगी सरकार

चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट सामाजिक सुरक्षा से जुड़ा हुआ बिल भी पास किया गया, इसमें मुख्यमंत्री ने बताया कि बच्चों के पैदा होने से 14 साल तक की उम्र तक हजार रुपया प्रतिमाह दिया जाएगा। उसके खाते में जमा होगा और फिर 18 साल सरकार अढ़ाई हजार रुपए देगी पढ़ाई का खर्चा वर्दी और त्योहारों पर भी अलग से 500-500 रुपए देने का प्रावधान इसमें होगा सरकार ही माता सरकार ही पिता यही इसका उद्देश्य है।

25 को डिपुओं में सेल बंद करने के आदेश सस्ते राशन से वंचित रह सकते हैं उपभोक्ता

अनंत ज्ञान

- अधिकतर डिपुओं में अभी तक नहीं पहुंची राशन की सप्लाई, डिपो संचालक समिति ने जताई चिंता
- पॉश मशीनों में बैकलॉग का विकल्प देने की मांग, ताकि अगले माह मिल सके छूटा हुआ राशन

हमीरपुर। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग ने प्रदेश के सभी डिपो धारकों को 25 नवंबर को राशन की सेल बंद करने के आदेश जारी किए हैं। बताया जा रहा है कि नई पॉश मशीनों के ट्रायल के चलते विभाग ने यह फैसला लिया है। वहीं, प्रदेश के अधिकतर डिपुओं में अभी तक निगम के गोदामों से राशन की सप्लाई नहीं पहुंच पाई है। ऐसे में हजारों उपभोक्ताओं के सस्ते राशन से वंचित रहने की आशंका है।

प्रदेश डिपो संचालक समिति के अध्यक्ष अशोक कवि ने कहा कि कई जिलों में लेबर की कमी और राशन ढुलाई के नए टेंडर नहीं होने के कारण सप्लाई प्रभावित हुई है। कई डिपो संचालक अपनी जेब से किराया खर्च कर राशन लाने को मजबूर हैं।

उन्होंने कहा कि जिन डिपुओं में राशन पहुंच चुका है, वहां भी सर्वर की समस्या के कारण वितरण प्रभावित हो रहा है। उपभोक्ताओं को राशन लेने के लिए घंटों इंतजार करना पड़ रहा है। ऐसे में पांच दिनों के भीतर सभी उपभोक्ताओं को राशन देना मुश्किल है।

अशोक कवि ने सरकार और विभाग से मांग की कि पॉश मशीनों में बैकलॉग का विकल्प उपलब्ध करवाया जाए, ताकि इस माह राशन से वंचित रहने वाले उपभोक्ताओं को अगले महीने उनका राशन मिल सके।

नवजात शिशुओं की जान बचाने के लिए हमीरपुर में जुटे डॉक्टर और नर्सें

21 तक चलेगा विशेष प्रशिक्षण, जीवन रक्षक तकनीकों का दिया जा रहा अभ्यास

अनंत ज्ञान



हमीरपुर। मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय हमीरपुर के सम्मेलन कक्ष में 18 से 21 नवंबर तक फैसिलिटी बेस्ड न्यूबॉर्न केयर के तहत चार दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इसमें जिला के मेडिकल ऑफिसर्स और स्टाफ नर्सों को नवजात शिशुओं की बेहतर एवं जीवनरक्षक देखभाल के लिए प्रशिक्षित किया जा रहा है।

यह प्रशिक्षण मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सतीश कुमार फोतेदार के मार्गदर्शन में आयोजित हो रहा है। डीपीओ डॉ. आकृति अग्निहोत्री और डॉ. नेहा पटियाल प्रशिक्षण समन्वयक की भूमिका निभा रही हैं। टीओटी फैकल्टी में डॉ. पंचम कुमार और डॉ. आशुतोष प्रतिभागियों को प्रशिक्षण दे रहे हैं। प्रशिक्षण के दौरान नवजात पुनर्जीवन, तापमान प्रबंधन, स्तनपान, कम वजन वाले शिशुओं की देखभाल, संक्रमण की रोकथाम, नवजात सेप्सिस, सांस संबंधी समस्याओं और शॉक के प्रबंधन का व्यावहारिक अभ्यास करवाया जा रहा है। इसके अलावा स्किल स्टेशन, डेमोंस्ट्रेशन और केस स्टडी के माध्यम से स्वास्थ्य कर्मियों की दक्षता का आकलन किया जा रहा है।

सीएमओ डॉ. सतीश कुमार फोतेदार ने कहा कि इस प्रशिक्षण का उद्देश्य नवजात शिशुओं में गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं की समय पर पहचान और उचित उपचार सुनिश्चित करना है। इससे स्वास्थ्य कर्मियों की कार्यक्षमता बढ़ेगी और नवजात मृत्यु दर कम करने के प्रयासों को मजबूती मिलेगी।

नादौन कॉलेज के छात्रों ने तपोवन में प्रत्यक्ष देखी विधानसभा की कार्यवाही



अनंत ज्ञान

- मुख्यमंत्री सुक्खू से भी की मुलाकात, शिक्षा और भविष्य को लेकर हुआ संवाद

सोनल, नादौन। सिद्धार्थ राजकीय महाविद्यालय नादौन के राजनीति विज्ञान विभाग के एमए, बीए, बीबीए, बीसीए के विद्यार्थियों और एनएसएस स्वयंसेवकों ने तपोवन धर्मशाला में हिमाचल प्रदेश विधानसभा के शीतकालीन सत्र का शैक्षणिक भ्रमण किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने सदन की कार्यवाही प्रत्यक्ष रूप से देखी और लोकतांत्रिक व्यवस्था को समझा।

विद्यार्थियों ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू से भी मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने उनसे पढ़ाई, पाठ्यक्रमों और शैक्षणिक सुविधाओं के बारे में बातचीत की तथा भविष्य में समाज और प्रदेश के विकास में योगदान देने के लिए प्रेरित किया।

विद्यार्थियों ने प्रश्नकाल, जनहित के मुद्दों और विधायी प्रक्रिया को करीब से समझा। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अनिल कुमार ठाकुर ने इसे ज्ञानवर्धन की महत्वपूर्ण पहल बताया। इस अवसर पर प्रो. रविकांत, डॉ. सरवन, प्रो. आदिका और प्रो. राजेश भी विद्यार्थियों के साथ मौजूद रहे।

जाहू स्कूल में 24 नबंवर से सजेगा राष्ट्रीय सेवा योजना का प्रदेश स्तरीय प्री-आरडी शिविर

अनंत ज्ञान, भोरंज। हमीरपुर जिला के भोरंज उपमंडल के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जाहू में 24 से 28 नवंबर तक एनएसएस का प्रदेश स्तरीय प्री-गणतंत्र दिवस (प्री-आरडी) शिविर आयोजित किया जाएगा। इसमें प्रदेश के छह जोन ऊना, कांगड़ा, मंडी, सोलन, शिमला और चंबा से चयनित करीब 300 स्वयंसेवी भाग लेंगे। एनएसएस जिला हमीरपुर समन्वयक एवं स्कूल में अंग्रेजी प्रवक्ता रामलाल ने बताया कि सभी स्वयंसेविवों का चयन जोन स्तरीय प्रशिक्षण शिविरों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर किया गया है। शिक्षा निदेशालय से निर्देश मिलने के बाद विद्यालय में तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। सभी प्रतिभागियों को 24 नवंबर को दोपहर 1:30 बजे से पहले रिपोर्ट करना होगा।

न्यूज ब्रीफ

स्वयंसेवियों ने संवारा जाहू मेला खेल मैदान



अनंत ज्ञान, भोरंज। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जाहू में 24 से 28 नवंबर तक आयोजित होने वाले प्रदेश स्तरीय एनएसएस प्री-आरडी कैंप की तैयारियां जोर-शोर से शुरू हो गई हैं। स्कूल के स्वयंसेवियों और अध्यापकों ने मिलकर करीब 10 कनाल में फैले जाहू मेला खेल मैदान की साफ-सफाई कर उसे परेड अभ्यास के लिए तैयार किया। इसके अलावा स्कूल परिसर और मैदान तक जाने वाले रास्ते की भी सफाई की गई। शिविर में प्रदेशभर से 150 छात्र और 150 छात्राओं सहित 300 स्वयंसेवी भाग लेंगे। स्कूल मैदान और मेला मैदान में परेड अभ्यास होगा। प्रधानाचार्य सुनीता शर्मा ने कहा कि प्रतिभागियों के रहने, खाने और अन्य सुविधाओं की उचित व्यवस्था की जा रही है। इस दौरान एनएसएस प्रभारी रामलाल सहित अन्य अध्यापक मौजूद रहे।

महिला वॉलीबाल टीम का चयन कल

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। खेलो इंडिया यूथ गेम्ज-2026 के लिए हिमाचल प्रदेश की लड़कियों की अंडर-18 वॉलीबाल टीम के चयन के लिए 22 नवंबर को शिमला जिले के जुब्बल में स्थित खेल छात्रावास में ट्रायल लिए जाएंगे। जिला युवा अधिकारी सन्नी कुमार ने बताया कि 22 नवंबर को सुबह 10 बजे शुरू होने वाले इस ट्रायल में एक जनवरी 2009 को या इसके बाद जन्मीं वॉलीबाल खिलाड़ी भाग ले सकती हैं। इच्छुक खिलाड़ियों को अपने साथ आधार कार्ड की सत्यापित फोटोकॉपी, दो पासपोर्ट साइज फोटो, मैट्रिक प्रमाण पत्र और कम से कम पांच वर्ष पूर्व अर्थात एक जनवरी 2021 को या उससे पहले नगर निकाय या ग्राम पंचायत द्वारा जारी आयु प्रमाण पत्र लाना होगा।

भारत की अस्मिता, गरिमा व भारतीय सेना का बार-बार अपमान कांग्रेस की आदत: अनुराग

अनंत ज्ञान

- कहा- सेना पर दुर्भाग्यपूर्ण बयान पर माफी नहीं मांगी तो जनता करेगी आंदोलन

विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर। सांसद अनुराग ठाकुर ने हिमाचल विधानसभा में कांग्रेस नेता जगत सिंह नेगी के भारतीय सेना को लेकर दिए गए दुर्भाग्यपूर्ण बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि भारत की अस्मिता, गरिमा और भारतीय सेना का बार-बार, लगातार अपमान कांग्रेस पार्टी की आदत बन चुका है और जगत नेगी को अपने इस बयान के लिए सेना और देश से माफी मांगनी चाहिए।



अनुराग ने कहा कि एक तरफ मोदी जी भारतीय सेना की हौसला अफजाई के लिए उनके साथ हर कदम पर खड़े नजर आते हैं तो वहीं दूसरी तरफ कांग्रेसी नेता अपने शीर्ष नेतृत्व की खुशामद में सेना का मनोबल तोड़ने का अवसर तलाशते रहते हैं। हिमाचल सरकार में मंत्री जगत सिंह नेगी ने सेना को लेकर जो बयान दिया है, ये इसी प्रवृत्ति का हिस्सा है। राहुल गांधी राफेल को लेकर, ऑपरेशन सिंदूर को लेकर, भारतीय सेना का अपमान करते रहे हैं और पाकिस्तान का गुणगान करते रहे हैं। हिमाचल विधानसभा में, कांग्रेस के मंत्री ने भारतीय सेना के खिलाफ आपत्तिजनक बयान दिया है, सेना का अपमान किया है।

अनुराग ने कहा कि कांग्रेसी मंत्री का भारतीय सेना के खिलाफ बयान अति निंदनीय है, जिसकी जितनी भर्त्सना की जाए कम है। कांग्रेस दिमागी नक्सलियों की वो टोली बन गई है, जो देश की सेना को गाली देकर, अपनी राजनीति चमकाना चाहती है। आखिर बार-बार भारतीय सेना के शौर्य पर सवाल उठा कर, उनका मनोबल तोड़ कर कांग्रेस हासिल क्या करना चाहती है? सेना के प्रति अपने इस ओछे बयान के लिए जगत सिंह नेगी को, हिमाचल कांग्रेस के नेतृत्व को और कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व को अविलंब भारतीय सेना और देश से माफी मांगनी चाहिए।

अनुराग ने कहा कि हिमाचल में कांग्रेस के नेताओं में मंत्रीपद पाने की होड़ और मंत्रीपद खोने का डर इतना फैला हुआ है कि मुख्यमंत्री को कोई पूछ ही नहीं रहा। हर कोई राहुल गांधी को खुश करने में जुटा है। हर कोई ये साबित करने में जुटा है कि उसमें राहुल गांधी जैसे गुण हैं। मंत्री जगत सिंह नेगी ने सेना को लेकर जो बयान दिया है, ये इसी प्रवृत्ति का हिस्सा है।

राहुल गांधी राफेल को लेकर, ऑपरेशन सिंदूर को लेकर, भारतीय सेना का अपमान करते रहे हैं और पाकिस्तान का गुणगान करते रहे हैं। उसी तरह अब विधानसभा में, कांग्रेस के मंत्री ने भारतीय सेना का अपमान किया है। अगर कांग्रेस ने इस घटना पर माफी नहीं मांगी तो हिमाचल की जनता ऐसा आंदोलन शुरू करेगी कि कांग्रेस सेना का अपमान करना भूल जाएगी।

ब्लॉक कांग्रेस ने 2027 के लिए कसी कमर

मासिक बैठक में 11 दिसंबर की रैली के लिए भी बनाई रणनीति

अनंत ज्ञान



हमीरपुर। ब्लॉक कांग्रेस हमीरपुर की मासिक बैठक शुक्रवार को ब्लॉक अध्यक्ष सुनील कुमार की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस बैठक में संगठन की मजबूती और वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव की तैयारियों के साथ-साथ प्रदेश सरकार की चौथी वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित की जाने वाली विशाल रैली के लिए व्यापक चर्चा की गई।

प्रदेश सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं और चार साल की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए सभी पदाधिकारियों ने बूथ स्तर पर अभियान चलाने और अधिक से अधिक लोगों को पार्टी से जोड़ने का निर्णय लिया, ताकि अगले वर्ष होने वाले विधानसभा चुनाव में हमीरपुर की सीट को कांग्रेस की झोली में डाला जा सके।

पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार सुनील शर्मा बिट्टू द्वारा आरंभ किए गए जन समस्या निवारण अभियान की सराहना की और कहा कि इससे ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों की कई छोटी-छोटी समस्याओं का त्वरित निपटारा हो रहा है।

अध्यक्ष सुनील कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने हमीरपुर के लिए कई बड़ी परियोजनाएं मंजूर की हैं। हमीरपुर में प्रदेश के सबसे बड़े बस अड्डे का निर्माण कार्य अंतिम चरण में है। वर्तमान बस अड्डे की जगह सिटी सेंटर का निर्माण कार्य भी शुरू कर दिया गया है। जसकोट में हैलीपोर्ट का निर्माण कार्य भी अंतिम चरण में है। पार्टी पदाधिकारियों ने इन सभी परियोजनाओं के लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया।

बैठक में जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुमन भारती, एपीएमसी के अध्यक्ष अजय शर्मा, पार्टी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष मनोहर लाल कानूनगो, डॉ. आरसी डोगरा, शहनशाह, राजेश चौधरी, राजेश आनंद, अनिल चौधरी, टोनी ठाकुर, ओपी शर्मा, करतार चंद, सुरेश कुमार, साक्षी, मनोज शर्मा, अनिल श्याम, रजत राणा, निशांत शर्मा और अन्य नेताओं ने भी भाग लिया।

निर्वाचन साक्षरता प्रतियोगिता में हमीरपुर कॉलेज के चार विद्यार्थियों ने टॉप-10 में बनाई जगह



अनंत ज्ञान

- निबंध लेखन और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में विद्यार्थियों का शानदार प्रदर्शन
- प्राचार्य डॉ. संगीता सिंह ने उपलब्धि पर दी बधाई

हमीरपुर। नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्मारक राजकीय महाविद्यालय हमीरपुर के चार विद्यार्थियों ने जिला स्तरीय निर्वाचन साक्षरता प्रतियोगिता में टॉप-10 में स्थान हासिल कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया है। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार निर्वाचन विभाग हिमाचल प्रदेश द्वारा आयोजित यह प्रतियोगिता 18 नवंबर को बॉयज सीनियर सेकेंडरी स्कूल हमीरपुर में हुई।

महाविद्यालय स्तर पर आयोजित निबंध लेखन प्रतियोगिता में बीए द्वितीय वर्ष की मेघना राणा ने प्रथम तथा पायल ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वहीं, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में साक्षी कौशल ने प्रथम और अंकित ने द्वितीय स्थान हासिल किया।

महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. संगीता सिंह ने सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं युवाओं में लोकतांत्रिक चेतना और मतदान के प्रति जागरूकता बढ़ाती हैं।

निर्वाचन साक्षरता क्लब के समन्वयक प्रो. हरकंवल स्वरूप शर्मा ने बताया कि प्रतियोगिताओं के मूल्यांकन में निर्णायक मंडल की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इसमें प्रो. प्रशांत, डॉ. संजीव, प्रो. राजिंदर दर, डॉ. अमित, प्रो. संजय और प्रो. अरुण लाल शामिल रहे। इन प्रतियोगिताओं का उद्देश्य युवाओं को मतदान के महत्व, मतदाता अधिकारों और लोकतांत्रिक प्रक्रिया के प्रति जागरूक करना है।

प्रदेश सरकार के चार साल का कार्यकाल रहा स्वर्णिम: रंजीत

अनंत ज्ञान

चार वर्षों में हर वर्ग के लिए लिए फैसले



विधायक ने कहा कि सरकार ने कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन बहाल की, महिलाओं के कल्याण के लिए योजनाएं शुरू कीं और युवाओं के लिए रोजगार के अवसर पैदा करने के प्रयास किए। इसके अलावा किसानों और बागवानों के हित में फैसले लिए गए तथा आपदा के दौरान प्रदेश को संभालने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए गए। उन्होंने कहा कि कठिन आर्थिक परिस्थितियों के बावजूद मुख्यमंत्री ने प्रदेश के विकास को गति देने का प्रयास किया है। कैप्टन रंजीत ने सुजानपुर की जनता सहित प्रदेशवासियों से समारोह में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की।

सुजानपुर। प्रदेश की कांग्रेस सरकार के चार साल का कार्यकाल स्वर्णिम रहा है। सरकार ने इन चार वर्षों में हर वर्ग के कल्याण और प्रदेश के विकास को प्राथमिकता देते हुए अनेक महत्वपूर्ण फैसले लिए हैं। यह बात विधायक कैप्टन रंजीत ने कही। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने सरकार के चार साल पूरे होने का भव्य समारोह सुजानपुर के ऐतिहासिक मैदान में आयोजित करने की घोषणा की है।

कैप्टन रंजीत ने कहा कि मुख्यमंत्री की यह घोषणा सुजानपुर के लिए ऐतिहासिक है। घोषणा के बाद कार्यक्रम की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। प्रशासन और कांग्रेस कार्यकर्ता समारोह को सफल बनाने में जुट गए हैं। मैदान को भव्य रूप दिया जाएगा तथा प्रदेशभर से हजारों लोग इसमें भाग लेंगे। उन्होंने कहा कि यह समारोह केवल जश्न तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि सरकार के चार वर्षों की उपलब्धियों को जनता के सामने रखने का अवसर भी होगा। इसमें जनकल्याणकारी योजनाओं, विकास कार्यों और भविष्य की योजनाओं की जानकारी दी जाएगी।

ऑपरेशन सिंदूर पर टिप्पणी तथ्यों के विपरीत, सशस्त्र बलों के शौर्य का होना चाहिए सम्मान: पटियाल

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। भाजपा पूर्व सैनिक प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक कर्नल अभिषेक पटियाल ने विधानसभा में प्रदेश के बागवानी मंत्री द्वारा ऑपरेशन सिंदूर को लेकर की गई टिप्पणी पर गहरी निराशा व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि भारतीय सशस्त्र बलों के शौर्य, पराक्रम और सैन्य उपलब्धियों का सम्मान होना चाहिए।



कर्नल पटियाल ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर भारतीय सेना की सटीक सैन्य रणनीति, साहस और पेशेवर दक्षता का उदाहरण है। 7 मई 2025 को भारतीय सशस्त्र बलों ने पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत जम्मू-कश्मीर में स्थित नौ आतंकवादी ठिकानों को निशाना बनाया था। उन्होंने कहा कि 10 मई 2025 को पाकिस्तान के डीजीएमओ ने स्वयं भारत के डीजीएमओ से संपर्क कर सैन्य कार्रवाई और गोलीबारी रोकने का अनुरोध किया था। उनके अनुसार, यह घटनाक्रम भारतीय सैन्य कार्रवाई के प्रभाव को दर्शाता है। कर्नल पटियाल ने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा जैसे संवेदनशील विषयों पर राजनीतिक मतभेदों से ऊपर उठकर जिम्मेदारी और तथ्यों के आधार पर बात होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि पूर्व सैनिकों ने अपना जीवन देश की सीमाओं की रक्षा में समर्पित किया है। सेना के शौर्य और बलिदान का सम्मान पूरे राष्ट्र के गौरव का विषय है।

बड़सर में पेयजल पाइपों की कमी पर लखनपाल ने सरकार से मांगा जवाब

अनंत ज्ञान

- सरकार का दावा-बजट में पाइपों की कमी नहीं, विभाग के चक्कर काट रही जनता

एसके ठाकुर, बड़सर। बड़सर विधानसभा क्षेत्र में पेयजल पाइपों की उपलब्धता का मुद्दा विधायक इंद्रदत्त लखनपाल ने विधानसभा के शीतकालीन सत्र में उठाया। उन्होंने जल शक्ति विभाग से जुड़े इस मामले में सरकार और विभाग के दावों के बीच विरोधाभास पर सवाल खड़े किए।



विधायक ने पूछा कि जब सरकार का कहना है कि बड़सर में पेयजल पाइपों की कोई कमी नहीं है और इसके समर्थन में आंकड़े भी प्रस्तुत किए गए हैं, तो विभागीय कार्यालयों में पहुंचने वाले लोगों को पाइप उपलब्ध न होने की बात कहकर वापस क्यों भेजा जा रहा है? क्या विभागीय स्तर पर जनता को सही जानकारी नहीं दी जा रही या इसके पीछे कोई अन्य कारण है?

उन्होंने सवाल उठाया कि कहीं राजनीतिक द्वेष के चलते आम लोगों को परेशान तो नहीं किया जा रहा? उन्होंने सरकार से स्थिति स्पष्ट करने और जनता को राहत देने की मांग की। वहीं, जल शक्ति विभाग बड़सर के अधिशासी अभियंता हर्ष शर्मा ने बताया कि सरकार द्वारा संचालित सरकारी योजनाओं के तहत पेयजल पाइप उपलब्ध रहती हैं। निजी नलों के लिए पहले जल जीवन मिशन (जेजेएम) के तहत पाइप दी जाती थीं, लेकिन अब यह योजना बंद हो चुकी है।

ऐसे में सरकारी योजनाओं और निजी कनेक्शनों को लेकर विभाग की व्यवस्था अलग होने की बात सामने आई है। अब सवाल यह है कि सरकार द्वारा प्रस्तुत आंकड़ों और आम जनता को विभागीय कार्यालयों में मिल रहे जवाब के बीच तालमेल कैसे बनेगा, ताकि लोगों को अनावश्यक परेशानी न उठानी पड़े।

एनआईटी में राष्ट्रीय कुलसचिव सम्मेलन शुरू

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) हमीरपुर में 20 और 21 नवंबर को दो दिवसीय राष्ट्रीय कुलसचिव सम्मेलन का शुभारंभ हुआ। करीब 19 वर्षों बाद आयोजित इस सम्मेलन में देशभर के एनआईटी और केंद्र द्वारा वित्त पोषित तकनीकी संस्थानों के कुलसचिव एवं वरिष्ठ अधिकारी भाग ले रहे हैं। कार्यक्रम का शुभारंभ वंदे मातरम् और दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। शिक्षा मंत्रालय की उच्च शिक्षा विभाग की सचिव दीप्ति गौर मुखर्जी ऑनलाइन माध्यम से मुख्य अतिथि के रूप में जुड़ीं। एनआईटी निदेशक प्रो. एच.एम. सूर्यवंशी ने प्रशासनिक पारदर्शिता और निदेशक-कुलसचिव के बीच बेहतर समन्वय पर जोर दिया। कुलसचिव डॉ. अर्चना संतोष नानोटी ने कहा कि सम्मेलन से संस्थानों को श्रेष्ठ कार्यप्रणालियां साझा करने का अवसर मिलेगा। मुख्य अतिथि दीप्ति गौर मुखर्जी ने कहा कि कुलसचिव संस्थान की प्रशासनिक व्यवस्था की महत्वपूर्ण कड़ी हैं। उन्होंने शिकायतों के प्रति संवेदनशीलता, समयबद्ध कार्रवाई और पारदर्शिता बनाए रखने पर बल दिया। इस अवसर पर शिक्षा मंत्रालय के उप सचिव हीरा लाल, अवर सचिव रंजीत और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्य सचिव डॉ. ललित वर्मा सहित कई उपस्थित रहे।

हैप्स हीरानगर में विद्यार्थियों को नशे व सड़क सुरक्षा के प्रति किया जागरूक



अनंत ज्ञान

हमीरपुर। हिम अकादमी पब्लिक स्कूल (हैप्स), हीरानगर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण हमीरपुर के सौजन्य से कानूनी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें उप मुख्य विधिक सहायता बचाव परामर्शदाता रणजीत सिंह ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। विद्यालय की प्रधानाचार्य शशि बाला ने उनका स्वागत एवं सम्मान किया।

कार्यक्रम में कक्षा नौवीं से बारहवीं तक के विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों, नशा मुक्त भारत अभियान, नालसा, एनडीपीएस अधिनियम के प्रावधानों तथा स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं। रणजीत सिंह ने सड़क सुरक्षा, रैश ड्राइविंग और मोटर वाहन अधिनियम 1988 के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने, यातायात नियमों का पालन करने और जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने विभिन्न कानूनी विषयों पर सवाल पूछे, जिनका मुख्य अतिथि ने सरल भाषा में जवाब दिया।

प्रधानाचार्य शशि बाला ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों में सामाजिक जागरूकता और कानूनी अधिकारों एवं कर्तव्यों की समझ विकसित करने में सहायक हैं। इस अवसर पर विद्यालय का समस्त अध्यापक वर्ग उपस्थित रहा।

मुलाकात 90 वर्षीय जगदीश गौतम और रतन सिंह कंवर सहित 93 वर्षीय रोशन लाल ने की धूमल से मुलाकात

शिक्षा जगत की चार प्रतिष्ठित हस्तियों का समीरपुर में आत्मीय मिलन

अनंत ज्ञान



- पूर्व सीएम ने पुराने सहयोगियों के शैक्षणिक योगदान को सराहा
- कहा- शिक्षकों का समर्पण समाज की असली ताकत

हमीरपुर। पूर्व मुख्यमंत्री एवं वरिष्ठ भाजपा नेता प्रो प्रेम कुमार धूमल से आज समीरपुर में हमीरपुर जिला के शिक्षा जगत से जुड़ी तीन प्रतिष्ठित हस्तियों ने आत्मीय भेंट की। इनमें गौतम ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट्स के संस्थापक 90 वर्षीय जगदीश गौतम, 90 वर्षीय रतन सिंह कंवर तथा 93 वर्षीय रोशन लाल उदास शामिल रहे। इस मुलाकात की खास बात यह रही कि 90 वर्ष की आयु में भी रतन सिंह कंवर स्वयं गाड़ी चलाकर समीरपुर पहुंचे, जो उनके उत्साह, आत्मविश्वास और सक्रिय जीवनशैली का परिचायक रहा।

इस भेंट का विशेष महत्व इसलिए भी रहा क्योंकि चारों ही व्यक्तित्वों की पृष्ठभूमि शिक्षा जगत से जुड़ी रही है। प्रोफेसर प्रेम कुमार धूमल ने शिक्षक के रूप में अपने सार्वजनिक जीवन की शुरुआत की और बाद में राजनीतिक क्षेत्र में प्रवेश कर दो बार हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में प्रदेश का नेतृत्व किया। वहीं, जगदीश गौतम, रतन सिंह कंवर और रोशन लाल उदास अपने-अपने समय में प्रधानाचार्य के पद से सेवानिवृत्त हुए और शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया।

इस अवसर पर जगदीश गौतम ने अपने लंबे शैक्षणिक अनुभवों को साझा करते हुए कहा कि शिक्षा केवल रोजगार प्राप्त करने का माध्यम नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र के निर्माण की सबसे मजबूत आधारशिला है। उन्होंने शिक्षा के विस्तार और गुणवत्तापूर्ण संस्थानों की स्थापना को समय की सबसे बड़ी आवश्यकता बताया।

रतन सिंह कंवर ने पुराने शैक्षणिक दिनों और शिक्षा के क्षेत्र में आए बदलावों को याद करते हुए कहा कि शिक्षक का वास्तविक सम्मान उसके विद्यार्थियों की उपलब्धियों और उनके संस्कारों में दिखाई देता है। उन्होंने कहा कि जीवन के इस पड़ाव पर भी अपने पुराने साथियों से मिलना और शिक्षा जगत की यादों को साझा करना उनके लिए बेहद सुखद अनुभव है।

रोशन लाल उदास ने कहा कि शिक्षा जगत से जुड़े लोगों के बीच ऐसे आत्मीय मिलन न केवल पुरानी स्मृतियों को ताजा करते हैं, बल्कि नई पीढ़ी को भी शिक्षा, अनुशासन और सामाजिक दायित्वों के प्रति प्रेरित करते हैं।

धूमल ने तीनों वरिष्ठ शिक्षाविदों के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि इन सभी ने अपने जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा विद्यार्थियों के भविष्य को संवारने और समाज को शिक्षित बनाने में समर्पित किया है। उन्होंने कहा कि किसी भी समाज की वास्तविक प्रगति उसके शिक्षकों और शिक्षाविदों के समर्पण से ही संभव होती है। शिक्षा के क्षेत्र में इन तीनों वरिष्ठ व्यक्तित्वों का योगदान आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत बना रहेगा।

न्यूज ब्रीफ

जेएनजीईसी के करण सेना में बने अधिकारी

अनंत ज्ञान, सुंदरनगर। जवाहरलाल नेहरू राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज (जेएनजीईसी), सुंदरनगर के पूर्व एनसीसी कैडेट करण कुमार भारतीय सेना में अधिकारी बनने जा रहे हैं।



उनका चयन टेक्निकल ग्रेजुएट कोर्स (टीजीसी-144) के जनवरी 2027 बैच के लिए हुआ है। उन्होंने अखिल भारतीय मेरिट सूची में चौथा स्थान हासिल कर कॉलेज का नाम रोशन किया है। करण कुमार कॉलेज की एनसीसी इकाई के सक्रिय कैडेट रहे हैं और उन्होंने सीनियर अंडर ऑफिसर (एसयूओ) के रूप में भी जिम्मेदारी निभाई है। एनसीसी के दौरान मिले अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और प्रशिक्षण ने उनकी सफलता में अहम भूमिका निभाई। कॉलेज के निदेशक-सह-प्राचार्य प्रो. राजीव खंडूजा ने करण की उपलब्धि पर खुशी जताते हुए उन्हें बधाई दी और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। वहीं, एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट डॉ. अंकुश शर्मा ने कहा कि करण की सफलता से पूरे संस्थान और एनसीसी इकाई में खुशी का माहौल है। उन्होंने बताया कि कॉलेज के कई एनसीसी कैडेट पहले भी सेना में अधिकारी बन चुके हैं। करण की उपलब्धि ने इस गौरवशाली परंपरा को आगे बढ़ाया है।

चंदेश-मसेरन सड़क मार्ग 21 से 30 तक रहेगा बंद

अनंत ज्ञान, सरकाघाट। लोक निर्माण विभाग के सरकाघाट मंडल द्वारा चंदेश-मसेरन वाया भटोह सड़क मार्ग पर वर्षा से क्षतिग्रस्त हिस्से की मरम्मत तथा रिटेनिंग वॉल के निर्माण कार्य के चलते 21 से 30 नवंबर तक सभी प्रकार के वाहनों की आवाजाही बंद रहेगी। इस संबंध में एसडीएम सरकाघाट कृष्ण कुमार शर्मा ने आदेश जारी किए हैं। उन्होंने बताया कि निर्माण कार्य और आम जनता की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया है। इस दौरान वाहन चालक आवागमन के लिए चंदेश से रखोटा वाया महुनाग वैकल्पिक सड़क मार्ग का उपयोग करें। एसडीएम ने लोक निर्माण विभाग को मार्ग पर उचित स्थानों पर सूचना एवं डायवर्जन बोर्ड लगाने तथा निर्धारित अवधि में निर्माण कार्य पूरा करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही, किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए एक वाहन उपलब्ध रखने को भी कहा गया है।

कोटली कॉलेज में लगी जीवनियों की पुस्तक प्रदर्शनी



अनंत ज्ञान, मंडी/कोटली। राजकीय महाविद्यालय कोटली में राष्ट्रीय पुस्तकालय सप्ताह के समापन पर पुस्तकालय में जीवनवृत्त पुस्तकों की प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। यह जानकारी देते हुए महाविद्यालय में नेशनल डिजिटल लाइब्रेरी क्लब की संयोजक एवं पुस्तकालयाध्यक्ष कविता मल्होत्रा ने बताया कि प्रदर्शनी में महान व्यक्तित्वों, समाज सुधारकों, स्वतंत्रता सेनानियों, वैज्ञानिकों, शिक्षाविदों एवं विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाली हस्तियों के जीवन पर आधारित पुस्तकों को प्रदर्शित किया गया। इन जीवनियों के माध्यम से विद्यार्थियों को महान व्यक्तित्वों के संघर्ष, उपलब्धियों, विचारों और जीवन मूल्यों से परिचित होने का अवसर मिला। इस अवसर पर प्राचार्या देविका वैद्य सहित सभी प्राध्यापकों, गैर-शिक्षक कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया। सभी ने प्रदर्शित पुस्तकों में गहरी रुचि दिखाई। प्रदर्शनी का उद्देश्य विद्यार्थियों को प्रेरणादायक जीवनियों के अध्ययन के लिए प्रोत्साहित करना तथा उनमें पढ़ने की आदत और सकारात्मक जीवन दृष्टिकोण विकसित करना था।

एलआईसी में 100 पदों के लिए साक्षात्कार 25 से

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी। भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी), शाखा सुंदरनगर में बीमा सखी के 50 और रूरल करियर एजेंट के 50 पदों सहित कुल 100 पदों पर भर्ती की जाएगी। जिला रोजगार अधिकारी अरविंद सिंह चौहान ने बताया कि इन पदों के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता दसवीं पास रखी गई है। साक्षात्कार 25 से 27 नवंबर 2026 तक होंगे। उन्होंने बताया कि बीमा सखी पदों के लिए 18 से 65 वर्ष आयु वर्ग की महिलाएं पात्र होंगी। चयनित महिलाओं को निर्धारित लक्ष्य पूरा करने पर पहले वर्ष 7,000, दूसरे वर्ष 6,000 और तीसरे वर्ष 5,000 रुपए प्रतिमाह वजीफा मिलेगा। इसके अलावा पॉलिसी बिक्री पर नियमानुसार कमीशन भी दिया जाएगा। वहीं, रूरल करियर एजेंट पदों के लिए 18 से 35 वर्ष के युवा आवेदन कर सकते हैं। अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के लिए अधिकतम आयु सीमा 40 वर्ष रखी गई है। चयनित अभ्यर्थियों को लक्ष्य पूरा करने पर पहले वर्ष 5,000 और दूसरे वर्ष 4,000 रुपए प्रतिमाह भत्ता मिलेगा। इसके अतिरिक्त पॉलिसी बिक्री पर कमीशन भी दिया जाएगा।

गाहर में ग्रामीणों को बताईं बैंकिंग योजनाएं

अनंत ज्ञान, सरकाघाट। उपमंडल सरकाघाट की ग्राम पंचायत गाहर के अंतर्गत एसपीएस पाठशाला में शुक्रवार को हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी बैंक की चंदेश शाखा ने नाबार्ड के सौजन्य से वित्तीय जागरूकता शिविर का आयोजन किया। शिविर में शाखा प्रबंधक अनिल कुमार और बैंक कर्मचारी नंद लाल ने लोगों को बैंक की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। इस दौरान प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, बचत खाता, फिक्स्ड डिपॉजिट और आरडी सहित अन्य योजनाओं के बारे में जागरूक किया गया। साथ ही किसान क्रेडिट कार्ड, सशक्त महिला ऋण योजना, शिक्षा ऋण और फसल बीमा योजना की जानकारी भी दी गई। विद्यार्थियों को बैंकिंग धोखाधड़ी, केवाईसी और ऑनलाइन फ्रॉड से बचने के उपाय बताए गए। शिविर में पंचायत के ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

चलहर कैंची मोड़-नलासा सड़क मार्ग 5 दिसंबर तक रहेगा बंद

अनंत ज्ञान, सरकाघाट। उपमंडल सरकाघाट के अंतर्गत चलहर कैंची मोड़-सेहल ग्राम नलासा वाया बकारटा सड़क मार्ग पर पाइप पुलिया एवं विंग वॉल निर्माण कार्य के चलते 21 नवंबर से 5 दिसंबर तक सभी प्रकार के वाहनों की आवाजाही बंद रहेगी। उपमंडलाधिकारी (ना.) सरकाघाट कृष्ण कुमार शर्मा ने आदेश जारी किए हैं। उन्होंने लोक निर्माण विभाग को सड़क बंद रहने की अवधि के दौरान उचित स्थानों पर सूचना एवं डायवर्जन बोर्ड लगाने तथा आपातकालीन स्थिति में एंबुलेंस और अग्निशमन वाहनों की आवाजाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

एसपीयू की पहली प्लेसमेंट ड्राइव में दो छात्रों को नौकरी, 3.8 लाख का मिला पैकेज



अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी। सरदार पटेल विश्वविद्यालय (एसपीयू) मंडी में पहली बार कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। इसमें एमबीए के अमनदीप और एमसीए के ऋषभ कुमार का मोहाली की विप्रोनिक्स कंपनी में चयन हुआ। चयन प्रक्रिया में दोनों विभागों के 52 विद्यार्थियों ने भाग लिया। तीन चरणों में हुई चयन प्रक्रिया में एप्टीट्यूड टेस्ट, मशीन लर्निंग राउंड और व्यक्तिगत साक्षात्कार शामिल रहे। चयनित एमबीए विद्यार्थी को दो माह और एमसीए विद्यार्थी को छह माह का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस दौरान उन्हें 13,500 रुपए प्रतिमाह पारिश्रमिक मिलेगा। प्रशिक्षण पूरा होने के बाद दोनों को 3.8 लाख रुपए वार्षिक पैकेज पर नियमित नौकरी मिलेगी। कुलपति प्रो. ललित कुमार अवस्थी ने इसे विश्वविद्यालय के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया। उन्होंने कहा कि रोजगारोन्मुखी शिक्षा और आधुनिक शैक्षणिक सुविधाओं के विकास से विद्यार्थियों को रोजगार के अवसर मिल रहे हैं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप विद्यार्थियों को व्यावहारिक और तकनीकी कौशल प्रदान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भविष्य में विश्वविद्यालय के संबद्ध महाविद्यालयों में भी प्लेसमेंट ड्राइव आयोजित की जाएगी, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों को भी रोजगार के समान अवसर मिल सकें। इस अवसर पर कंपनी के प्रबंध निदेशक हरीश चावला, प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट अधिकारी डॉ. पवन कुमार चंद सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और शिक्षक उपस्थित रहे।

बुढ़ापे में पेंशन का सहारा बनेगी एनपीएस संचय योजना : डीसी

250 रुपए से खुलेगा पेंशन खाता, बुढ़ापे में मिलेगी आर्थिक सुरक्षा

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, मंडी। राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) के तहत आम नागरिकों को बुढ़ापे में आर्थिक सुरक्षा और बेहतर पेंशन सुविधा के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से शुक्रवार को मंडी के रिवर बैंक होटल में जागरूकता कार्यशाला आयोजित की गई। उपायुक्त अपूर्व देवगन ने दीप प्रज्वलित कर कार्यशाला का शुभारंभ किया।



इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को भविष्य की आर्थिक सुरक्षा के लिए पेंशन योजनाओं से जुड़ना चाहिए। एनपीएस संचय योजना असंगठित एवं अनौपचारिक क्षेत्र में कार्यरत लोगों के लिए बेहतर विकल्प है। उन्होंने सीएससी और लोकमित्र केंद्रों के प्रतिनिधियों से सरकारी योजनाओं के आवेदन सावधानीपूर्वक भरने का आह्वान किया, ताकि पात्र लोगों को योजनाओं का लाभ मिल सके।

पंजाब नेशनल बैंक के मंडल प्रमुख सूरज दत्ता ने बताया कि बैंक का लक्ष्य अधिक से अधिक लोगों को एनपीएस संचय योजना से जोड़ना है। कार्यशाला में योजना की विशेषताओं और खाता खोलने की प्रक्रिया की जानकारी दी गई। बताया गया कि 18 से 85 वर्ष आयु वर्ग का कोई भी भारतीय नागरिक इस योजना से जुड़ सकता है। मात्र 250 रुपए से खाता खुलवाया जा सकता है, जबकि न्यूनतम 10 रुपए का अनुवर्ती योगदान किया जा सकता है।

खाता ऑनलाइन ई-एनपीएस पोर्टल, बैंक शाखा, सीएससी और अधिकृत सेवा प्रदाताओं के माध्यम से खोला जा सकता है। योजना की जानकारी के लिए टोल फ्री नंबर 1800 110 708 तथा 56677 पर एनपीएस संचय लिखकर एसएमएस भेजने की सुविधा भी बताई गई।

इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी गोपी चंद पाठक, पीएनबी के लीड जिला प्रबंधक चंदर प्रकाश, राकेश वर्मा, केसी शेखावत, पंकज सूद, शुभम खंडेलवाल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और बैंक प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

प्रशिक्षण के दौरान अग्निवीर साहिल कुमार का निधन, गांव में शोक की लहर

अनंत ज्ञान

भीम बसेड़ू राजपूत, महादेव। लोअर नाचन क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत छात्तर के गांव साई (ग्वाल जरल) के युवा अग्निवीर साहिल कुमार पुत्र रोशन लाल का प्रशिक्षण के दौरान निधन हो गया। इस दुखद समाचार से पूरे गांव एवं क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है।



साहिल कुमार देश सेवा के जज्बे के साथ अग्निवीर के रूप में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे थे। प्रशिक्षण के दौरान अचानक उनकी तबीयत बिगड़ी उन्होंने अंतिम सांस ली। जवान बेटे के असमय निधन से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। माता-पिता, परिजनों सहित पूरे गांव में मातम छाया हुआ है। साहिल के पिता फोर व्हीलर चलाने का कार्य करते हैं तथा साहिल की दो बहनें भी है।

सूचना मिलते ही सुंदरनगर प्रशासन की ओर से नायब तहसीलदार आदित्य गुलेरिया, अनुसूचित जाति जनजाति निगम के चैयरमैन लाल सिंह कौशल, महादेव वृत्त के कानून गो सुरेंद्र ठाकुर, विकास खंड धनोटू विकास खण्ड के एसईवीपीओ मनोज कुमार व पुलिस प्रशासन ने दिवंगत अग्निवीर साहिल कुमार को श्रद्धांजलि अर्पित की। लाल सिंह कौशल अनुसूचित जाति जनजाति निगम के चैयरमैन लाल सिंह कौशल ने शोक संतप्त परिवार से मिलकर संवेदना व्यक्त की और केंद्र सरकार से परिवार को हर संभव सहायता प्रदान करने की मांग की। प्रशासन की ओर से नायाब तहसीलदार आदित्य गुलेरिया ने हर संभव सहायता का आश्वासन दिया।

गांववासियों ने कहा कि साहिल एक होनहार, अनुशासित और मिलनसार युवक था। उसने कम उम्र में ही देश सेवा का सपना देखा था। उसके निधन से गांव ने एक होनहार बेटा खो दिया है।

अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ का 61वां स्थापना दिवस मनाया

प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप ठाकुर ने कर्मचारियों की लंबित मांगों को आगामी बजट सत्र में उठाने का दिया भरोसा

अनंत ज्ञान

कविता, पधर। हिमाचल प्रदेश अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ का 61वां स्थापना दिवस वीरवार को पधर में प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप ठाकुर की अध्यक्षता में धूमधाम से मनाया गया।



समारोह में उपस्थित प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप ठाकुर, पदाधिकारी एवं कर्मचारी नेता।

समारोह में प्रदेशभर के विभिन्न जिलों और विभागों से सैकड़ों कर्मचारियों तथा कर्मचारी संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। समारोह को संबोधित करते हुए प्रदीप ठाकुर ने कहा कि महासंघ पिछले 61 वर्षों से कर्मचारियों के अधिकारों और हितों की रक्षा के लिए संघर्षरत है। कर्मचारियों की समस्याओं और मांगों को मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के समक्ष उठाया जाएगा। उन्होंने भरोसा दिलाया कि आगामी बजट सत्र में लंबित मांगों को पूरा करवाने के लिए आवश्यक वित्तीय प्रावधान का प्रयास किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि रिक्त पदों को भरना, वेतन विसंगतियां दूर करना, 4-9-14 योजना का लाभ, कैशलेस चिकित्सा सुविधा, लंबित महंगाई भत्ता व एरियर का भुगतान, मकान किराया भत्ता, नियमितीकरण और नियुक्ति की तिथि से वरिष्ठता प्रमुख मांगें हैं। इसके अलावा चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति आयु 60 वर्ष करने तथा मल्टी टास्क वर्करों और पंचायत पशु चिकित्सा सहायकों के लिए स्थायी नीति बनाने की मांग भी उठाई जाएगी।

महासचिव भरत शर्मा ने कहा कि कर्मचारियों की एकजुटता ही महासंघ की सबसे बड़ी ताकत है। प्रदीप ठाकुर ने कर्मचारियों से मतभेद भुलाकर संगठन को मजबूत करने का आह्वान किया। इस अवसर पर पूर्व प्रदेश अध्यक्ष लाल सिंह चावला, शमशेर ठाकुर, लेखराज, अमर चंद ठाकुर, बलदेव सहित प्रदेश और जिला स्तर के पदाधिकारी तथा सैकड़ों कर्मचारी मौजूद रहे।

दिव्यांग कल्याण समिति ने दिव्यांगों की समस्याओं को लेकर उठाई आवाज

अनंत ज्ञान

सरकाघाट। हिमाचल दिव्यांग कल्याण समिति ने तहसील कल्याण अधिकारी के सरकाघाट और बलद्वाड़ा कार्यालयों में बैठने के दिन निर्धारित करने की मांग उठाई है। समिति की बैठक में दिव्यांगों और अन्य पेंशनधारकों ने कहा कि दिन तय होने से लोगों को अपनी सुविधा के अनुसार कार्यालय पहुंचने में आसानी होगी।

समिति के प्रदेश महासचिव एवं सामाजिक कार्यकर्ता रमेश चंद भारद्वाज ने उपायुक्त से समिति के पदाधिकारियों को जिला स्तरीय बैठकों में आमंत्रित करने की मांग की, ताकि दिव्यांगों के लिए संचालित कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी समय पर मिल सके। उन्होंने हमीरपुर में आयोजित राज्य स्तरीय दिव्यांग खेलों की सराहना करते हुए कहा कि विभाग की ओर से कई संस्थाओं को इसकी जानकारी नहीं दी गई, जिससे अनेक दिव्यांग भाग लेने से वंचित रह गए। प्रदेशाध्यक्ष हरिदास कौशल ने पंचायत स्तर पर दिव्यांगों के अधिकारों और उनके उत्पीड़न से जुड़े कानूनी प्रावधानों की जानकारी देने का आग्रह किया।

◆ उपायुक्त से जिला स्तरीय बैठकों में पदाधिकारियों को बुलाने का किया आग्रह

वहीं, रमेश चंद भारद्वाज ने दिव्यांगों, बुजुर्गों और विधवाओं की पेंशन में देरी पर सरकार को घेरते हुए कहा कि पेंशनधारकों को समय पर भुगतान और एरियर मिलना चाहिए। उन्होंने जनता के साथ भेदभावपूर्ण रवैया अपनाने पर सवाल उठाए।

वित्तीय साक्षरता शिविर में 65 लोग हुए लाभान्वित



अनंत ज्ञान

ब्यूरो, मंडी। हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी बैंक की सौलीखड्ड शाखा द्वारा नाबार्ड के सौजन्य से मझवाड़ गांव में एक दिवसीय वित्तीय साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। इसमें बैंक शाखा प्रबंधक अनिल धरवाल ने बैंक की विभिन्न बचत एवं ऋण योजनाओं के विषय में जानकारी दी।

शिविर में बैंक की नई योजनाओं महिला सशक्तिकरण ऋण योजना, सपनों का संचय योजना तथा स्वयं सहायता समूह ऋण के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही जन सुरक्षा में सम्मिलित प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजनाएं एवं प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के बारे में भी समझाया गया। शिविर के दौरान डिजिटल बैंकिंग के फायदे एवं इसके उपयोग के दौरान होने वाली धोखाधड़ी से बचने के लिए सुझाव दिए गए। सहकारी बैंक की हिम पैसा ऐप के बारे में भी लोगों को जानकारी दी गई। इस शिविर में 60-65 लोगों ने भाग लिया।

स्यांह कंसा में राज्य स्तरीय वॉलीबॉल टूर्नामेंट आज से

अनंत ज्ञान, नेरचौक। क्षेत्र के खेल प्रेमियों और युवाओं के लिए एक बड़ी सौगात है। छत्रपति शिवाजी युवक मंडल, स्यांह कंसा के तत्वावधान में 21 व 22 नवंबर (शनिवार एवं रविवार) को दो दिवसीय भव्य राज्य स्तरीय वॉलीबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में प्रदेश के विभिन्न हिस्सों से नामी टीमें और राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी हिस्सा लेंगे, जो खिताब के लिए मैदान में जोर-आजमाइश करेंगे।

आयोजक मंडल के पदाधिकारियों ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रतियोगिता की विजेता टीम को 21 हजार रुपए और उपविजेता टीम को 15 हजार रुपए का नकद पुरस्कार व आकर्षक ट्रॉफी देकर सम्मानित किया जाएगा। पदाधिकारियों ने बताया कि इस खेल महाकुंभ का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण प्रतिभाओं को एक बड़ा मंच प्रदान करने के साथ-साथ समाज में 'नशे को ना' और 'एंटी-चिट्टा' अभियान को जन-जन तक पहुंचाना है। युवक मंडल ने युवाओं को कड़ा संदेश देते हुए कहा है कि वे चिट्टे व अन्य जानलेवा नशों से दूर रहकर खेलों को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं, ताकि एक स्वस्थ और नशामुक्त समाज का निर्माण हो सके। आयोजकों के अनुसार, यह टूर्नामेंट केवल एक खेल प्रतियोगिता नहीं, बल्कि पूरे गांव की एकता, आपसी भाईचारे और युवा जोश का प्रतीक है। टूर्नामेंट को लेकर क्षेत्र के युवाओं में भारी उत्साह देखा जा रहा है। युवक मंडल ने समस्त गांववासियों, बुजुर्गों, माताओं-बहनों और खेल प्रेमियों से सादर अपील की है कि वे अपना बहुमूल्य समय निकालकर मैदान में जरूर पधारें।

नर्सिंग कॉलेज में एसएनए चुनाव, आरुषि बनीं अध्यक्ष



अनंत ज्ञान

नेरचौक। श्री लाल बहादुर शास्त्री नर्सिंग कॉलेज में शुक्रवार को स्टूडेंट नर्सेज एसोसिएशन (एसएनए) के वार्षिक चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुए। प्रधानाचार्य डॉ. वंदना की अध्यक्षता में हुए चुनाव में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

चुनाव में आरुषि को अध्यक्ष, सारिका को उपाध्यक्ष और इशिता को महासचिव चुना गया। ओशिन को संयुक्त सचिव, अंकिता और हिमांशी को कोषाध्यक्ष, अदिती और मनप्रीत को प्रेस सचिव तथा साक्षी और अदिती को मेस प्रभारी बनाया गया। वहीं, साक्षी को कार्यसचिव, अनन्या और मन्नत को शैक्षणिक प्रभारी, अमिशा को छात्रावास सचिव तथा सोनाली और आध्या को स्वास्थ्य सचिव चुना गया।

चुनाव के बाद आयोजित समारोह में निवर्तमान अध्यक्ष अंशिका, पूर्व उपाध्यक्ष मनीषा और पूर्व महासचिव जागृति ने नई कार्यकारिणी को कार्यभार सौंपा।

प्रधानाचार्य डॉ. वंदना ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई देते हुए छात्राओं के हितों को प्राथमिकता देने और कॉलेज में रचनात्मक गतिविधियों को बढ़ावा देने का आह्वान किया। उन्होंने नई टीम से अनुशासन और सेवा भाव के साथ जिम्मेदारियां निभाने की उम्मीद जताई।

15 से 30 वर्ष के युवा 30 नवंबर तक करा सकेंगे निशुल्क पंजीकरण

25 दिसंबर से करसोग में आठ खेलों में दमखम दिखाएंगे करसोग के युवा

अनंत ज्ञान

करसोग। युवाओं को नशे से दूर रखने और खेल गतिविधियों से जोड़ने के उद्देश्य से शुरू किए गए 'खेलो हिमाचल-चिट्टा मुक्त अभियान' को लेकर एसडीएम अलीशा चौहान की अध्यक्षता में उपमंडल स्तरीय समिति की बैठक हुई। बैठक में अभियान के तहत आयोजित होने वाली खेल प्रतियोगिताओं की तैयारियों पर चर्चा की गई।



एसडीएम ने बताया कि करसोग उपमंडल में खेल प्रतियोगिताएं 25 दिसंबर से 2 जनवरी 2027 तक आयोजित करने का प्रस्ताव है। अधिकांश प्रतियोगिताएं राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय करसोग में होंगी। बैडमिंटन के लिए मिनी सचिवालय स्थित इनडोर कोर्ट और वैकल्पिक रूप से राजकीय महाविद्यालय करसोग के कोर्ट को चिन्हित किया गया है। क्रिकेट प्रतियोगिता स्कूल मैदान और वैकल्पिक रूप से सोरशन के खेल मैदान में होगी। अभियान के तहत क्रिकेट, वॉलीबॉल, कबड्डी, एथलेटिक्स, कुश्ती, हॉकी, रस्साकशी और बैडमिंटन सहित आठ खेलों की प्रतियोगिताएं करवाई जाएंगी। इनमें 15 से 30 वर्ष आयु वर्ग के महिला और पुरुष खिलाड़ी भाग ले सकेंगे। एसडीएम ने बताया कि इच्छुक खिलाड़ी 30 नवंबर तक ऑनलाइन माध्यम से निशुल्क पंजीकरण करवा सकते हैं। विभिन्न स्तरों पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों और टीमों को नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा।

उन्होंने संबंधित विभागों को आपसी समन्वय से तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए। साथ ही विद्यालयों, पंचायतों और स्थानीय स्तर पर युवाओं से अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की, ताकि चिट्टे और अन्य नशीले पदार्थों के खिलाफ जनभागीदारी बढ़ाई जा सके।

बैठक में तहसीलदार पृथी चंद, बीडीओ करसोग कर्म चंद शर्मा, बीडीओ चुराग यशवंत भारद्वाज, बिजली बोर्ड के अधिशाषी अभियंता चंद्रमणि शर्मा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

मंडी कॉलेज के विद्यार्थियों ने बनाए 200 नवाचारी व्यंजन

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी। वल्लभ राजकीय महाविद्यालय मंडी के वनस्पति विज्ञान विभाग ने पारंपरिक खाद्य ज्ञान को वैज्ञानिक शिक्षा से जोड़ने की अनूठी पहल की है। विभागाध्यक्ष डॉ. तारा देवी सेन के मार्गदर्शन में जुलाई से चल रही इस गतिविधि में 110 विद्यार्थी भाग ले रहे हैं। इसके तहत विद्यार्थी चावल, गेहूं और सोयाबीन से अब तक करीब 200 नवाचारी व्यंजन तैयार कर चुके हैं। आगामी चरण में आलू और काले चने से 100 से अधिक व्यंजन बनाए जाएंगे।

प्रत्येक प्रायोगिक कक्षा के शुरुआती 30 मिनट व्यंजन तैयार करने और उनके प्रदर्शन के लिए रखे गए हैं। इस गतिविधि से विद्यार्थियों को स्थानीय जंगली खाद्य एवं औषधीय पौधों की पहचान, उनके पारंपरिक उपयोग और पोषण संबंधी महत्व की जानकारी मिल रही है। 'फूड एज मेडिसिन' की अवधारणा के साथ चौड़ी पत्तियों से पत्तल बनाने को भी प्रोत्साहित किया जा रहा है, ताकि प्लास्टिक के विकल्प तलाशे जा सकें। आरोग्य भारती ने इस पहल की सराहना की है।

मंडी में शौचालयों की कमी और सफाई व्यवस्था का उठाया मुद्दा

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, मंडी। नगर निगम मंडी के मनोनीत पार्षद सन्नी ईपन ने शहर में सार्वजनिक शौचालयों की सुविधा बढ़ाने, सफाई व्यवस्था सुधारने और जनहित के लंबित कार्यों को पूरा करने के लिए पांच प्रस्ताव आगामी जनरल हाउस की बैठक में चर्चा एवं स्वीकृति के लिए रखे हैं।

उन्होंने वार्ड नंबर 2, 3 और 4 के तहत सौली खड्ड से पड्डल तथा पड्डल से पुरानी मंडी तक सार्वजनिक शौचालयों की सुविधा उपलब्ध करवाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि इन क्षेत्रों में शौचालय न होने से स्थानीय लोगों, व्यापारियों, पर्यटकों और राहगीरों को परेशानी होती है। इसके लिए महिला और पुरुषों के अलग-अलग शौचालय बनाने का सुझाव दिया है।

सन्नी ईपन ने शहर के प्रमुख बाजारों और सार्वजनिक स्थलों पर स्थित शौचालयों की दिन में कम से कम तीन बार सफाई करवाने, पानी, बिजली और साबुन की व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा पुराने शौचालयों की मरम्मत करवाने की मांग की है। साथ ही दिव्यांगजनों के अनुकूल सुविधाएं विकसित करने पर जोर दिया है।

◆ मनोनीत पार्षद सन्नी ईपन ने जनरल हाउस के लिए रखे पांच प्रस्ताव

उन्होंने कूड़ा फेंकने वाले चिन्हित स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने, पर्याप्त डस्टबिन स्थापित करने और नियमित सफाई करवाने का प्रस्ताव भी रखा है। सार्वजनिक स्थानों और नालियों में कचरा फेंकने वालों के चालान करने तथा 'हमारा मंडी, स्वच्छ मंडी' अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम चलाने का सुझाव दिया है।

इसके अलावा उन्होंने अपर मंगवाई स्थित महुनाग मंदिर के समीप पेयजल नल लगाने के लिए पूर्व पार्षद योगराज द्वारा 31 जनवरी 2026 को दिए गए प्रस्ताव पर हुई कार्रवाई की जानकारी मांगी है। उन्होंने नल लगाने की समयसीमा तय करने अथवा कार्य संभव न होने की स्थिति में कारण स्पष्ट करने की मांग की है।

'**सफल** व्यक्ति वही होता है जो समय, ज्ञान और अवसर का सही उपयोग करना जानता है तथा कठिन परिस्थितियों में धैर्य बनाए रखता है।
-चाणक्य

संपादकीय

पशुधन में नई क्रांति

हाल ही में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पशुधन के स्वास्थ्य और पशुपालकों की आर्थिक समृद्धि के संबंध में कहा कि पशु स्वस्थ होगा, तो पशुपालकों की कमाई भी बढ़ेगी। उनका यह विचार भारतीय कृषि और पशुपालन की उस व्यापक अवधारणा को रेखांकित करता है, जिसमें किसानों की आय, पशुधन का स्वास्थ्य और ग्रामीण अर्थव्यवस्था एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं। पशु-पक्षियों को संक्रामक रोगों से सुरक्षित रखना केवल पशु चिकित्सा का विषय नहीं है, बल्कि यह करोड़ों किसानों और पशुपालकों की आजीविका, पोषण सुरक्षा तथा राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था की रक्षा से जुड़ा महत्वपूर्ण दायित्व है। भारत जैसे कृषि प्रधान देश में पशुपालन, डेयरी और कुक्कुट पालन ग्रामीण अर्थव्यवस्था के प्रमुख आधार हैं। विशेषकर छोटे एवं सीमांत किसानों और ग्रामीण महिलाओं के लिए ये गतिविधियां नियमित आय, रोजगार और आर्थिक आत्मनिर्भरता का माध्यम हैं। फसल खराब होने या प्राकृतिक आपदा जैसी परिस्थितियों में पशुधन परिवारों को आर्थिक सहारा भी प्रदान करता है। इसलिए पशुओं को बीमारियों से बचाना कृषि विकास और ग्रामीण समृद्धि की अनिवार्य शर्त है।

पिछले एक दशक में भारत ने पशु एवं कुक्कुट रोगों के विरुद्ध स्वदेशी टीकों के विकास में उल्लेखनीय प्रगति की है। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) के विभिन्न संस्थानों और देश के वैज्ञानिकों ने भारतीय परिस्थितियों, स्थानीय वायरस स्ट्रेन और रोगों की प्रकृति को ध्यान में रखते हुए कई प्रभावी वैज्ञानिक समाधान विकसित किए हैं। इससे विदेशी टीकों पर निर्भरता कम करने, उनकी उपलब्धता बढ़ाने और देश की जैव सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने में सहायता मिली है। वर्ष 2019 में विकसित सब-वायरल पार्टिकल आधारित इन्फेक्शियस बर्सल डिजीज यानी गंबोरो वैक्सीन कुक्कुट स्वास्थ्य के क्षेत्र में महत्वपूर्ण उपलब्धि रही। यह बीमारी मुर्गियों की रोग प्रतिरोधक क्षमता को प्रभावित करती है और पोल्ट्री उद्योग को आर्थिक नुकसान पहुंचा सकती है। वर्ष 2020 में विकसित ब्रुसेला एबार्टस एस19 डेल्टा-पर (दीवा) वैक्सीन ने ब्रुसेलोसिस नियंत्रण के लिए नई संभावनाएं प्रस्तुत कीं। इसी प्रकार क्लासिकल स्वाइन फीवर के विरुद्ध स्वदेशी सेल कल्चर वैक्सीन ने सुअर पालकों को एक महत्वपूर्ण विकल्प उपलब्ध कराया।

वर्ष 2022 में लंपी स्किन डिजीज के विरुद्ध स्वदेशी टीके लंपी-प्रोवैकइंड का विकास भारत के पशु स्वास्थ्य अनुसंधान में ऐतिहासिक उपलब्धि साबित हुआ। इस टीके को आईसीएआर-राष्ट्रीय अश्व अनुसंधान केंद्र, हिसार और आईसीएआर-भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान, इज्जतनगर के वैज्ञानिकों ने संयुक्त रूप से विकसित किया। लंपी रोग के प्रकोप से देश के अनेक राज्यों में पशुपालकों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा था। बड़ी संख्या में गोवंश इस बीमारी से प्रभावित हुआ, जिससे दूध उत्पादन और पशुपालकों की आय पर प्रतिकूल असर पड़ा। ऐसे समय में स्वदेशी टीके का विकास राहत लेकर आया। इसकी तकनीक का व्यावसायिक हस्तांतरण होने से बड़े पैमाने पर उत्पादन का रास्ता भी खुला। यह वैज्ञानिक संस्थानों और निजी उद्योग के बीच प्रभावी सहयोग का उदाहरण है।

अफ्रीकन स्वाइन फीवर के विरुद्ध स्वदेशी टीके का विकास भी भारत की वैज्ञानिक उपलब्धियों में महत्वपूर्ण स्थान रखता है। आईसीएआर-राष्ट्रीय उच्च सुरक्षा पशु रोग संस्थान, भोपाल ने इस टीके को विकसित किया है। इस बीमारी ने विशेषकर पूर्वोत्तर भारत के सुअर पालकों को गंभीर आर्थिक नुकसान पहुंचाया था। अगस्त 2026 में इस टीके को राष्ट्र को समर्पित किया जाना पशु स्वास्थ्य अनुसंधान में आत्मनिर्भरता की दिशा में महत्वपूर्ण कदम रहा। इसकी एक विशेषता यह है कि इसके उत्पादन के लिए महंगी और पेटेंट आधारित विदेशी सेल लाइन पर निर्भर रहने की आवश्यकता नहीं है। इससे भविष्य में किफायती और व्यापक स्तर पर टीका उत्पादन की संभावनाएं मजबूत हुई हैं।

न्याय में देरी लोकतंत्र के विश्वास पर सबसे बड़ी चोट



डॉ. सत्यवान सौरभ, पीएचडी
(राजनीति विज्ञान), एक कवि और सामाजिक विचारक)

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

न्याय केवल न्यायालयों में होने वाली कानूनी प्रक्रिया का नाम नहीं है, बल्कि यह लोकतांत्रिक व्यवस्था की विश्वसनीयता, नागरिकों के अधिकारों और संविधान की आत्मा से जुड़ा विषय है। किसी भी सभ्य समाज में न्याय का वास्तविक महत्व तभी है, जब वह समय पर और प्रत्येक नागरिक की पहुँच में उपलब्ध हो। यदि किसी व्यक्ति को अपने अधिकारों की रक्षा के लिए वर्षों तक न्यायालयों के चक्कर लगाने पड़ें, आर्थिक संसाधन समाप्त हो जाएँ और न्याय मिलने से पहले ही उसका जीवन संघर्षों में बीत जाए, तो न्याय का उद्देश्य अधूरा रह जाता है। भारतीय न्याय व्यवस्था के सामने लंबित मुकदमों का बढ़ता बोझ और सुनवाई में देरी आज गंभीर चुनौती बन चुके हैं। हाल ही में भारत के मुख्य न्यायाधीश द्वारा उच्च न्यायालयों में शीघ्र सुनवाई न मिलने के कारण वादियों के सर्वोच्च न्यायालय तक पहुँचने पर जताई गई चिंता इसी समस्या की गंभीरता को उजागर करती है।

भारत में न्यायिक देरी का सबसे प्रमुख कारण न्यायाधीशों के स्वीकृत पदों का रिक्त रहना है। न्यायालयों में उपलब्ध न्यायाधीशों की संख्या मुकदमों के अनुपात में पर्याप्त नहीं है। इसके परिणामस्वरूप मौजूदा न्यायाधीशों पर अत्यधिक कार्यभार पड़ता है और प्रत्येक मामले को पर्याप्त समय देना कठिन हो जाता है। नियुक्तियों में विलंब और चयन प्रक्रिया की जटिलताएँ भी इस समस्या को बढ़ाती हैं। इसके साथ ही सर्वोच्च न्यायालय से लेकर उच्च न्यायालयों और जिला न्यायालयों तक लंबित मुकदमों की विशाल संख्या न्यायिक व्यवस्था की कार्यक्षमता को प्रभावित कर रही है। नए मुकदमों के आने की गति और पुराने मामलों के निस्तारण के बीच संतुलन स्थापित नहीं हो पा रहा है। दीवानी विवादों, संपत्ति संबंधी मामलों, पारिवारिक विवादों और आपराधिक मुकदमों में देरी का प्रभाव विशेष रूप से गंभीर होता है। आपराधिक मामलों में विचाराधीन कैदियों को लंबे समय तक जेल में रहना पड़ता है, जबकि दीवानी मामलों में संपत्ति, व्यवसाय और पारिवारिक संबंध अनिश्चितता में फँसे रहते हैं।

बार-बार होने वाले स्थगन भी न्यायिक देरी का प्रमुख कारण हैं। अधिवक्ताओं की अनुपलब्धता, पक्षकारों की तैयारी पूरी न होना, दस्तावेजों की कमी अथवा अन्य प्रक्रियागत कारणों से सुनवाई आगे बढ़ा दी जाती है। कई बार अनावश्यक स्थगन मुकदमों को लंबा खींचने का माध्यम बन जाते हैं। तारीख पर तारीख मिलने की प्रवृत्ति न्यायिक समय की बर्बादी के साथ वादियों पर आर्थिक और मानसिक दबाव भी बढ़ाती है। इसके अतिरिक्त न्यायालयों में पर्याप्त कक्ष, तकनीकी सुविधाएँ, प्रशिक्षित कर्मचारी और आधुनिक अभिलेख प्रबंधन प्रणाली का अभाव भी समस्या को गंभीर बनाता है। सरकारी मुकदमेबाजी न्यायालयों पर अतिरिक्त बोझ डालती है। सरकारी विभागों द्वारा छोटे-छोटे मामलों में अपील करना और विवादों का समय रहते समाधान न करना लंबित मुकदमों की संख्या बढ़ाता है।



इस चुनौती से निपटने के लिए सबसे पहले न्यायिक नियुक्तियों की प्रक्रिया को समयबद्ध बनाना होगा। उच्च न्यायालयों और अधीनस्थ न्यायालयों में रिक्त पदों को प्राथमिकता के आधार पर भरा जाना चाहिए। न्यायाधीशों की संख्या बढ़ाने के साथ न्यायिक अधिकारियों, कर्मचारियों और तकनीकी विशेषज्ञों की उपलब्धता भी सुनिश्चित करनी होगी। इसके अलावा प्रभावी केस प्रबंधन व्यवस्था विकसित करना आवश्यक है। प्रत्येक मुकदमे की प्रकृति और आवश्यकता के अनुसार सुनवाई की समय-सीमा निर्धारित होनी चाहिए। अनावश्यक स्थगनों पर नियंत्रण लगाकर वृद्धों, महिलाओं, बच्चों, गंभीर बीमारियों से जुड़े मामलों और लंबे समय से लंबित आपराधिक मामलों को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। त्वरित न्याय का अर्थ जल्दबाजी में निर्णय देना नहीं, बल्कि अनावश्यक प्रक्रियागत देरी समाप्त कर निष्पक्ष सुनवाई सुनिश्चित करना है।

डिजिटल तकनीक भी न्यायिक सुधारों का प्रभावी माध्यम बन सकती है। ई-फाइलिंग, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग, डिजिटल रिकॉर्ड और ऑनलाइन केस ट्रैकिंग से न्यायिक प्रक्रियाओं को अधिक सुविधाजनक बनाया जा सकता है। ई-कोर्ट्स मिशन मोड परियोजना इसी दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। हालांकि इसका लाभ तभी व्यापक होगा, जब ग्रामीण क्षेत्रों और आर्थिक रूप से कमजोर नागरिकों को इंटरनेट, डिजिटल साक्षरता और तकनीकी सहायता उपलब्ध कराई जाए। तकनीक न्याय तक पहुँच का साधन बने, नई बाधा नहीं।

इसके साथ ही मध्यस्थता, सुलह और लोक अदालतों जैसी वैकल्पिक विवाद समाधान प्रणालियों को प्रोत्साहित करना जरूरी है। पारिवारिक विवाद, छोटे आर्थिक विवाद और आपसी समझौते से हल होने वाले मामलों को इन माध्यमों से कम समय और खर्च में निपटाया जा सकता है। वहीं आर्थिक रूप से कमजोर व्यक्तियों को न्याय दिलाने के लिए निःशुल्क विधिक सहायता सेवाओं को मजबूत करना होगा। राष्ट्रीय और राज्य विधिक सेवा प्राधिकरणों की भूमिका गाँवों और कस्बों तक प्रभावी ढंग से पहुँचनी चाहिए, ताकि कोई व्यक्ति आर्थिक अभाव के कारण न्याय से वंचित न रहे।

सरकारी मुकदमेबाजी कम करने के लिए विभागों में प्रभावी विवाद समाधान तंत्र विकसित करना भी आवश्यक है। प्रत्येक छोटे मामले में अपील करने के बजाय अधिकारियों को तथ्यों और कानूनी स्थिति के आधार पर विवेकपूर्ण निर्णय लेने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

देश के अंदर रिश्वतखोरी का चोली-दामन का अटूट रिश्ता



तुलसी राम डोगरा (स्वतंत्र लेखक), पालमपुर।

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

वर्तमान समय में देश में बढ़ता भ्रष्टाचार लोकतांत्रिक व्यवस्था और प्रशासनिक तंत्र के लिए गंभीर चुनौती बनता जा रहा है। भ्रष्टाचार की विषबेल इस कदर फैल चुकी है कि शायद ही कोई ऐसा क्षेत्र बचा हो, जो इसकी जकड़न से अछूता हो। भारत जैसे सांस्कृतिक मूल्यों और नैतिक आदर्शों वाले देश में भ्रष्टाचार की बढ़ती प्रवृत्ति चिंताजनक है। देश में समय-समय पर सामने आए टू-जी स्पेक्ट्रम, आदर्श सोसायटी, कॉमनवेल्थ गेम्स, सत्यम, कोयला और चारा घोटालों ने व्यवस्था की कमजोरियों को उजागर किया है। इन घोटालों में बड़े नेताओं, अधिकारियों और उद्योगपतियों की संलिप्तता ने आम जनता के विश्वास को गहरी चोट पहुँचाई है। आज स्थिति यह है कि सरकारी कार्यालयों में छोटे-छोटे काम करवाने के लिए भी लोगों को रिश्वत देने अथवा अनावश्यक चक्कर काटने पड़ते हैं। लालफीताशाही, लापरवाही और जवाबदेही का अभाव भ्रष्टाचार को बढ़ावा दे रहे हैं।

भ्रष्टाचार का सबसे चिंताजनक पहलू यह है कि कानून और व्यवस्था की जिम्मेदारी संभालने वाले कुछ लोग भी इसकी गिरफ्त में हैं। न्यायिक व्यवस्था से जुड़े जस्टिस यशवंत वर्मा के सरकारी आवास पर मार्च 2025 में आग लगने के बाद बड़ी मात्रा में नकदी मिलने का मामला सामने आया, जिसने न्यायपालिका की पारदर्शिता और जवाबदेही पर गंभीर सवाल खड़े किए। इसी तरह पंजाब के डीआईजी हरचरण सिंह भुल्लर के खिलाफ अक्टूबर 2025 में सीबीआई की कार्रवाई और रिश्वतखोरी के आरोपों ने पुलिस विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार की तस्वीर उजागर की। ये घटनाएँ बताती हैं कि पद और अधिकार का दुरुपयोग किस तरह निजी संपत्ति जुटाने का माध्यम बन सकता है।

बैंकिंग क्षेत्र में हुए बड़े घोटाले भी देश की अर्थव्यवस्था के लिए गंभीर चिंता का विषय रहे हैं। पंजाब नेशनल बैंक से जुड़े नीरव मोदी और मेहुल चोकसी के हजारों करोड़ रुपये के ऋण घोटाले तथा विजय माल्या और रोटोमैक के विक्रम कोठारी से जुड़े मामले इस बात की ओर संकेत करते हैं कि बड़े उद्योगपतियों को ऋण देने में बैंकिंग व्यवस्था की निगरानी और जवाबदेही कितनी महत्वपूर्ण है। एक ओर छोटे कारोबारियों को ऋण लेने के लिए अनेक औपचारिकताओं और प्रक्रियाओं से गुजरना पड़ता है, वहीं दूसरी ओर बड़े कर्जदारों द्वारा बैंकों को भारी नुकसान पहुँचाकर विदेश भाग जाने के मामले सामने आते रहे हैं। यह दोहरा मापदंड आम आदमी के मन में व्यवस्था के प्रति अविश्वास पैदा करता है।



हिमाचल प्रदेश जैसी देवभूमि भी भ्रष्टाचार की समस्या से अछूती नहीं है। पटवारी, कानूनगो, पुलिस, आबकारी, खाद्य आपूर्ति और अन्य सरकारी विभागों में रिश्वतखोरी की शिकायतें समय-समय पर सामने आती रहती हैं। धर्मशाला विजिलेंस की टीम द्वारा नूरपुर में पुलिस चौकी प्रभारी को 20 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए पकड़े जाने की घटना भी इसी समस्या की गंभीरता दर्शाती है। सरकारी सेवाओं के लिए रिश्वत मांगना आम नागरिक के अधिकारों का हनन है। गरीब और मध्यमवर्गीय व्यक्ति सबसे अधिक प्रभावित होता है, क्योंकि उसके पास न तो अतिरिक्त पैसा होता है और न ही प्रभावशाली लोगों तक पहुँच।

भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने के लिए केवल छापेमारी और गिरफ्तारी पर्याप्त नहीं है, बल्कि इसके पूरे तंत्र पर प्रहार करना होगा। सरकारी कामकाज में पारदर्शिता, समयबद्ध सेवाएँ, अधिकारियों की जवाबदेही और दोषियों के विरुद्ध त्वरित कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करनी होगी। सरकारी विभागों में डिजिटल व्यवस्था को बढ़ावा देने के साथ शिकायतों के निवारण की प्रभावी प्रणाली भी विकसित करनी चाहिए। साथ ही राजनीतिक संरक्षण और प्रशासनिक मिलीभगत पर कठोर कार्रवाई आवश्यक है। अंततः भ्रष्टाचार के विरुद्ध लड़ाई केवल सरकार या जांच एजेंसियों की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि प्रत्येक नागरिक का नैतिक दायित्व भी है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

आज की प्रमुख हस्ती

फैशन से फिल्मों तक



नेहा शर्मा
जन्म : 21 नवंबर 1987

नेहा शर्मा हिंदी और तेलुगु सिनेमा की जानी-मानी अभिनेत्री हैं। उनका जन्म 21 नवंबर 1987 को बिहार के भागलपुर में एक हिंदू परिवार में हुआ। उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा भागलपुर के माउंट कार्मेल स्कूल से प्राप्त की। इसके बाद उन्होंने नई दिल्ली स्थित राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान (निफ्ट) से फैशन डिजाइनिंग का पाठ्यक्रम पूरा किया। बचपन में नेहा को अस्थमा की गंभीर समस्या थी। इसके कारण उनका स्वास्थ्य अक्सर खराब रहता था और वह शारीरिक रूप से कमजोर महसूस करती थीं। हालांकि, बाद में वह इस परेशानी से उबर गईं।

नेहा ने वर्ष 2007 में तेलुगु फिल्म 'चिरुथा' से अभिनय की दुनिया में कदम रखा। इसके बाद 2009 में वह 'कुराडु' में दिखाई दीं। वर्ष 2010 में फिल्म 'क्रूक' के जरिए उन्होंने हिंदी सिनेमा में अपनी पहचान बनाई। इस फिल्म में उनके अभिनय को दर्शकों ने पसंद किया। इसके बाद उन्होंने 'तेरी मेरी कहानी', 'क्या सुपर कूल हैं हम', 'जयंताभाई की लव स्टोरी' और 'यमला पगला दीवाना 2' जैसी फिल्मों में काम किया। वर्ष 2014 में रिलीज हुई फिल्म 'यंगिस्तान' में उन्होंने अन्विता चौहान की भूमिका निभाई।

नेहा ने फिल्मों के अलावा लघु फिल्मों और वेब धारावाहिकों में भी अपनी अभिनय प्रतिभा दिखाई है। वर्ष 2016 में आई लघु फिल्म 'कृति' में उन्होंने शीर्षक भूमिका निभाई। वहीं, 2021 में 'विकल्प' में शिवानी के किरदार में नजर आईं। वर्ष 2020 में उन्होंने वेब धारावाहिक 'इल्लीगल' से डिजिटल मनोरंजन की दुनिया में कदम रखा, जिसमें उन्होंने अधिवक्ता निहारिका सिंह की भूमिका निभाई। इसके अलावा वह '36 डेज' में फराह जैदी और सुहाना मोहन के दोहरे किरदार में दिखाई दीं। उनकी प्रमुख फिल्मों में 'तुम बिन 2', 'मुबारकां', 'सोलो', 'तान्हाजी', 'इक संधू हुंदा सी', 'आफत-ए-इश्क', 'जोगीरा सारा रा रा' और 'बैड न्यूज' शामिल हैं।

आधुनिकता की अंधी दौड़ में कहीं खो न जाएं मानवीय मूल्य



डॉ राज कुमारी
साइकोलॉजिस्ट
बिलासपुर

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

21वीं सदी मानव इतिहास का वह स्वर्णिम कालखंड है, जहां विज्ञान, तकनीक और औद्योगिकीकरण की तीव्र क्रांति ने संपूर्ण मानव समाज को एक नए धरातल पर ला खड़ा किया है। आज का समय आधुनिकता का समय है। हमने अंतरिक्ष की असीम गहराइयों को छुआ है और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तथा डिजिटल कनेक्टिविटी के माध्यम से पूरी दुनिया को एक वैश्विक गांव में बदल दिया है। भौतिक सुख-सुविधाओं, आर्थिक समृद्धि और व्यक्तिगत स्वतंत्रता के नए आयाम स्थापित हुए हैं। लेकिन इस तेज गति से भागती आधुनिकता की दौड़ में एक गंभीर प्रश्न उठता है कि क्या हम आगे बढ़ने की होड़ में अपनी उन जड़ों को पीछे छोड़ रहे हैं, जिन्होंने हमें इंसान बनाया है? भौतिक उन्नति के बावजूद आज का मानव मानसिक तनाव, अकेलेपन, रिश्तों में दरार और सामाजिक बिखराव का सामना कर रहा है। इसका मूल कारण आधुनिकता को अपनाने के साथ सांस्कृतिक और सामाजिक मूल्यों के संतुलन को खोना है।

आधुनिकता केवल पहनावे, नई तकनीकों या आधुनिक जीवनशैली तक सीमित नहीं है, बल्कि यह सोच, स्वतंत्रता, तर्कशक्ति और वैज्ञानिक दृष्टिकोण का भी प्रतीक है। इसने समाज को रूढ़िवादिता, अंधविश्वास और संकीर्णता से बाहर निकालने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। लैंगिक समानता, व्यक्तिगत अधिकार, शिक्षा का विस्तार और स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार आधुनिकता की ही देन हैं। लेकिन जब आधुनिकता का अर्थ केवल भौतिकवाद और अत्यधिक व्यक्तिवाद तक सीमित हो जाता है, तब समस्याएं उत्पन्न होने लगती हैं। आधुनिक जीवनशैली और नौकरियों की दौड़ ने संयुक्त परिवारों को एकल परिवारों और अब छोटी पारिवारिक इकाइयों में बदल दिया है। रिश्तों में भावनात्मक जुड़ाव के स्थान पर स्वार्थ और उपयोगिता का महत्व बढ़ रहा है। सोशल मीडिया पर हजारों मित्रों और फॉलोअर्स से घिरा व्यक्ति अपने ही घर में अकेलापन महसूस कर रहा है। उपभोक्तावादी संस्कृति ने भी मनुष्य की पहचान को उसके चरित्र, ईमानदारी और करुणा के बजाय महंगे फोन, गाड़ी और बैंक बैलेंस से जोड़ दिया है।

सामाजिक मूल्य किसी भी समाज की रीढ़ होते हैं। सहानुभूति, करुणा, सम्मान, कृतज्ञता, सत्य, ईमानदारी, सहयोग, भ्रातृत्व, सहनशीलता और धैर्य जैसे गुण समाज को एकजुट रखते हैं। ये मूल्य अलग-अलग पृष्ठभूमि के लोगों को आपसी सद्भाव के सूत्र में बांधते हैं। जब आधुनिकता और सामाजिक मूल्यों के बीच संतुलन बिगड़ता है, तो इसके गंभीर परिणाम व्यक्तिगत जीवन से लेकर पूरे समाज और राष्ट्र तक दिखाई देते हैं। मानसिक तनाव, अवसाद, अकेलापन और सामाजिक समर्थन प्रणाली का कमजोर होना इसी असंतुलन के परिणाम हैं। वृद्धों की उपेक्षा, युवा पीढ़ी में नैतिक मूल्यों का ह्रास, नशे की लत, साइबर अपराध और हिंसा जैसी समस्याएं भी चिंता का विषय हैं। इसके साथ ही अत्यधिक उपभोग और विकास की अंधी दौड़ ने पर्यावरण को भी गंभीर नुकसान पहुंचाया है। प्रकृति को केवल संसाधन मानकर उसका दोहन करने से प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन और प्राकृतिक आपदाओं जैसी चुनौतियां बढ़ रही हैं।



हालांकि इसका समाधान आधुनिकता को छोड़कर पुराने समय में लौटना नहीं है, बल्कि आधुनिकता और सामाजिक मूल्यों के बीच सामंजस्य स्थापित करना है। इसके लिए शिक्षा प्रणाली में कौशल विकास के साथ चरित्र निर्माण और नैतिक शिक्षा को भी समान महत्व देना होगा। बच्चों को बचपन से ही सहानुभूति, ईमानदारी, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक उत्तरदायित्व का महत्व समझाना आवश्यक है। परिवार को भी अपनी भूमिका निभानी होगी। माता-पिता बच्चों के साथ संवाद स्थापित करें और उन्हें डिजिटल उपकरणों के साथ रिश्तों, संस्कारों तथा बड़ों के सम्मान का महत्व सिखाएं। पारिवारिक भोजन, उत्सवों को मिलकर मनाने और बुजुर्गों के साथ समय बिताने जैसी परंपराओं को पुनर्जीवित करना होगा। तकनीक का उपयोग सुविधा के लिए होना चाहिए, न कि संवेदनाओं और रिश्तों की कीमत पर। इसके साथ ही डिजिटल डिटॉक्स, वास्तविक सामाजिक संपर्क और प्रकृति के साथ सह-अस्तित्व को जीवनशैली का हिस्सा बनाना होगा।

(ये लेखिका के निजी विचार हैं)

सतगुरु की महिमा

डॉ पी सी कौंडल, वरिष्ठ साहित्यकार एवं सम्पादक जिला मण्डी, हिमाचल प्रदेश

काल ने भक्ति करी दयाल की कई साल रे
दयाल ने भक्ति के बदले काल किया निहाल रे।।
काल ने मांगा सूरत को मुझे संभाल रे।
भक्ति के बस मजबूर हो गए दयाल रे।।
अपनी प्यारी सूरत को अपने से जुदा करते।
आंखों में आंसू भर कर और आहें भरते।।
काल ने सूरत पकड़ कर अपने बस में कर लिया।
दयाल ने रोते बिलखते
दुःख सहन कर लिया।।
काल ने सूरत को दयाल के सम्मुख ही।
तन मन के पिंजरे में एक ही पल भर दिया।।
सूरत को दुःखी देख कर दयाल
आगे पीछे होने लगे।
आप भी तन मन का पिंजरा धार कर रमने लगे।।
रमते रमाते सूरत को
देखा दुःखी इस जग में।
लहू लगा चक्कर काटने दयाल की रग रग में।।
इस जग में दयाल मल्लाह बन कर आ लिया।
अपना असली रूप प्यारी सूरत को बता लिया।।
सूरत को नाम का भेद देकर समझा लिया।
वक्त आने पर सूरत को जहाज में बिठा लिया।।
देख लो संसारियों
यह सूरत का हाल है।
सतगुरु पिता मिला जिसको वह तो मालों मॉल है।।
कर लो जतन लाख चाहे सतगुरु बिन सुख नहीं।
कहते हैं सभी संतजन हमारे यहां कोई दुःख नहीं।।

देव भूमि के साथ खेल भूमि के नाम से भी लोकप्रिय हुआ हिमाचल



हेमराज राणा, सिरमौर

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

हिमाचल प्रदेश को देवभूमि के नाम से जाना जाता है, लेकिन इसमें कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी कि यह प्रदेश अब खेलभूमि के रूप में भी अपनी अलग पहचान बना रहा है। यहां की मिट्टी से निकले अनेक खेल सितारे राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश का मान बढ़ा रहे हैं। इन खिलाड़ियों ने अपनी मेहनत, लगन और अनुशासन के दम पर साबित किया है कि पहाड़ों में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। कहा भी जाता है कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का वास होता है और इस स्वस्थ शरीर की नींव खेल हैं।

खेल हमें केवल शारीरिक रूप से मजबूत ही नहीं बनाते, बल्कि आत्मनिर्भर, अनुशासित और आत्मविश्वास से भरपूर भी बनाते हैं। आज खेल केवल मनोरंजन का साधन नहीं रह गए हैं, बल्कि रोजगार, सम्मान और देश-विदेश में पहचान बनाने का सशक्त माध्यम बन चुके हैं। इस दिशा में हिमाचल के खिलाड़ियों ने अपनी अलग पहचान बनाई है। एक खिलाड़ी जो रोज सुबह चार बजे उठकर अभ्यास करता है, वह केवल खेल की तैयारी नहीं करता, बल्कि जीवन में अनुशासन और संघर्ष का महत्व भी सीखता है। यही अनुशासन उसे जीवन के दूसरे क्षेत्रों में भी आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है।

खेल आज युवाओं के लिए बेहतर करियर का विकल्प बन चुके हैं। हिमाचल के सैकड़ों खिलाड़ी सेना, पुलिस, रेलवे, बैंक और केंद्र व प्रदेश सरकार के विभिन्न विभागों में खेल कोटे के माध्यम से रोजगार प्राप्त कर रहे हैं। राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को सरकार की ओर से लाखों रुपये के नकद पुरस्कार और सरकारी नौकरियां भी दी जा रही हैं। हिमाचल प्रदेश सरकार ने हाल ही में पदक विजेताओं की पुरस्कार राशि में लाखों रुपये की बढ़ोतरी कर खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने की दिशा में सराहनीय प्रयास किया है। इससे प्रदेश के युवाओं में खेलों के प्रति आकर्षण और आगे बढ़ने का उत्साह बढ़ सकता है।

हिमाचल की धरती ने देश को अनेक ऐसे खेल सितारे दिए हैं, जिन्होंने अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। सिरमौर जिले के धिराइना से निकलकर विश्व कुश्ती में पहचान बनाने वाले दिलीप सिंह राणा यानी द ग्रेट खली इसका बड़ा उदाहरण हैं। एक साधारण परिवार से निकलकर विश्व कुश्ती मनोरंजन के क्षेत्र में अपनी पहचान बनाने तक का उनका सफर युवाओं को बड़े सपने देखने की प्रेरणा देता है। इसी तरह सिरमौर की ऋतु नेगी ने भारतीय महिला कबड्डी टीम में अपनी प्रतिभा और नेतृत्व क्षमता से प्रदेश का गौरव बढ़ाया है। अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित ऋतु नेगी के साथ पुष्पा राणा जैसी खिलाड़ियों ने भी महिला कबड्डी को नई पहचान दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।



हिमाचल की बेटियों ने खेलों में अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया है। सुमन रावत ने एथलेटिक्स में एशियाई स्तर पर पदक जीतकर प्रदेश का नाम रोशन किया और अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित हुईं। वहीं, शिमला की सुषमा वर्मा ने भारतीय महिला क्रिकेट टीम में विकेटकीपर-बल्लेबाज के रूप में अपनी पहचान बनाई। रेणुका सिंह ठाकुर ने भी अपनी तेज गेंदबाजी से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में विशेष स्थान हासिल किया है। इन बेटियों की उपलब्धियां प्रदेश की हजारों लड़कियों के लिए प्रेरणास्रोत हैं और यह संदेश देती हैं कि मेहनत और अवसर मिलने पर बेटियां किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं हैं।

पुरुष खिलाड़ियों की उपलब्धियों की बात करें तो नालागढ़ के अजय ठाकुर भारतीय कबड्डी टीम के कप्तान रहे हैं। उन्होंने एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतने के साथ अर्जुन पुरस्कार और पद्मश्री प्राप्त कर प्रदेश का मान बढ़ाया। वर्तमान में वह हिमाचल पुलिस में डीएसपी के पद पर सेवाएं दे रहे हैं। मंडी के ऋषि धवन ने क्रिकेट में अपनी पहचान बनाई, जबकि सिरमौर के समरेश जंग ने निशानेबाजी में देश का नाम रोशन किया। सुंदरनगर के आशीष कुमार ने मुक्केबाजी में राष्ट्रमंडल खेलों में पदक जीतकर अपनी प्रतिभा साबित की। वहीं, ऊना के निशाद कुमार ने पैरालंपिक में ऊंची कूद में पदक जीतकर देश का गौरव बढ़ाया।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

अनंत ज्ञान

प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद धर्मशाला न्यायालय के अधीन होंगे।

आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

न्यूज ब्रीफ

नंदपुर में दो संपर्क सड़कों की हुई पासिंग



अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला। जुब्बल-नावर-कोटखाई की ग्राम पंचायत नंदपुर में दो संपर्क सड़कों की सफल पासिंग हुई है। जुब्बल उपमंडल के तहत हालु घर से मुखरोट और मलोग टैंक से कुई तक बनने वाली सड़कों की पासिंग पर ग्रामीणों ने खुशी जताई और शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर का आभार व्यक्त किया। ग्रामीणों ने कहा कि इन सड़कों से किसानों, बागवानों, विद्यार्थियों और आम लोगों को आवागमन में सुविधा मिलेगी। साथ ही शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच आसान होगी। इस अवसर पर पूर्व जिला परिषद सदस्य भीम सिंह झौंटा, पूर्व प्रधान हीरा नंद शर्मा, पूर्व बीडीसी सदस्य समीला झिक्टा सहित अन्य ग्रामीण मौजूद रहे। मौके पर नायब तहसीलदार दिनेश शर्मा और लोक निर्माण विभाग के एसडीओ तरसेम भावटा भी उपस्थित रहे।

अंतरराष्ट्रीय कलाकारों के भित्ति चित्रों से सजेगा आईएचएम कुफरी

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला। होटल प्रबंधन संस्थान (आईएचएम), कुफरी में अंतरराष्ट्रीय कलाकारों द्वारा तैयार भित्ति चित्रों का उद्घाटन 23 नवंबर, 2026 को होगा। इस अवसर पर भारत में ऑस्ट्रिया दूतावास के कला एवं सांस्कृतिक मंच के निदेशक मीचेल पाल और यूक्रेन दूतावास के सचिव वोलोदोमएर प्रीतुला विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। इस भित्ति चित्र का निर्माण अंतरराष्ट्रीय कलाकार फ्लोरियन पर्ल और विताली ग्रेख ने किया है। इस पहल में एसओएफएल की सीमा शर्मा ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। संस्थान के प्रधानाचार्य मुकुल डिमरी ने कहा कि यह पहल विद्यार्थियों को अंतरराष्ट्रीय कला और संस्कृति से जोड़ने में मदद करेगी। कार्यक्रम के दौरान विदेशी प्रतिनिधियों के साथ विद्यार्थियों के लिए विदेशों में उच्च शिक्षा और रोजगार की संभावनाओं पर भी चर्चा होगी। इससे विद्यार्थियों को वैश्विक स्तर पर करियर के अवसरों और अंतरराष्ट्रीय कार्य संस्कृति को समझने का मौका मिलेगा।

नगर निगम की वित्तीय व्यवस्था होगी हाईटेक

अनंत ज्ञान, सत्यदेव भारद्वाज, शिमला। शिमला नगर निगम की वित्त संविदा समिति की बैठक में प्रशासनिक व्यवस्था को आधुनिक बनाने के लिए कई फैसले लिए गए। बैठक में मेयर और अधिशाषी अभियंता के लिए नए वाहन खरीदने तथा कर्मचारियों के वेतन और पेंशन भुगतान के लिए नया सॉफ्टवेयर तैयार करने पर सहमति बनी। नए सॉफ्टवेयर से वेतन और पेंशन का रिकॉर्ड व्यवस्थित होगा तथा भुगतान प्रक्रिया में पारदर्शिता आएगी। इससे कर्मचारियों और पेंशनधारकों को भी सुविधा मिलने की उम्मीद है। बैठक में निगम के कामकाज को तकनीक से जोड़ने और प्रशासनिक प्रक्रियाओं को सरल बनाने पर जोर दिया गया। बैठक में नगर निगम के सभी वार्डों में समान रूप से विकास कार्य करवाने के निर्देश दिए गए। वार्डों की जरूरतों के अनुसार योजनाओं को प्राथमिकता देने और बुनियादी सुविधाएं मजबूत करने पर जोर दिया गया। समिति ने निगम की कार्यप्रणाली को अधिक पारदर्शी और जवाबदेह बनाने पर भी चर्चा की।



भालुओं के हमलों पर लगेगी लगाम, बनेगी विशेष कार्ययोजना

कोटखाई में 23 हमलों से बढ़ी चिंता, मानव सुरक्षा के लिए अलर्ट होगा प्रशासन

अनंत ज्ञान



शिमला। शिमला जिले में भालुओं के बढ़ते हमलों को रोकने के लिए जिला प्रशासन विशेष कार्ययोजना तैयार करेगा। अकेले कोटखाई में भालुओं के हमलों की 23 घटनाएं सामने आने के बाद प्रशासन ने मानव-वन्यजीव संघर्ष रोकने की कवायद तेज कर दी है। उपायुक्त अनुपम कश्यप की अध्यक्षता में शुक्रवार को हुई बैठक में वन विभाग, प्रशासन और पंचायत प्रतिनिधियों ने सुरक्षा उपायों पर चर्चा की।

बैठक में बताया गया कि भालुओं की गतिविधियां अब जंगलों तक सीमित नहीं हैं। वे दिन के उजाले में भी खेतों और रिहायशी क्षेत्रों के आसपास दिखाई दे रहे हैं। कई स्थानों पर मादा भालुओं को दो से तीन शावकों के साथ देखा गया है। कोटखाई में अधिकतर हमले रात 12 से सुबह तीन बजे के बीच हुए हैं। रामपुर के काशापाट, डंसा और सराहन क्षेत्रों में भी भालुओं की मौजूदगी से खतरा बना हुआ है।

उपायुक्त ने भालुओं की संख्या, व्यवहार और विचरण क्षेत्रों का वैज्ञानिक अध्ययन करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने जंगलों में आग से प्राकृतिक आवास और भोजन की उपलब्धता प्रभावित होने को भी भालुओं के आबादी की ओर आने की संभावित वजह बताया।

मानव सुरक्षा के लिए पंचायत स्तर पर वन अधिकारियों के संपर्क नंबर उपलब्ध करवाए जाएंगे। संवेदनशील क्षेत्रों में निगरानी बढ़ाने, गोशालाओं को सुरक्षित बनाने और आंगनवाड़ी केंद्रों में बच्चों की सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने को कहा गया। पर्यटकों और ट्रैकर्स के लिए विशेष एडवाइजरी जारी करने तथा स्वास्थ्य संस्थानों में घायलों के उपचार के लिए जरूरी दवाइयां उपलब्ध रखने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में इलेक्ट्रिक फुटमैट, एनिमल डिटरेंट डिवाइस और बियर स्प्रे जैसे बचाव विकल्पों पर भी चर्चा हुई।

कंडी पंचायत के प्रधान ब्यासु राम ने हालिया भालू हमले का जिक्र करते हुए बताया कि समय पर सूचना मिलने से घायल व्यक्ति को आईजीएमसी पहुंचाने में मदद मिली। उन्होंने मटर और अन्य पारंपरिक फसलों को भालुओं से हो रहे नुकसान तथा भेड़पालकों की सुरक्षा का मुद्दा भी उठाया।

बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त सचिन शर्मा, एडीएम ज्ञान सागर नेगी, पंकज शर्मा, सीएमओ डॉ. यशपाल रांटा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। ठियोग, रामपुर, सुन्नी, डोडरा क्वार, रोहडू और चौपाल के अधिकारियों ने भी अपने क्षेत्रों की स्थिति बताई। उपायुक्त ने स्पष्ट किया कि मानव जीवन की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसके लिए सभी विभागों को मिलकर काम करना होगा।

एक साल से सेब का भुगतान लटका बागवानों को थमाए नोटिस : बरागटा

अनंत ज्ञान

◆एमआईएस के लंबित पैसे तुरंत जारी करने की मांग की



शिमला। प्रदेश के बागवानों को सरकारी खरीद केंद्रों में सेब बेचने के एक साल बाद भी भुगतान नहीं मिला है। ऊपर से अब उन्हें दस्तावेजों के सत्यापन के नाम पर नोटिस जारी किए जा रहे हैं। इस मामले को लेकर भाजपा नेता चेतन बरागटा ने कांग्रेस सरकार की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं।

शुक्रवार को जुब्बल में जारी बयान में चेतन बरागटा ने कहा कि अगस्त में बागवानों के विरोध के बाद सरकार ने मंडी मध्यस्थता योजना (एमआईएस) के तहत जारी नोटिस वापस लेने और भविष्य में परेशान न करने का आश्वासन दिया था। इसके बावजूद तीन महीने के भीतर जुब्बल में एसडीएम कार्यालय के माध्यम से दोबारा नोटिस जारी किए जाने लगे हैं।

उन्होंने कहा कि नोटिसों के माध्यम से बागवानों को आधार कार्ड, सभी राजस्व गांवों की जमाबंदी और बैंक खातों का विवरण जमा करवाने के निर्देश दिए जा रहे हैं। दस्तावेजों के सत्यापन के बाद ही भुगतान जारी करने की बात कही जा रही है। सवाल यह है कि वर्ष 2025 में सरकारी व्यवस्था के तहत सेब बेचने वाले बागवानों का भुगतान एक साल बाद भी क्यों लंबित है?

बरागटा ने कहा कि एमआईएस के तहत कलेक्शन सेंटरों में सेब की तुलाई और रिकॉर्ड तैयार करने की पूरी प्रक्रिया सरकारी कर्मचारियों की निगरानी में होती है। यदि रिकॉर्ड में कोई त्रुटि है तो इसकी जिम्मेदारी विभाग की है। सरकारी व्यवस्था की खामियों का बोझ बागवानों पर डालना उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष ओलावृष्टि और बीमारियों के कारण पहले ही बागवानों को नुकसान उठाना पड़ा है। ऐसे में सरकार को राहत देनी चाहिए थी, लेकिन उन्हें भुगतान के बजाय नोटिस और कागजी औपचारिकताओं में उलझाया जा रहा है। चेतन बरागटा ने सरकार से एमआईएस के तहत जारी सभी नोटिस तत्काल वापस लेने और वर्ष 2025 का लंबित भुगतान सीधे बागवानों के बैंक खातों में जारी करने की मांग की।

राज्यपाल ने गेयटी थिएटर में विंटर ट्रैवल एग्जीबिशन का किया शुभारंभ

अनंत ज्ञान



सत्यदेव भारद्वाज, शिमला। हिमाचल में पर्यटन का विकास पर्यावरण और संस्कृति के संरक्षण के साथ होना चाहिए। पर्यटन बढ़ाने के साथ स्थानीय लोगों के लिए रोजगार और स्वरोजगार के अवसर पैदा करना भी जरूरी है। यह बात राज्यपाल कविंद्र गुप्ता ने शुक्रवार को ऐतिहासिक गेयटी थिएटर में विंटर ट्रैवल एग्जीबिशन का शुभारंभ करते हुए कही।

ट्रैवल एंड टूरिज्म बाजार, कोलकाता की ओर से आयोजित प्रदर्शनी की थीम 'यात्रा एवं पर्यटन उद्योग में सतत विकास का महत्व' रखी गई है। राज्यपाल ने कहा कि हिमाचल के जंगल, नदियां, पर्वत और प्राकृतिक संसाधन अमूल्य धरोहर हैं। पर्यटन गतिविधियों का विस्तार करते समय इनके संरक्षण का ध्यान रखना जरूरी है।

उन्होंने कहा कि हिमाचल अपनी प्राकृतिक सुंदरता, सांस्कृतिक विरासत और साहसिक पर्यटन के लिए विश्वभर में पहचान रखता है। प्रदर्शनी में गोवा की भागीदारी से दोनों राज्यों के बीच पर्यटन साझेदारी और अनुभवों के आदान-प्रदान के नए अवसर मिलेंगे। उन्होंने स्थानीय उत्पादों और पर्यटन स्थलों को बढ़ावा देने पर भी जोर दिया। राज्यपाल ने उम्मीद जताई कि प्रदर्शनी पर्यटन क्षेत्र से जुड़े लोगों को नए अवसर और साझेदारियां तलाशने का मंच प्रदान करेगी। इससे हिमाचल को जिम्मेदार और टिकाऊ पर्यटन गंतव्य के रूप में विकसित करने में मदद मिलेगी।

इससे पहले गोवा पर्यटन विकास निगम के उप महाप्रबंधक दीपक नाबेकर ने राज्यपाल का स्वागत किया। इस अवसर पर नगर निगम शिमला के महापौर सुरेंद्र चौहान, पर्यटन क्षेत्र के प्रतिनिधि, हिमाचली होमस्टे एसोसिएशन के पदाधिकारी और पर्यटन विशेषज्ञ मौजूद रहे।

एचपीयू की स्वायत्तता पर समझौता नहीं : अभाविप

फीस अनियमितताओं की जांच की मांग को लेकर किया प्रदर्शन

अनंत ज्ञान



विश्वविद्यालय परिसर में धरना प्रदर्शन करते अभाविप कार्यकर्ता।

ब्यूरो, शिमला। हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय में छात्रहितों से जुड़े मुद्दों को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) की विश्वविद्यालय इकाई ने शुक्रवार को परिसर में धरना प्रदर्शन किया। परिषद ने विश्वविद्यालय की स्वायत्तता बरकरार रखने, फीस निर्धारण में पारदर्शिता लाने और विद्यार्थियों को बेहतर सुविधाएं देने की मांग उठाई।

प्रदर्शन के दौरान अभाविप कार्यकर्ताओं ने कहा कि विश्वविद्यालय की स्वायत्तता उसकी शैक्षणिक गरिमा और स्वतंत्र निर्णय क्षमता का आधार है। इसमें किसी भी तरह का हस्तक्षेप विद्यार्थियों के भविष्य और शैक्षणिक व्यवस्था को प्रभावित कर सकता है। परिषद ने फीस वृद्धि और निर्धारण में कथित अनियमितताओं पर सवाल उठाते हुए पूरे मामले की जांच करवाने की मांग की। कार्यकर्ताओं ने कहा कि फीस व्यवस्था पारदर्शी और न्यायसंगत होनी चाहिए, ताकि विद्यार्थियों पर अनावश्यक आर्थिक बोझ न पड़े। अभाविप ने गर्ल्स हॉस्टल तक जाने वाले रास्ते पर पर्याप्त स्ट्रीट लाइट लगाने और विश्वविद्यालय पुस्तकालय में सर्दियों के दौरान हीटर उपलब्ध करवाने की मांग भी उठाई।

इकाई मंत्री अंकित चंदेल ने कहा कि विश्वविद्यालय प्रशासन को विद्यार्थियों की समस्याओं का शीघ्र समाधान करना चाहिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि विश्वविद्यालय की स्वायत्तता, फीस में पारदर्शिता और छात्र अधिकारों की रक्षा के लिए परिषद का संघर्ष जारी रहेगा।

मतियाना स्कूल में मेधावी छात्र को किया सम्मानित



अनंत ज्ञान

प्रदीप कुमार, ठियोग। राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मतियाना में शैक्षणिक सत्र 2026-27 का वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह धूमधाम से मनाया गया। समारोह में जिला परिषद सदस्य आशा कंवर ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की, जबकि दीवान चंदेल विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। कार्यक्रम का आगाज मां सरस्वती की वंदना से हुआ।

इसके बाद विद्यार्थियों ने स्वागत गीत, पहाड़ी नाटी, समूह नृत्य और योग प्रदर्शन सहित रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से ऐसा समां बांधा कि पूरा परिसर तालियों से गूंज उठा। हिमाचली लोक संस्कृति की झलक और विद्यार्थियों की शानदार प्रस्तुतियां समारोह का विशेष आकर्षण रहीं।

विद्यालय के प्रधानाचार्य राम लाल डोगरा ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत कर शैक्षणिक, खेलकूद और सांस्कृतिक गतिविधियों में विद्यालय की वर्षभर की उपलब्धियों का ब्यौरा रखा। इस दौरान विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को मुख्य अतिथि आशा कंवर ने पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। उन्होंने विद्यार्थियों को अनुशासन, कठिन परिश्रम और आत्मविश्वास को सफलता की कुंजी बताते हुए जीवन में निर्धारित लक्ष्य हासिल करने के लिए प्रेरित किया। विशिष्ट अतिथि दीवान चंदेल सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया और विद्यालय के प्रयासों की सराहना की।

समारोह में सुरेंद्र रैटा, लाल चंद चंदेल, कुंदन लाल चौहान, जिया लाल चंदेल, संदीप और विक्रांत घोंक्रोक्टा सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। आयोजन को सफल बनाने में प्रधानाचार्य राम लाल डोगरा के नेतृत्व में समस्त शिक्षक एवं गैर-शिक्षक कर्मचारियों ने अहम भूमिका निभाई। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी रोशन चौहान, अनीता मनकोटिया और बृज भूषण कैंथला सहित मीडिया प्रभारी तेजेन्द्र सिंह नेगी का योगदान भी सराहनीय रहा। अंत में राष्ट्रगान के साथ समारोह का समापन हुआ।

एसएफआई के राज्य सम्मेलन में उमड़ा छात्र शक्ति का सैलाब

अनंत ज्ञान



ब्यूरो, शिमला। एसएफआई के 23वें राज्य सम्मेलन का शुक्रवार को शिमला के कालीबाड़ी में आगाज हुआ। सम्मेलन के शुभारंभ पर 600 से अधिक छात्र-छात्राओं ने रैली निकालकर शिक्षा और छात्र अधिकारों की आवाज बुलंद की। प्रदेश के 12 जिलों, 80 महाविद्यालयों और पांच विश्वविद्यालयों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस दौरान 'शिक्षा बचाओ, देश बचाओ' और 'राष्ट्रीय शिक्षा नीति वापस लो' के नारों से शिमला गूंज उठा।

रैली को प्रदेशाध्यक्ष अनिल ठाकुर, अखिल भारतीय संयुक्त सचिव आइशी घोष और राज्य सचिव सन्नी सेकटा ने संबोधित किया। आइशी घोष ने छात्र एकजुटता का आह्वान किया। वहीं अनिल ठाकुर ने सार्वजनिक शिक्षा और सस्ती पढ़ाई के लिए एसएफआई के संघर्षों का उल्लेख किया। उन्होंने दावा किया कि फीस वृद्धि के खिलाफ आंदोलन के चलते सरकार को फैसला वापस लेना पड़ा था। अखिल भारतीय अध्यक्ष आदर्श एम. साजी ने शिक्षा के निजीकरण और व्यावसायीकरण पर चिंता जताते हुए छात्रों से लोकतंत्र, धर्मनिरपेक्षता और सामाजिक न्याय के लिए एकजुट होने की अपील की।

दो दिवसीय सम्मेलन में फीस वृद्धि, बेरोजगारी, छात्रवृत्ति, रिक्त पदों और छात्र संघ चुनावों की बहाली पर चर्चा होगी। संगठन की कार्यकाल रिपोर्ट पेश करने के बाद नई राज्य कमेटी का चुनाव किया जाएगा।

जुब्बल-कोटखाई के दो एनएच के लिए 74.99 करोड़ मंजूर

अनंत ज्ञान

सत्यदेव भारद्वाज, शिमला। प्राकृतिक आपदाओं से क्षतिग्रस्त जुब्बल-नावर-कोटखाई क्षेत्र के दो महत्वपूर्ण राष्ट्रीय राजमार्गों के जीर्णोद्धार का रास्ता साफ हो गया है। राष्ट्रीय राजमार्ग-705 (ठियोग-हाटकोटी) और राष्ट्रीय राजमार्ग-707 (हाटकोटी-पौंटा) के सुधार एवं रखरखाव के लिए 74.99 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं। शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर के प्रयासों से मिली इस राशि से दोनों मार्गों की हालत सुधरेगी और क्षेत्र के लोगों को आवागमन में राहत मिलेगी।

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी जुब्बल-नावर-कोटखाई के अध्यक्ष जितेंद्र मैहता सहित जिला परिषद और पंचायत समिति प्रतिनिधियों ने इस स्वीकृति के लिए शिक्षा मंत्री का आभार जताया है। संयुक्त बयान में उन्होंने बताया कि प्रदेश में राष्ट्रीय राजमार्गों के जीर्णोद्धार और रखरखाव के लिए कुल 138.70 करोड़ रुपये स्वीकृत हुए हैं। इसमें से 74.99 करोड़ रुपये क्षेत्र के दोनों मार्गों के लिए मिले हैं, जो कुल राशि का करीब 54.07 प्रतिशत है।

प्रतिनिधियों ने कहा कि ये दोनों सड़कें क्षेत्र की आर्थिक और सामाजिक गतिविधियों की जीवनरेखा हैं। इनके सुधरने से बागवानों, किसानों और व्यापारियों को अपने उत्पाद मंडियों तक पहुंचाने में सुविधा मिलेगी। साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों का सड़क संपर्क भी मजबूत होगा।

उन्होंने बताया कि पहले राष्ट्रीय राजमार्गों के रखरखाव के लिए अधिकतम दो करोड़ रुपये तक की राशि स्वीकृत होती थी। ऐसे में 74.99 करोड़ रुपये की मंजूरी क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण है। प्रतिनिधियों के अनुसार, पिछले चार वर्षों में शिक्षा मंत्री के प्रयासों से विधानसभा क्षेत्र में 210 सड़कों की पासिंग करवाई गई है। इसके अलावा करीब 850 करोड़ रुपये की सड़क और भवन निर्माण परियोजनाएं भी स्वीकृत हुई हैं, जिन पर काम चल रहा है।

संयुक्त बयान जारी करने वालों में जिला परिषद सदस्य रेखा चौहान, मीनाक्षी मांजटा और नेहा मैहता, पंचायत समिति जुब्बल की अध्यक्ष कमलेश झगटा, कोटखाई की अध्यक्ष विजया राजटा, रोहडू की अध्यक्ष ज्ञानपति रमसेठ तथा पंचायत समिति उपाध्यक्ष सुनील राजटा और लोकपाल शरखोली शामिल रहे।

अनंत Classifieds

बेदखली सूचना

मैं, रणजीत सिंह (57 वर्ष) पुत्र श्री बलदेव सिंह, निवासी गांव व डाकघर मुमता, तहसील नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.) घोषणा करता हूँ कि मेरा पुत्र सुदर्शन कुमार व उसकी पत्नी श्रीमती पायल मेरे नियंत्रण से बाहर हैं। अत: मैं अपने पुत्र सुदर्शन कुमार व उसकी पत्नी श्रीमती पायल को अपनी तमाम चल / अचल संपत्ति से बेदखल करता हूँ। भविष्य में उनसे संबंध रखने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। सभी संबंधित नोट करें।

नाम परिवर्तन

मैं, रीना कुमारी पत्नी राज तिलक नेगी, निवासी गांव एवं डाकघर मोरंग, तहसील मोरंग, जिला किन्नौर (हि.प्र.), यह घोषणा करती हूं कि मेरी पुत्री का वास्तविक एवं सही नाम वैष्णवी युल्लाम है। जबकि जन्म प्रमाण पत्र में त्रुटिवश मेरी पुत्री का नाम वैष्णवी युल्लाम के स्थान पर वैष्णवी नेगी दर्ज हो गया है। अत: जन्म प्रमाण पत्र में दर्ज मेरी पुत्री के नाम को वैष्णवी नेगी से संशोधित कर वैष्णवी युल्लाम किया जाए।

नाम परिवर्तन

मैं, स्नेहा (18 वर्ष) पुत्री श्री करम चन्द, निवासी गांव कोट खमराधा, डाकघर कोट खमराधा, तहसील औट, जिला मंडी, हि.प्र. घोषणा करती हूं कि मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम सनेह (Saneha) गलत दर्ज है। जबकि मेरा सही नाम स्नेहा (Sneha) है। अत: आधार कार्ड में भी मेरा सही नाम स्नेहा (Sneha) दर्ज किया जाए।

नाम परिवर्तन

मैं, गोपाल कृष्ण राय (48 वर्ष) पुत्र श्री राम चन्द्र, निवासी गांव नाऊ, डाकघर औट, तहसील औट, जिला मंडी, हि.प्र. घोषणा करता हूं कि मेरी पुत्री के आधार कार्ड में उसका नाम अम्बिका राय गलत दर्ज है। जबकि मेरी पुत्री का सही नाम अम्बिका शर्मा है। अत: आधार कार्ड में भी सही नाम अम्बिका शर्मा दर्ज किया जाए।

बैठक तीन साल के बजट, विकास कार्यों और ऑडिट आपत्तियों की होगी समीक्षा

27 नवंबर को लेखा समिति की बैठक में सरकारी खर्च का होगा हिसाब: उपायुक्त

अनंत ज्ञान



उपायुक्त अनुपम कश्यप अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए।

सत्यदेव भारद्वाज, शिमला। शिमला जिला में सरकारी धन के इस्तेमाल और विकास कार्यों की प्रगति की गहन समीक्षा होगी। 27 नवंबर को होने वाली स्थानीय निधि लेखा समिति की बैठक से पहले उपायुक्त अनुपम कश्यप ने सभी विभागों को पूरी तैयारी के साथ उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि बैठक में अधूरी जानकारी या पुराने आंकड़े स्वीकार नहीं होंगे।

उपायुक्त की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में वर्ष 2023 के बाद की वित्तीय गतिविधियों और विकास कार्यों की समीक्षा की तैयारियों का जायजा लिया गया। अधिकारियों को पिछले तीन वर्षों में आवंटित बजट, खर्च की गई राशि, शेष धनराशि और योजनावार कार्यों का पूरा विवरण तैयार करने को कहा गया है। साथ ही विकास कार्यों की मौजूदा स्थिति और उन पर हुई कार्रवाई की रिपोर्ट भी प्रस्तुत करनी होगी।

बैठक में स्थानीय लेखा परीक्षा और महालेखाकार कार्यालय की लंबित ऑडिट आपत्तियों पर भी चर्चा होगी। उपायुक्त ने विभागों को ऑडिट पैरा के निस्तारण, लंबित मामलों, राजस्व में वृद्धि या कमी तथा विभिन्न योजनाओं के तहत निर्मित भवनों और आधारभूत सुविधाओं की स्थिति का ब्यौरा तैयार करने के निर्देश दिए।

वित्तीय अनुशासन और जवाबदेही पर जोर

उपायुक्त अनुपम कश्यप ने कहा कि स्थानीय निधि लेखा समिति की बैठक प्रशासनिक पारदर्शिता, वित्तीय अनुशासन और जवाबदेही सुनिश्चित करने का महत्वपूर्ण माध्यम है। सरकारी धन का उपयोग निर्धारित उद्देश्यों के अनुरूप होना चाहिए। प्रत्येक विभाग अपने कार्यों के प्रति जवाबदेह रहे। उन्होंने अधिकारियों को अभिलेखों और कार्रवाई रिपोर्ट का मिलान कर पूरी तैयारी के साथ बैठक में पहुंचने के निर्देश दिए। बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त सचिन शर्मा, अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी (प्रोटोकॉल) ज्ञान सागर नेगी, अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी (कानून एवं व्यवस्था) पंकज शर्मा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

जगत सिंह नेगी के बयान पर भाजपा ने पुलिस में दी शिकायत

अनंत ज्ञान

◆एफआईआर दर्ज करने की मांग

ब्यूरो, शिमला। भाजपा प्रदेश मीडिया संयोजक कर्ण नंदा ने राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी की ओर से विधानसभा में राफेल लड़ाकू विमानों और ऑपरेशन सिंदूर को लेकर की गई टिप्पणियों के खिलाफ पुलिस अधीक्षक शिमला को औपचारिक शिकायत सौंपी है। भाजपा ने संबंधित बयानों की जांच कर संज्ञेय अपराध के प्रमाण मिलने पर एफआईआर दर्ज करने की मांग उठाई है। नंदा ने कहा कि भारतीय सेना और राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े संवेदनशील विषयों पर जिम्मेदार पदों पर बैठे लोगों को सार्वजनिक रूप से बयान देते समय संवैधानिक मर्यादाओं और जिम्मेदारी का ध्यान रखना चाहिए।

कर्ण नंदा के अनुसार, 18 नवंबर को विधानसभा की कार्यवाही के दौरान की गई टिप्पणियों को लेकर शिकायत में संबंधित कार्यवाही की प्रमाणित प्रति और वीडियो रिकॉर्डिंग सुरक्षित रखने के साथ यह भी जांचने का आग्रह किया गया है कि मंत्री ने विधानसभा के बाहर किसी सार्वजनिक मंच, मीडिया या सामाजिक माध्यमों पर भी ऐसे बयान दिए हैं या नहीं। उन्होंने भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत तथ्यों की जांच करने की मांग की। साथ ही स्पष्ट किया कि विधानसभा में दिए गए भाषण को संविधान के अनुच्छेद 194(2) के तहत प्राप्त संरक्षण का सम्मान होना चाहिए, लेकिन सदन के बाहर कोई स्वतंत्र रूप से दंडनीय कृत्य सामने आता है तो कानून के अनुसार कार्रवाई की जानी चाहिए।

भाजपा ने पुलिस प्रशासन से निष्पक्ष जांच कर शिकायत पर की गई कार्रवाई की लिखित जानकारी देने की मांग की है। पुलिस कार्यालय में शिकायत 20 नवंबर को डायरी संख्या 28577 के तहत प्राप्त की गई है। नंदा ने कहा कि सेना के सम्मान और राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े मामलों में किसी भी प्रकार की टिप्पणी की जांच तथ्यों और कानून के आधार पर होनी चाहिए।

व अदालत सहायक समाहर्ता दितीय श्रेणी एवं नायब तहसीलदार भूव्यवस्था वृत्त हमीरपुर-1 स्थित अणु तहसील व जिला हमीरपुर (हि.प्र.)
मिसल नम्बर- 7/2026
किस्म मुकद्दमा-नाम दरुस्ती
तारीख पेशी-21/12/2026
राविन्द्र सिंह रांगडा पुत्र स्व0 श्री शंकर दास निवासी गांव कमलाह डाकघर नेरी तहसील व जिला हमीरपुर (हि.प्र.)
वनाम आम जनता
विषय: ईश्तहार मुशत्री मुनादी शीर्षक राविन्द्र सिंह रांगडा पुत्र स्व0 श्री शंकर दास निवासी गांव कमलाह डाकघर नेरी तहसील व जिला हमीरपुर (हि.प्र.) वनाम आम जनता।
उपरोक्त विषय के संदर्भ में सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राविन्द्र सिंह रांगडा पुत्र स्व0 श्री शंकर दास निवासी गांव कमलाह डाकघर नेरी तहसील व जिला हमीरपुर (हि.प्र.) ने राजस्व अभिलेख महाल कमलाह मौजा जंगल में अपने व अपने पिता के नाम की दरुस्ती वारे प्रार्थना पत्र इस अदालत में गुजारा है कि राजस्व अभिलेख महाल कमलाह में उसका नाम रविन्द्र सिंह दर्ज है व उसके पिता का नाम शंकर सिंह दर्ज है जबकि उसके वोटर कार्ड, आधार कार्ड, परिवार रजिस्टर की नकल, दसवीं कक्षा का प्रमाण पत्र व पैन कार्ड में उसका नाम राविन्द्र सिंह रांगडा व पिता का नाम शंकर दास दर्ज है। प्रार्थी राजस्व अभिलेख महाल कमलाह मौजा जंगल में अपना नाम रविन्द्र सिंह के वजाए राविन्द्र सिंह रांगडा व अपने पिता का नाम शंकर सिंह के वजाए शंकर दास सही दर्ज करवाना चाहता है। दरुस्ती नाम का मुकद्दमा इस न्यायालय में विचाराधीन है तथा जिसकी सुनवाई की तिथि 21/12/2026 को निर्धारित की गई है। अतः उपरोक्त मुकद्दमा से सम्बन्धित किसी को कोई उजर / एतराज हो तो दिनांक 21/12/2026 को या इससे पहले इस न्यायालय में असालतन/वकालतन प्रस्तुत कर सकते है। हाजर न आने की सूरत में एक तरफा कार्यवाही अमल में लाई जावेगी । आज, दिनांक 19/11/2026 को मेरे हस्ताक्षर व मोहर अदालत द्वारा जारी हुआ ।
सहायक समाहर्ता दितीय श्रेणी हमीरपुर
प्रथम स्थित अणु

स्पीति में सिंगल लाइन प्रशासन पर बढ़ा विरोध

पंचायत प्रधान बोले- जनता और जनप्रतिनिधियों को विश्वास में लिए बिना फैसला स्वीकार नहीं

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, काजा। जनजातीय क्षेत्रों में सिंगल लाइन एडमिनिस्ट्रेशन व्यवस्था समाप्त करने की सिफारिश को लेकर स्पीति घाटी में विरोध के स्वर तेज हो गए हैं। हिमाचल प्रदेश सरकार की जनजातीय सलाहकार परिषद की बैठक में मुख्यमंत्री के समक्ष इस व्यवस्था को समाप्त करने की सिफारिश किए जाने पर स्पीति विकास खंड के समस्त पंचायत प्रधानों ने कड़ी नाराजगी जताते हुए इसे दुर्भाग्यपूर्ण और निंदनीय करार दिया है। पंचायत प्रतिनिधियों ने सवाल उठाया है कि आखिर जनजातीय क्षेत्रों के भविष्य और प्रशासनिक अधिकारों से जुड़े इतने महत्वपूर्ण विषय पर स्थानीय जनता और चुने हुए जनप्रतिनिधियों को विश्वास में लिए बिना सिफारिश कैसे की जा सकती है?



पंचायत प्रतिनिधि समस्या को लेकर ज्ञापन सौंपते हुए। अनंत ज्ञान

पंचायत प्रधानों का कहना है कि सिंगल लाइन एडमिनिस्ट्रेशन व्यवस्था जनजातीय क्षेत्रों की भौगोलिक परिस्थितियों और स्थानीय जरूरतों को ध्यान में रखकर स्थापित की गई थी। इस व्यवस्था को लागू करवाने के लिए वर्ष 1980 के दशक में क्षेत्र के बुजुर्गों और पूर्वजों ने शिमला में लंबा संघर्ष किया था तथा धरना-प्रदर्शन किए थे। उनके संघर्ष और अथक प्रयासों के बाद ही जनजातीय क्षेत्रों को यह महत्वपूर्ण प्रशासनिक सुविधा मिल पाई थी। ऐसे में आज उसी व्यवस्था को समाप्त करने की सिफारिश करना न केवल बुजुर्गों के संघर्ष की अनदेखी है बल्कि जनजातीय जनता की भावनाओं के साथ भी खिलवाड़ है।

पंचायत प्रतिनिधियों ने स्पीति की कठिन भौगोलिक परिस्थितियों का हवाला देते हुए कहा कि इस व्यवस्था को समाप्त करने का सबसे अधिक खामियाजा दूरदराज के ग्रामीणों को भुगतना पड़ेगा। स्पीति के सुमदो से केलांग की दूरी लगभग 484 किलोमीटर है। वहीं, कुंजुम दर्रा करीब छह महीने तक बर्फबारी के कारण बंद रहता है। ऐसी परिस्थितियों में यदि लोगों को एक साधारण प्रमाण पत्र बनवाने जैसे छोटे प्रशासनिक कार्य के लिए भी केलांग जाना पड़े तो यह उनके

- 1980 के दशक के संघर्ष को बताया ऐतिहासिक
- सरकार से सिफारिश पर पुनर्विचार करने की मांग

लिए कितनी बड़ी परेशानी होगी, इसका अंदाजा सहज ही लगाया जा सकता है। इसका सबसे अधिक असर बुजुर्गों, महिलाओं, विद्यार्थियों और दूरदराज के गांवों में रहने वाले लोगों पर पड़ेगा।

प्रधानों ने स्पष्ट किया कि सिंगल लाइन एडमिनिस्ट्रेशन महज प्रशासनिक व्यवस्था नहीं, बल्कि जनजातीय क्षेत्रों की परिस्थितियों के अनुरूप विकसित की गई एक महत्वपूर्ण सुविधा है। इसे समाप्त करने से आम जनता को प्रशासनिक कार्यों के लिए अनावश्यक रूप से लंबी दूरी तय करनी पड़ेगी। इससे न केवल लोगों की परेशानियां बढ़ेंगी, बल्कि क्षेत्र के विकास कार्यों और प्रशासनिक सेवाओं की सुगमता पर भी प्रतिकूल असर पड़ सकता है। स्पीति के पंचायत प्रधानों ने प्रदेश सरकार से मांग की है कि सिंगल लाइन एडमिनिस्ट्रेशन व्यवस्था समाप्त करने की सिफारिश पर तत्काल पुनर्विचार किया जाए। उन्होंने दो टूक कहा कि जनजातीय क्षेत्रों के हितों से जुड़े फैसले स्थानीय जनता की राय और सहमति के बिना नहीं लिए जाने चाहिए। किसी भी अंतिम निर्णय से पहले स्पीति सहित सभी जनजातीय क्षेत्रों के लोगों, पंचायत प्रतिनिधियों और संबंधित हितधारकों के साथ व्यापक विचार-विमर्श किया जाना जरूरी है।

पंचायत प्रतिनिधियों ने दोहराया कि उनके बुजुर्गों ने जिस व्यवस्था के लिए संघर्ष किया, उसे समाप्त करने के बजाय और अधिक मजबूत तथा जनहितकारी बनाया जाना चाहिए। अब देखना होगा कि प्रदेश सरकार स्पीति के पंचायत प्रतिनिधियों की इस आपत्ति और जनजातीय क्षेत्रों की संवेदनशील परिस्थितियों को कितनी गंभीरता से लेती है।


काजा में हाई-एल्टीट्यूड इंडोर आइस हॉकी स्टेडियम की तैयारियों को मिली रफ्तार

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, काजा। जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति के काजा में प्रस्तावित हाई-एल्टीट्यूड इंडोर आइस हॉकी स्टेडियम के निर्माण की दिशा में तैयारियां तेज हो गई हैं। इस संबंध में आइस हॉकी एसोसिएशन ऑफ लाहौल-स्पीति (आईएचएएलएस) की अध्यक्ष शिखा सिमटिया के नेतृत्व में एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने उपायुक्त निवेदिता नेगी के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विस्तृत बैठक की। बैठक में प्रस्तावित स्टेडियम के निर्माण, तकनीकी ढांचे, संचालन और दीर्घकालिक उपयोगिता को लेकर चर्चा की गई।

बैठक में एसोसिएशन के प्रतिनिधियों ने कहा कि स्पीति जैसे ऊंचाई वाले क्षेत्र में इंडोर आइस हॉकी स्टेडियम का निर्माण करते समय स्थानीय जलवायु, संरचनात्मक मजबूती, ऊर्जा दक्षता और रखरखाव जैसे पहलुओं पर विशेष ध्यान देना जरूरी है। स्टेडियम के निर्माण से लेकर नियमित संचालन तक सभी व्यवस्थाओं को व्यावहारिक व टिकाऊ बनाने पर भी विचार-विमर्श हुआ।

उपायुक्त ने दिया हरसंभव सहयोग का आश्वासन



उपायुक्त निवेदिता नेगी ने बैठक में प्रस्तुत सुझावों और तकनीकी जानकारी की सराहना करते हुए परियोजना को आगे बढ़ाने के लिए हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। बैठक में लाहौल और स्पीति के आईएचएएलएस के प्रमुख सदस्य भी शामिल रहे।

आईएचएएलएस के कार्यकारी सदस्य संजीबन रॉय ने देश के विभिन्न हिस्सों में स्थित आइस हॉकी रिंकों का विस्तृत मूल्यांकन प्रस्तुत किया। उन्होंने लद्दाख, देहरादून व पुणे के आइस हॉकी रिंकों के अनुभव साझा किए। साथ ही उनकी सकारात्मक व्यवस्थाओं व परिचालन संबंधी चुनौतियों का स्पीति की भौगोलिक परिस्थितियों के संदर्भ में विश्लेषण किया।

एसोसिएशन ने बैठक में प्रस्तावित स्टेडियम के निर्माण से पहले विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार करने और उसे स्वीकृत करवाने की आवश्यकता पर जोर दिया। एसोसिएशन का मानना है कि तकनीकी रूप से मजबूत डीपीआर तैयार होने से निर्माण और संचालन के दौरान आने वाली संभावित समस्याओं का पहले ही समाधान किया जा सकेगा। इससे स्टेडियम को अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप विकसित करने में भी मदद मिलेगी।

एसोसिएशन की अध्यक्ष शिखा सिमटिया के नेतृत्व में प्रतिनिधियों ने कहा कि प्रस्तावित इंडोर आइस हॉकी स्टेडियम केवल खेल अधोसंरचना नहीं, बल्कि क्षेत्र के युवाओं के सपनों और भविष्य से जुड़ी महत्वपूर्ण परियोजना है। इसके निर्माण से स्थानीय खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण सुविधाएं मिलेंगी और आइस हॉकी को नई पहचान मिलेगी। एसोसिएशन ने इसे विश्वस्तरीय और टिकाऊ खेल सुविधा के रूप में विकसित करने की प्रतिबद्धता दोहराई।

4 वर्षों में विकास, जनकल्याण व व्यवस्था परिवर्तन के नए आयाम

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, कुल्लू। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व वाली हिमाचल प्रदेश सरकार ने चार वर्षों के कार्यकाल में जनकल्याण, सामाजिक न्याय और विकास को प्राथमिकता देते हुए कई महत्वपूर्ण फैसले लिए हैं। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के राज्य प्रवक्ता एवं मीडिया पैनलिस्ट नवनीत सूद ने सरकार की 45 प्रमुख उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रदेश में व्यवस्था परिवर्तन की सोच के साथ विकास के नए आयाम स्थापित किए गए हैं।

उन्होंने बताया कि सरकार की उपलब्धियों को 'विकास के 45 सोपान देवभूमि में उन्नति और जन-कल्याण का एक स्वर्णिम अध्याय' नामक पुस्तिका में संकलित किया गया है। इसमें सामाजिक सुरक्षा, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, कृषि, बागवानी और पर्यटन सहित विभिन्न क्षेत्रों में किए गए कार्यों का विवरण दिया गया है।

नवनीत सूद के अनुसार, करीब 1.36 लाख सरकारी कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन योजना की बहाली, पात्र महिलाओं को इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख सम्मान निधि के तहत 1500 रुपये मासिक सहायता तथा विधवाओं, एकल महिलाओं और अनाथ बच्चों के लिए कल्याणकारी योजनाएं सरकार के प्रमुख फैसलों में शामिल हैं। मुख्यमंत्री सुख-आश्रय योजना के तहत अनाथ बच्चों की शिक्षा, आवास और भविष्य की जिम्मेदारी उठाने के साथ विवाह के लिए आर्थिक सहायता का भी प्रावधान किया गया है। उन्होंने वर्ष 2023 की प्राकृतिक आपदा के बाद प्रभावित

अंतिम व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचाना सरकार का लक्ष्य: सूद



नवनीत सूद ने कहा कि सरकार का लक्ष्य अंतिम व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचाना, युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ाना और हिमाचल को आत्मनिर्भर बनाना है। उन्होंने इन चार वर्षों को जनकल्याण और व्यवस्था परिवर्तन की दिशा में महत्वपूर्ण बताया।

परिवारों के लिए लगभग 4500 करोड़ रुपये के विशेष राहत पैकेज को भी बड़ी उपलब्धि बताया। स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार, आधुनिक चिकित्सा उपकरणों, हेलीपोर्ट निर्माण और सार्वजनिक सुविधाओं के विकास को भी पुस्तिका में स्थान दिया गया है।

नवनीत सूद ने कहा कि कांगड़ा को पर्यटन राजधानी के रूप में विकसित करने, कांगड़ा हवाई अड्डे के विस्तार और किशाऊ जलविद्युत परियोजना को आगे बढ़ाने के प्रयास किए गए हैं। हिमाचल को देश का पहला हरित ऊर्जा राज्य बनाने के लक्ष्य के तहत इलेक्ट्रिक बसों, चार्जिंग स्टेशनों, सौर ऊर्जा और ग्रीन हाइड्रोजन को बढ़ावा दिया जा रहा है।

शिक्षा के क्षेत्र में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए आर्थिक सहायता, सरकारी स्कूलों में अंग्रेजी माध्यम की शुरुआत और राजीव गांधी डे-बोर्डिंग स्कूलों के निर्माण को प्रमुख उपलब्धियों में शामिल किया गया है।

रक्तदान के क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवाओं के लिए री इमेजिन जिंदगी सम्मानित



अनंत ज्ञान

ब्यूरो, कुल्लू। रक्तदान के क्षेत्र में निस्वार्थ भाव से सेवाएं दे रही सामाजिक संस्था री इमेजिन जिंदगी को ब्रह्माकुमारी कुल्लू इकाई द्वारा सम्मानित किया गया। संस्था के अध्यक्ष कृष्ण ठाकुर (क्रिस ठाकुर) व उपाध्यक्ष को उत्कृष्ट सामाजिक कार्यों के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए।

अध्यक्ष कृष्ण ठाकुर ने बताया कि संस्था वर्ष 2012 से रक्तदान के क्षेत्र में कार्य कर रही है, जबकि वर्ष 2018 में युवाओं की टीम तैयार कर संस्था का पंजीकरण करवाया गया। संस्था अब तक 20 हजार से अधिक यूनिट रक्त एकत्रित कर कुल्लू, मंडी, शिमला और चंडीगढ़ में जरूरतमंद

- ब्रह्माकुमारी कुल्लू इकाई ने संस्था के अध्यक्ष व उपाध्यक्ष को दिया प्रशस्ति पत्र

मरीजों तक पहुंचा चुकी है। उन्होंने बताया कि संस्था को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी सम्मान मिल चुका है। वर्ष 2025 में विभिन्न संस्थाओं के सहयोग से एक दिन में 88 हजार यूनिट रक्त एकत्रित करने के रिकॉर्ड के लिए वर्ल्ड रिकॉर्ड ऑफ एक्सीलेंस, इंग्लैंड द्वारा प्रशस्ति पत्र दिया गया था। सम्मान मिलने पर संस्था के सदस्यों ने ब्रह्माकुमारी कुल्लू इकाई का आभार जताया और भविष्य में भी रक्तदान के क्षेत्र में निस्वार्थ सेवाएं जारी रखने का संकल्प लिया।

पेंशनर्स का कूच रोकना अधिकारों का हनन, सरकार भुगतेगी खामियाजा: गुलशन

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू। हिमाचल प्रदेश ज्वॉइंट पेंशनर्स फैडरेशन के प्रदेशाध्यक्ष एलआर गुलशन ने कहा है कि पिछले कल तपोवन से दूर दाड़ी मैदान में पेंशनर्स की संयुक्त संघर्ष समिति के बैनर तले किये गये आंदोलन में प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू द्वारा कोर कमेटी के लोगों को वार्ता के लिये न बुलाना बेहद निंदनीय है। जारी एक प्रेस बयान में उन्होंने कहा कि विधानसभा कूच पर निकले पेंशनरों को रोकना पेंशनरों के संवैधानिक अधिकारों का सरासर हनन है। सुक्खू सरकार को आने वाले समय में



इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा। पेंशनरों के साथ की गई इस प्रकार की दमनकारी कार्रवाई से पेंशनर्स डरने वाले नहीं है। हिमाचल प्रदेश ज्वॉइंट पैंशनर्स फैडरेशन सरकार के पैंशनर विरोधी रवैये की कड़ी भर्त्सना करता है। जरूरत पड़ी तो ज्वॉइंट पेंशनर्स फैडरेशन भी इस आंदोलन में कूदेगा। अगर सरकार ने शीघ्रातिशीघ्र पैंशनर्स के देय वित्तीय लाभ जारी नहीं किये तो आंदोलन को और तेज़ किया जाएगा। हमारा समर्थन ज्वॉइंट एक्शन कमेटी के साथ है। आत्माराम सरकारी पिठ्ठू है। वह पेंशनरों के बीच बेनकाब हो चुका है।

एसएलडी की अनिवार्यता व तकनीकी एरर से वाहनों की पासिंग ठप, ऑपरेटरों में रोष

अनंत ज्ञान

मनाली। हिमाचल प्रदेश में व्यावसायिक वाहनों की पासिंग और रजिस्ट्रेशन में स्पीड लिमिटिंग डिवाइस ऑपरेटरों की दिक्कत का कारण बनी हुई है। फीस काट चुके वाहन चालकों के वाहनों की पासिंग नहीं हो रही है। ऑपरेटरों का कहना है कि जिन्होंने सात नवंबर के बाद फीस काटी है उनकी गाड़ियों की पासिंग करते समय एसएलसी नामक एरर आ रहा है। इस कारण ऑपरेटरों को पासिंग में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। शुक्रवार को भी वाहन ऑपरेटर सुबह से शाम तक सड़क किनारे खड़े रहे लेकिन उनके वाहनों की पासिंग नहीं हुई।

गौर हो कि सुप्रीम कोर्ट के 15 सितंबर के निर्देशों और केंद्रीय मोटर वाहन नियम, 1989 के नियम 118 के तहत निर्धारित व्यावसायिक वाहनों में एसएलडी अनिवार्य किया गया है। बिना इस डिवाइस के नए वाहनों के पंजीकरण और पुराने वाहनों के



- फीस कटने के बावजूद नहीं हो पा रही गाड़ियों की पासिंग, मनाली में यूनियन ने की स्थायी हल की मांग

फिटनेस नवीनीकरण पर रोक लगाई गई है। मनाली के ऑपरेटरों प्रीतम, नरेंद्र व दूनी ठाकुर का कहना है कि डिवाइस की उपलब्धता और अधिकृत फिटमेंट एजेंसियों की स्पष्ट जानकारी समय पर न मिलने से वाहनों की पासिंग और संचालन प्रभावित हो रहा है। यूनियन के चेयरमैन राजा धीमान ने कहा कि एसएलडी उनके लिए समस्या का कारण बन गई है। पासिंग फीस काट दी गई है लेकिन वाहनों की पासिंग नहीं हो पा रही है। हिम आंचल टैक्सी यूनियन मनाली के अध्यक्ष राजा ठाकुर ने कहा कि केंद्र सरकार के परिवहन मंत्रालय द्वारा वाहन ऑपरेटरों पर जो आदेश थोपे गए हैं उनका राज्य एवं प्रदेश सरकार मिलकर वाहन निकाले। ताकि उनकी पासिंग सबंधी समस्याओं का स्थाई हल निकल सके और वो वाहनों की पासिंग आसानी से करवा सके।

उधर, क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी आकांक्षा शर्मा ने बताया कि माननीय उच्चतम न्यायालय के निर्देशानुसार अब गाड़ियों में एसएलडी लगाना अनिवार्य है। जिन वाहन ऑपरेटरों की फीस कट चुकी उनके वाहनों की पासिंग को लेकर उच्च आधिकारियों से पत्राचार किया जा रहा है।

एसपी अभिषेक ने दिया नशे से दूर रहने का संदेश

पीएमश्री स्कूल कुल्लू में जागरूकता कार्यक्रम में छात्रों से किया संवाद

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, कुल्लू। जिला कुल्लू पुलिस द्वारा नशा निवारण अभियान के तहत शुक्रवार को पीएमश्री रा.मा.पा. कुल्लू में नशा निवारण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला पुलिस अधीक्षक कुल्लू अभिषेक सेकर ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की और विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया।कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक ने विद्यार्थियों के साथ संवाद किया और स्वास्थ्य से संबंधित विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि जीवन में शारीरिक, मानसिक और सामाजिक स्वास्थ्य का बेहतर होना बेहद जरूरी है।

उन्होंने विद्यार्थियों से उनकी आदतों और अभिरुचियों के बारे में भी जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने विशेष रूप से विद्यार्थियों को मोबाइल और सोशल मीडिया से अपना ध्यान हटाकर सकारात्मक एवं रचनात्मक गतिविधियों की ओर रुचि बढ़ाने का संदेश दिया। पुलिस अधीक्षक



- नशे के दुष्प्रभावों के प्रति किया जागरूक

अभिषेक सेकर ने विद्यार्थियों और अध्यापकों को बताया कि आखिर किन कारणों से विद्यार्थी बुरी आदतों की ओर आकर्षित हो जाते हैं और किन उपायों को अपनाकर वे स्वयं को इनसे दूर रख सकते हैं।

उन्होंने विद्यार्थियों से अपील की कि वे मोबाइल से दूरी बनाकर अपनी रुचि के अनुसार संगीत, खेलकूद, नृत्य, पुस्तकें पढ़ने, पेंटिंग और भ्रमण जैसी गतिविधियों पर ध्यान केंद्रित करें। ऐसा करने से वे न केवल नशे जैसी बुरी आदतों से दूर रहेंगे, बल्कि अपने व्यक्तित्व का भी बेहतर विकास कर सकेंगे। इस जागरूकता कार्यक्रम में विद्यालय के विद्यार्थियों, अध्यापकों और एसएमसी सदस्यों ने भाग लिया। कार्यक्रम के समापन पर विद्यालय की प्रधानाचार्या भावना तनवर ने पुलिस अधीक्षक अभिषेक सेकर का कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों और अध्यापकों को जागरूक करने के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने आशा जताई कि भविष्य में भी पुलिस विभाग विद्यार्थियों का इसी तरह मार्गदर्शन करता रहेगा। कार्यक्रम के संबंध में उपरोक्त जानकारी विद्यालय के नशा निवारण अभियान के प्रभारी नरेश लाल ने दी।

सिंगल लाइन एडमिनिस्ट्रेशन पर भ्रम फैलाना दुर्भाग्यपूर्ण

अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग। जिला कांग्रेस कमेटी लाहौल-स्पीति के प्रवक्ता कुन्जंग गटुक ने सिंगल लाइन एडमिनिस्ट्रेशन को लेकर भाजपा पर जनता में भ्रम फैलाने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार इस व्यवस्था को समाप्त करने जा रही है, ऐसा प्रचार पूरी तरह भ्रामक है।

उन्होंने कहा कि जनजातीय सलाहकार परिषद की बैठक में इस विषय पर प्रस्ताव भाजपा विधायक डॉ. हंस राज ने रखा था। जिस ऑडियो क्लिप के आधार पर विधायक अनुराधा राणा पर आरोप लगाए जा रहे हैं, उसमें डॉ. हंस राज स्वयं सिंगल लाइन एडमिनिस्ट्रेशन की आवश्यकता नहीं होने की बात कह रहे हैं। ऐसे में भाजपा युवा मोर्चा स्पीति मंडल के अध्यक्ष दोरजे नमग्याल को पहले अपने विधायक से जवाब मांगना चाहिए।

गटुक ने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू के नेतृत्व में व्यवस्था परिवर्तन का संकल्प धरातल पर उतर रहा है। बीबीएमबी, किशाऊ बांध और कर्चम-वांगतू परियोजना से जुड़े प्रदेश के अधिकारों एवं रॉयल्टी के मुद्दों को सरकार मजबूती से उठा रही है।

कांग्रेस की सोच को दर्शाता है सेना के शौर्य-पराक्रम पर सवाल उठाना: गोविंद

अनंत ज्ञान

मनाली। पूर्व मंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता गोविंद सिंह ठाकुर ने कांग्रेस सरकार के मंत्री जगत सिंह नेगी द्वारा विधानसभा में भारतीय सेना और ऑपरेशन सिंदूर को लेकर दिए गए बयान पर कड़ी आपत्ति जताई है। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान राफेल विमानों की भूमिका पर सवाल उठाना और भारतीय सेना को लेकर की गई टिप्पणी बेहद दुर्भाग्यपूर्ण एवं निंदनीय है।



गोविंद सिंह ठाकुर ने कहा कि पाकिस्तान के छक्के छुड़ाने के बजाय भारतीय सेना के ही छक्के छूटने जैसी टिप्पणी करना देश के सैनिकों के शौर्य, पराक्रम और वीरता का अपमान है। इस प्रकार की भाषा पाकिस्तान और भारत विरोधी ताकतों द्वारा इस्तेमाल की जाती है। एक जिम्मेदार मंत्री द्वारा विधानसभा में ऐसी टिप्पणी करना गंभीर विषय है।

उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर भारतीय सेना के साहस और

- मंत्री जगत सिंह नेगी के बयान पर पूर्व मंत्री ने जताई कड़ी आपत्ति

सामर्थ्य का प्रतीक है। सेना के पराक्रम पर सवाल उठाने से सैनिकों, पूर्व सैनिकों और करोड़ों देशवासियों की भावनाएं आहत हुई हैं।

पूर्व मंत्री ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू पर भी निशाना साधते हुए कहा कि उन्हें अपने मंत्री के बयान पर आपत्ति जतानी चाहिए थी, लेकिन उनका मंत्री की तारीफ करना और भी दुर्भाग्यपूर्ण है।

गोविंद ठाकुर ने मांग की कि मुख्यमंत्री, मंत्री जगत सिंह नेगी और पूरी कांग्रेस पार्टी देश के सैनिकों, पूर्व सैनिकों एवं देशवासियों से सार्वजनिक रूप से माफी मांगें। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना राजनीति से ऊपर है और उसके शौर्य एवं बलिदान का सम्मान करना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है।

मनाली में खुला पहला बिरला ओपस पेंट्स शोरूम

अनंत ज्ञान, मनाली। मनाली के हिडिंबा रोड पर होटल देवलोक के पास पहला बिरला ओपस पेंट्स शोरूम खुल गया है। इस होतम इंटरप्राइजेज में लोगों को डिलीवरी और इन-स्टोर शॉपिंग की सुविधा मिलेगी। शोरूम में इंटीरियर और एक्सटीरियर पेंट्स, टेक्सचर, वॉलपेपर, वुड फिनिश, इनेमल, वॉटरप्रूफिंग, रंग परामर्श, डिलीवरी और इन-स्टोर शॉपिंग की सुविधा रहेगी। बिरला ओपस की क्षेत्रीय प्रबंधक रूपम सभरवाल ने कहा कि मनाली में उनका यह पहला आउटलेट है। मनाली वासियों की आर्थिकी को ध्यान में रखते हुए उन्हें घर द्वार पर बेहतर सुविधाएं दी जाएंगी।



स्वीप कार्यक्रम के तहत मेधावी छात्रों को योग्यता प्रमाण-पत्र देकर किया सम्मानित

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, केलांग। भारत निर्वाचन आयोग के व्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचन सहभागिता कार्यक्रम (स्वीप) के तहत उपायुक्त कार्यालय लाहौल-स्पीति केलांग के सम्मेलन कक्ष में विधानसभा क्षेत्र एवं जिला स्तरीय इलेक्टोरल लिटरेसी क्लब (ईएलसी) की क्विज एवं निबंध लेखन प्रतियोगिताओं का संयुक्त प्रमाण-पत्र वितरण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं एसडीएम केलांग कुनिका एकर्स ने की।

इस अवसर पर उन्होंने प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को योग्यता प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। वहीं, मतदाता जागरूकता अभियान में सराहनीय योगदान देने वाले विभिन्न शिक्षण संस्थानों के ईएलसी नोडल अधिकारियों को पारंपरिक खतक भेंट कर सम्मानित किया गया। एसडीएम कुनिका एकर्स ने कहा कि लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए मतदाता



सूची का शुद्ध एवं अद्यतन होना और प्रत्येक पात्र नागरिक की मतदान में भागीदारी जरूरी है। उन्होंने विद्यार्थियों से स्वयं जागरूक मतदाता बनने के साथ दूसरों को भी मतदान के प्रति जागरूक करने का आह्वान किया।

क्विज प्रतियोगिता में राजकीय महाविद्यालय कुकुमसेरी के कार्तिक, डाइट केलांग तांदी की हिमानी, पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय केलांग की तमन्ना खान, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला थिरोट के सक्षम, शकोली के दीपक तथा राजकीय उच्च पाठशाला किशोरी की अंजली कश्यप को सम्मानित किया गया।

निबंध प्रतियोगिता में डाइट केलांग तांदी की शीतल ठाकुर एवं रचना कुमारी, राजकीय वरिष्ठ

- एसडीएम कुनिका एकर्स ने युवाओं से लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी का किया आह्वान

माध्यमिक पाठशाला शकोली की गीतांजलि, केलांग के मंकु, पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय की दिव्यांशी तथा थिरोट की दीया को योग्यता प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए।

इस अवसर पर तहसीलदार नरेंद्र कटोच, जिला ईएलसी नोडल अधिकारी एवं प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार, निर्वाचन कानूनगो रजत बुशैहरी सहित विभिन्न शिक्षण संस्थानों के नोडल अधिकारी और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम ब्रह्म ऋषि शिक्षा निकेतन ने धूमधाम से मनाया वार्षिक समारोह, एसडीएम ने नवाजे मेधावी

नौनिहालों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से मोहा सबका मन

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, कुल्लू। अटल सदन भवन ढालपुर में ब्रह्मऋषि शिक्षा निकेतन रघुनाथपुर का वार्षिक समारोह धूमधाम के साथ आयोजित हुआ। समारोह में विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा, कला और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में एसडीएम कुल्लू डॉ. जयबंती ठाकुर ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की, जबकि विद्यालय की एमडी स्वामी स्वयं प्रभा सहित विद्यालय प्रबंधन, शिक्षक, अभिभावक और विद्यार्थी विशेष रूप से उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि एसडीएम डॉ. जयबंती ठाकुर ने विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट उपलब्धियां हासिल करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। उन्होंने विद्यार्थियों की प्रतिभा और मेहनत की सराहना करते हुए कहा कि शिक्षा के साथ-साथ खेलकूद और रचनात्मक गतिविधियां भी बच्चों के सर्वांगीण



विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को चिट्टा सहित अन्य नशीले पदार्थों के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करते हुए नशे से पूरी तरह दूर रहने और खेलकूद को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि स्वस्थ जीवन और उज्ज्वल भविष्य के लिए युवाओं का खेलों तथा सकारात्मक गतिविधियों से जुड़ना बेहद जरूरी है। उन्होंने समारोह के सफल आयोजन के लिए विद्यालय प्रबंधन को बधाई एवं शुभकामनाएं भी दीं।

विद्यालय की प्रधानाचार्य नेहा शर्मा ने सभी अतिथियों का स्वागत एवं अभिनंदन किया। उन्होंने विद्यालय की वार्षिक उपलब्धियों और विद्यार्थियों की शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं अन्य गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन पर आधारित वार्षिक रिपोर्ट भी प्रस्तुत की। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय की एमडी स्वामी स्वयं प्रभा ने वार्षिक समारोह के सफल आयोजन के लिए विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकों, विद्यार्थियों और अभिभावकों की खुले मन से सराहना की। उन्होंने विद्यार्थियों की प्रतिभा और मेहनत की प्रशंसा करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया तथा उज्ज्वल भविष्य के लिए अपना आशीर्वाद प्रदान किया।समारोह का मुख्य आकर्षण विद्यार्थियों की रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां रहीं। नन्हे-मुन्ने बच्चों से लेकर बड़े विद्यार्थियों तक सभी ने मंच पर अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों ने योगाभ्यास, देशभक्ति गीतों, स्वागत गीत, हनुमान चालीसा के पाठ सहित विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से समारोह को यादगार बनाया। कुल्लूवी नाटी के साथ राजस्थानी और उत्तराखंडी लोकनृत्यों की प्रस्तुतियों ने भी खूब तालियां बटोरीं। इन प्रस्तुतियों के माध्यम से विद्यार्थियों ने देश की विविध सांस्कृतिक परंपराओं और लोक विरासत की सुंदर झलक पेश की।

समारोह के अंतिम चरण में विद्यालय के विभिन्न क्षेत्रों और गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को स्मृति चिह्न और प्रमाणपत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। पूरे कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों और अभिभावकों में खासा उत्साह देखने को मिला।

तकनीकी खराबी से पठानकोट–अमृतसर पैसेंजर ट्रेन 80 मिनट देरी से हुई रवाना

इंजन बदलने और शंटिंग में आई दिक्कत, स्टेशन पर यात्रियों को करना पड़ा लंबा इंतजार

अनंत ज्ञान

अशोक ठाकुर, पठानकोट। पठानकोट–अमृतसर के बीच चलने वाली पैसेंजर ट्रेन में शुक्रवार को तकनीकी खराबी के चलते यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। ट्रेन में एक ही ब्रेक होने के कारण शंटिंग प्रक्रिया में दिक्कत आई। इसके चलते ट्रेन निर्धारित समय से करीब एक घंटा 20 मिनट देरी से पठानकोट सिटी रेलवे स्टेशन से रवाना हुई। इस दौरान यात्रियों को स्टेशन पर लंबे समय तक इंतजार करना पड़ा और कई लोगों के जरूरी काम प्रभावित हुए।

जानकारी के अनुसार ट्रेन संख्या 14653/14654 का पठानकोट से अमृतसर जाने का निर्धारित समय सुबह 7:20 बजे है। शुक्रवार को ट्रेन करीब 7:28 बजे पठानकोट सिटी स्टेशन पहुंची



◆ इंटरव्यू और नौकरी पर जाने वाले यात्रियों की बढ़ी परेशानी, रेलवे की कार्यप्रणाली पर उठे सवाल

और 7:55 बजे रवाना होना था। लेकिन तकनीकी खराबी के चलते ट्रेन को बडोली रेलवे स्टेशन के आउटर से वापस पठानकोट सिटी लाना पड़ा। इसके बाद कर्मचारियों ने इंजन बदलने की प्रक्रिया पूरी की और ट्रेन करीब 8:40 बजे अमृतसर के लिए रवाना हुई। आगे बडोली में क्रॉसिंग के कारण ट्रेन को करीब 10 मिनट अतिरिक्त रुकना पड़ा। यात्री दीपक ने बताया कि उन्हें अमृतसर में दोपहर 12:30 बजे इंटरव्यू के लिए पहुंचना था, लेकिन ट्रेन की देरी से उनका इंटरव्यू प्रभावित होने की आशंका है। वहीं सुभाष सिंह ने बताया कि उनकी दोपहर 12 बजे निजी कंपनी में शिफ्ट थी और ट्रेन की देरी से पूरा शेड्यूल बिगड़ गया। राहुल ने कहा कि वह सुबह सात बजे से स्टेशन पर ट्रेन का इंतजार कर रहे थे। यात्री मोहनलाल ने कहा कि यदि इंजन बदलना जरूरी था तो यह काम पठानकोट स्टेशन पर पहले ही किया जाना चाहिए था। यात्रियों को बडोली आउटर से वापस लाने में अनावश्यक समय बर्बाद हुआ।

यात्री सचिन ने कहा कि पठानकोट–अमृतसर पैसेंजर ट्रेन आम यात्रियों के लिए लाइफलाइन है। आए दिन होने वाली देरी से यात्रियों का भरोसा कम हो रहा है। उन्होंने रेलवे अधिकारियों से ट्रेनों का समय पर संचालन सुनिश्चित करने की मांग की।

डिप्टी स्टेशन सुपरिंटेंडेंट ने बताया कि ट्रेन में एक ही ब्रेक होने के कारण तकनीकी दिक्कत आई, जिससे शंटिंग प्रक्रिया में अधिक समय लगा और ट्रेन देरी से रवाना हुई।

क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरण की बैठक 22 दिसंबर को धर्मशाला में

अनंत ज्ञान ब्यूरो धर्मशाला। क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरण, धर्मशाला की बैठक 22 दिसंबर को प्रात: 11 बजे सर्किट हाउस, धर्मशाला में आयोजित की जाएगी। बैठक की अध्यक्षता मंडलायुक्त, कांगड़ा मंडल, धर्मशाला–सह–अध्यक्ष, क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरण करेंगे। बैठक में प्राधिकरण के अधिकार क्षेत्र से संबंधित विभिन्न मामलों पर विचार–विमर्श किया जाएगा। बैठक में स्टेज कैरिज परमिट के हस्तांतरण, नवीनीकरण एवं संशोधन के साथ–साथ बसों की बैठने की क्षमता में वृद्धि अथवा कमी से संबंधित मामलों पर विचार किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, धर्मशाला एवं पालमपुर उपमंडलों के अंतर्गत ऑटो रिक्शा के नए रूट परमिट जारी करने से संबंधित आवेदन भी विचारार्थ प्रस्तुत किए जाएंगे। इस संबंध में जानकारी देते हुए आरटीओ धर्मशाला ने बताया कि संबंधित वाहन मालिक व इच्छुक आवेदक निर्धारित आवेदन प्रपत्र तथा आवश्यक दस्तावेजों सहित अपने आवेदन 20 से 30 नवंबर तक कार्यालय समय के दौरान क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी, धर्मशाला के कार्यालय में जमा करवा सकते हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि निर्धारित अवधि के दौरान प्राप्त आवेदनों की जांच–पड़ताल के उपरांत ही उन्हें क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरण की बैठक में विचारार्थ प्रस्तुत किया जाएगा। 30 नवंबर के बाद प्राप्त होने वाले आवेदनों पर इस बैठक में विचार नहीं किया जाएगा। उन्होंने सभी संबंधित वाहन मालिकों एवं इच्छुक आवेदकों से निर्धारित समयावधि के भीतर आवश्यक दस्तावेजों सहित आवेदन जमा करवाने की अपील की है।

पपरोला के प्रो. विजय चौधरी को राष्ट्रीय स्तर पर बड़ी जिम्मेदारी

अनंत ज्ञान

◆ केंद्रीय आयुर्वेद अनुसंधान परिषद के वैज्ञानिक सलाहकार बोर्ड में मिली जगह

जितेंद्र कौशल, बैजनाथ। राजीव गांधी राजकीय आयुर्वेदिक स्नातकोत्तर महाविद्यालय एवं चिकित्सालय, पपरोला के प्रधानाचार्य एवं चिकित्सा अधीक्षक प्रो. विजय चौधरी ने राष्ट्रीय स्तर पर संस्थान और हिमाचल प्रदेश का गौरव बढ़ाया है। उन्हें भारत सरकार के आयुष मंत्रालय के अधीन केंद्रीय आयुर्वेदिक विज्ञान अनुसंधान परिषद (सीसीआरएएस) के वैज्ञानिक सलाहकार बोर्ड का सदस्य नामित किया गया है।



परिषद की ओर से जारी आधिकारिक अधिसूचना के अनुसार प्रो. विजय चौधरी को तीन वर्ष के कार्यकाल के लिए इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी के लिए चुना गया है। आयुर्वेद के क्षेत्र में उनके लंबे शैक्षणिक एवं व्यावसायिक अनुभव, विशेषज्ञता और उल्लेखनीय योगदान को देखते हुए उन्हें यह दायित्व सौंपा गया है। वैज्ञानिक सलाहकार बोर्ड में उनकी नियुक्ति को आयुर्वेदिक शिक्षा एवं अनुसंधान के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में देखा जा रहा है।

बोर्ड के माध्यम से आयुर्वेद से जुड़े वैज्ञानिक अनुसंधान की गुणवत्ता, प्रासंगिकता और नई शोध परियोजनाओं को दिशा देने में उनकी विशेषज्ञता महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। इससे देश में आयुर्वेदिक अनुसंधान को और अधिक प्रभावी एवं वैज्ञानिक आधार पर आगे बढ़ाने में भी मदद मिलने की उम्मीद है। प्रो. विजय चौधरी की इस उपलब्धि से पपरोला स्थित आयुर्वेदिक महाविद्यालय का गौरव बढ़ा है।

हिमालयन गद्दी यूनियन की मांगों पर सीएम ने दिया जल्द समाधान का आश्वासन : मोहिंद्र सिंह



अनंत ज्ञान

ब्यूरो, धर्मशाला। हिमालयन गद्दी यूनियन के अध्यक्ष मोहिंद्र सिंह ने धर्मशाला में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान बताया कि यूनियन के प्रतिनिधिमंडल ने सर्किट हाउस में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से मुलाकात कर अपनी मांगों को उनके समक्ष रखा।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को गंभीरता से सुना और मांगों को जल्द पूरा करने का आश्वासन दिया है। मोहिंदर सिंह ने इस मुलाकात के लिए मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू का आभार व्यक्त किया। साथ ही उन्होंने धर्मशाला के पूर्व महापौर दविंदर जग्गी और विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया का भी सहयोग के लिए धन्यवाद किया। उन्होंने जिला प्रशासन के प्रति आभार जताते हुए कहा कि यूनियन की इस मुहिम में प्रशासन ने महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया है।

उन्होंने उम्मीद जताई कि मुख्यमंत्री की ओर से दिए गए आश्वासन के अनुरूप जल्द ही यूनियन की मांगों पर सकारात्मक कार्रवाई होगी। प्रेस वार्ता में हिमालयन गद्दी यूनियन के नगरोटा, पालमपुर और जिला स्तर के अध्यक्षों सहित यूनियन के अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

डॉ. विशाल महाजन को दुबई में मिलेगा अंतरराष्ट्रीय सम्मान

अनंत ज्ञान

अशोक ठाकुर, इंदौरा। हिमाचल प्रदेश के लिए गर्व की बात है कि प्रताप वर्ल्ड स्कूल, इंदौरा के निदेशक डॉ. विशाल महाजन को दुबई में आयोजित होने वाले 'द इंटरनेशनल अवॉर्ड्स समिट 2026' में सम्मानित किया जाएगा। यह अंतरराष्ट्रीय समारोह 21 नवंबर 2026 को दुबई, संयुक्त अरब अमीरात में आयोजित होगा।

इस प्रतिष्ठित समारोह का आयोजन TIAF Forum-India द्वारा TIAF-USA के सहयोग से किया जा रहा है। इसमें विश्व के विभिन्न देशों से प्रतिष्ठित हस्तियां, सफल पेशेवर, प्रख्यात नेता और अपने क्षेत्रों में उत्कृष्ट उपलब्धियां हासिल करने वाले व्यक्तित्व भाग लेंगे। समारोह में अमीराती कलाकार एवं व्यवसायी अहमद अल अवाधी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।

डॉ. विशाल महाजन को यह सम्मान शिक्षा के क्षेत्र में उनके निरंतर योगदान, दूरदर्शी नेतृत्व, नवाचार और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए प्रदान किया जाएगा। प्रताप वर्ल्ड स्कूल के माध्यम से उन्होंने ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों को



◆ आज 'द इंटरनेशनल अवॉर्ड्स समिट 2026' में होंगे सम्मानित

बेहतर शैक्षणिक सुविधाएं, सर्वांगीण विकास और राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिभा प्रदर्शित करने के अवसर उपलब्ध करवाने की दिशा में प्रयास किए हैं।

यह उपलब्धि न केवल डॉ. विशाल महाजन और प्रताप वर्ल्ड स्कूल इंदौरा, बल्कि पूरे हिमाचल प्रदेश के लिए गौरव का विषय है। ग्रामीण क्षेत्र से उभरकर अंतरराष्ट्रीय मंच पर पहचान बनाना शिक्षा जगत के लिए भी प्रेरणादायक है। यह सम्मान उनके शैक्षणिक समर्पण और उत्कृष्टता की दिशा में किए जा रहे प्रयासों को नई पहचान प्रदान करेगा।

कांग्रेस ने महिलाओं को 1500 रुपए देने का वादा किया, एक रुपया भी नहीं दिया : मनीष सिसोदिया

अनंत ज्ञान

ब्यूरो धर्मशाला। दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री व आम आदमी पार्टी के पंजाब प्रभारी मनीष सिसोदिया ने कांग्रेस पर महिलाओं से किए वादे पूरे नहीं करने का आरोप लगाया है।

शुक्रवार को धर्मशाला में उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने महिलाओं को 1500 रुपए देने का वादा किया था, लेकिन अब तक एक रुपया भी नहीं दिया गया। आम आदमी पार्टी हिमाचल प्रदेश की महिलाओं की आवाज बनेगी। सिसोदिया ने कहा कि प्रदेश सरकार के पास अभी एक साल का समय है। यदि सरकार इस अवधि में अपने वादे पूरे नहीं करती है तो प्रदेश की जनता आगामी चुनाव में आम आदमी पार्टी को मौका दे। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार ने युवाओं के साथ भी धोखा किया है। दुकानदारों और मेहनत–मजदूरी करने वाले लोगों को भी कोई राहत नहीं दी गई। प्रदेश में



◆ धर्मशाला में बोले आप नेता, वादे पूरे नहीं हुए तो हिमाचल में बनाएं आम आदमी पार्टी की सरकार

300 यूनिट मुफ्त बिजली देने का वादा भी पूरा नहीं हुआ।

उन्होंने कहा कि पंजाब में आर्थिक चुनौतियों और घाटे के बावजूद आम आदमी पार्टी की सरकार लोगों को 300 यूनिट मुफ्त बिजली दे रही है। सिसोदिया ने भाजपा और कांग्रेस दोनों को जनविरोधी पार्टियां करार देते हुए कहा कि आम आदमी पार्टी जो वादे करती है, उन्हें पूरा भी करती है।

उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी अगले वर्ष होने वाले हिमाचल प्रदेश विधानसभा चुनाव में पूरी ताकत के साथ मैदान में उतरेगी और जनता के मुद्दों को लेकर संघर्ष करेगी।

खखरी डैम के पास 1.318 किलो चरस के साथ एक काबू

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, चंबा। जिला चंबा के चुराह क्षेत्र में नशे के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई के दौरान एसआईयू टीम ने चरस की बड़ी खेप बरामद करने में सफलता हासिल की है। शुक्रवार दोपहर करीब 2 बजे हिमगिरी–नकरोड़–तीसा मुख्य सड़क पर खखड़ी डैम के समीप पुलिस ने एक व्यक्ति के बैग से 1 किलो 318 ग्राम चरस बरामद की। आरोपी की पहचान जय सिंह (44) पुत्र पूर्ण निवासी तहसील चुराह, जिला चंबा के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार 20 नवंबर को एसआईयू टीम क्षेत्र में नियमित गश्त पर थी। इसी दौरान दोपहर करीब 2 बजे खखड़ी डैम के पास एक व्यक्ति की नजर जैसे ही पुलिस टीम पर पड़ी, वह घबरा गया। उसकी संदिग्ध गतिविधियों को देखकर पुलिस जवानों को शक



हुआ। टीम ने तत्परता दिखाते हुए व्यक्ति को रोककर उसके बैग की तलाशी ली।

तलाशी के दौरान बैग से 1 किलो 318 ग्राम चरस बरामद हुई। पुलिस ने चरस को कब्जे में लेकर आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज करने की कार्रवाई शुरू कर दी है। मामले की आगामी जांच जारी है। पुलिस यह भी पता लगाने में जुटी है कि आरोपी के पास चरस की यह खेप कहां से आई थी और इसे कहां पहुंचाया जाना था।

चामुंडा मंदिर के दर पर गंदगी का अंबार

स्वच्छता के दावों पर उठे सवाल, श्रद्धालु और पर्यटक दुर्गंध से बेहाल

अनंत ज्ञान

देशराज कश्यप, धरवाला। चंबा शहर की धार्मिक आस्था और पर्यटन पहचान से जुड़े प्रसिद्ध चामुंडा माता मंदिर के समीप सड़क किनारे लगे कूड़े के ढेर स्वच्छता व्यवस्था की हकीकत बयां कर रहे हैं। मंदिर में प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु माता रानी के दर्शन के लिए पहुंचते हैं, वहीं पर्यटक भी चंबा की प्राकृतिक सुंदरता को निहारने यहां आते हैं। लेकिन मंदिर से चंद मीटर की दूरी पर फैली गंदगी शहर की खूबसूरती पर दाग लगा रही है।

हालात यह हैं कि सड़क किनारे खुले में फेंके गए कचरे से उठने वाली दुर्गंध के बीच वाहन चालकों, राहगीरों और श्रद्धालुओं को आवाजाही करनी पड़ रही है। कूड़े के ढेरों में आवारा पशुओं को मुंह मारते हुए भी देखा जा सकता है। इससे न केवल आसपास का



अनंत ज्ञान मुद्दा

वातावरण प्रदूषित हो रहा है, बल्कि संक्रमण और बीमारियों का खतरा भी बढ़ रहा है। गौरतलब है कि चंबा–जुम्मेहार सड़क मार्ग पर्यटन की दृष्टि से भी खास महत्व रखता है। वर्ष 1998 में प्रदर्शित फिल्म 'ताल' के गाने की शूटिंग के बाद जुम्मेहार की प्राकृतिक खूबसूरती देश–दुनिया में चर्चित हुई थी। इसके बाद से ही इस क्षेत्र में पर्यटकों की आवाजाही बनी रहती है। ऐसे में धार्मिक और पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण इस मार्ग पर जगह–जगह कचरे का बिखरा होना स्वच्छता व्यवस्था पर सवाल खड़े कर रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि चामुंडा माता मंदिर के समीप ही नहीं, बल्कि सरौथा नाला में भी कचरा फेंके जाने की समस्या पर प्रभावी रोक लगाने की जरूरत है। खुले में कचरा

◆ मंदिर से कुछ मीटर दूरी पर सड़क किनारे बिखरा कचरा

कचरा फेंकने वालों पर लगाया जाए जुर्माना

स्थानीय निवासी रविंद्र कुमार ने कहा कि चामुंडा माता मंदिर लोगों की आस्था का प्रमुख केंद्र है, लेकिन मंदिर के रास्ते में जगह–जगह कूड़े के ढेर लगे रहते हैं।



इनमें आवारा पशु भी मुंह मारते रहते हैं, जिससे दुर्गंध फैलने के साथ बीमारी का खतरा बना हुआ है। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि मंदिर के आसपास नियमित सफाई सुनिश्चित की जाए तथा खुले में कचरा फेंकने वालों पर सख्ती बरतते हुए जुर्माना लगाया जाए।

फेंकने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई और जुर्माने का प्रावधान लागू किया जाना चाहिए, ताकि सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी फैलाने वालों पर अंकुश लग सके।

चंबा–खैरी मार्ग पर 8.59 ग्राम चिट्टे संग युवक काबू

अनंत ज्ञान

चंबा। जिला चंबा में नशे के खिलाफ पुलिस की मुहिम लगातार जारी है। इसी अभियान के तहत शुक्रवार तड़के करीब 3:30 बजे एसआईयू (विशेष जांच इकाई) की टीम ने चंबा–खैरी मुख्य मार्ग पर चोहड़ा डैम के समीप एक युवक को 8.59 ग्राम चिट्टे के साथ पकड़ा है।



पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, एसआईयू टीम ने कार्रवाई के दौरान वाहन नंबर एचपी–01सी–3408 की तलाशी ली। इस दौरान वाहन में मौजूद साहिल ठाकुर (23) पुत्र स्वर्गीय बिंदु कुमार, निवासी , डाकघर चंडी लड़ोग तहसील एवं जिला चंबा के कब्जे से 8.59 ग्राम चिट्टा बरामद हुआ। कार्रवाई को एसआईयू प्रभारी इंस्पेक्टर गगन के नेतृत्व में हेड कांस्टेबल अवनीश और टीम ने अंजाम दिया। पुलिस द्वारा मामले में प्राथमिकी दर्ज करने की प्रक्रिया अमल में लाई जा रही है। वहीं, आरोपी से पूछताछ और मामले के अन्य पहलुओं को लेकर आगामी जांच जारी है। नशे के खिलाफ पुलिस की इस कार्रवाई से स्पष्ट है कि जिला में नशा तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस लगातार सक्रिय है।

अपने वादों से पीछे हट रही सरकार : आप

तपोवन विधानसभा घेराव में चंबा के 'आप' कार्यकर्ताओं ने भरी हुंकार

अनंत ज्ञान

राहुल सहगल, धर्मशाला/चंबा। हिमाचल प्रदेश की सुक्खू सरकार के खिलाफ शुक्रवार को धर्मशाला के तपोवन में आम आदमी पार्टी ने मोर्चा खोलते हुए विधानसभा घेराव कार्यक्रम के माध्यम से सरकार की चुनावी गारंटियों पर सवाल खड़े किए। इस प्रदर्शन में आम आदमी पार्टी जिला चंबा की टीम ने भी बढ़–चढ़कर भाग लिया और प्रदेश सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी कर जनता से किए गए वादों का हिसाब मांगा।

आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने विधानसभा चुनाव के दौरान आम आदमी पार्टी की गारंटियों की नकल कर जनता के सामने बड़े–बड़े वादे किए और इन्हीं वादों के दम पर सत्ता हासिल की। लेकिन सरकार बनने के बाद महिलाओं को प्रतिमाह 1500 रुपये देने और 300 यूनिट मुफ्त बिजली उपलब्ध करवाने जैसी गारंटियों को पूरी तरह लागू करने में सरकार विफल रही है। प्रदर्शनकारियों ने



सवाल उठाया कि चुनाव के दौरान जिन गारंटियों को कांग्रेस ने अपनी सबसे बड़ी उपलब्धि के रूप में जनता के सामने रखा था, उनका लाभ आज तक पात्र लोगों तक पूरी तरह क्यों नहीं पहुंच पाया? महिलाओं को आर्थिक राहत और आम परिवारों को मुफ्त बिजली देने के वादे आखिर कब पूरे होंगे?

आप कार्यकर्ताओं ने प्रदेश में बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, स्वास्थ्य सेवाओं की चुनौतियों और शिक्षा व्यवस्था को लेकर भी सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि प्रदेश का युवा रोजगार के अवसर तलाश रहा है, आम परिवार महंगाई से परेशान हैं और किसान–बागवान भी अपनी समस्याओं के समाधान की उम्मीद लगाए बैठे हैं। ऐसे में सरकार को चुनावी घोषणाओं से आगे बढ़कर धरातल पर काम करके दिखाना चाहिए। आम आदमी पार्टी जिला चंबा के कार्यकर्ताओं ने कहा कि जनता ने कांग्रेस को पांच साल के लिए जनादेश दिया है, लेकिन इसका अर्थ यह नहीं कि सरकार अपने वादों के प्रति जवाबदेही से बच सकती है। पार्टी जनता की आवाज बनकर प्रदेश के हर जिले और हर विधानसभा क्षेत्र में जनहित के मुद्दों को उठाती रहेगी। इस दौरान जिला अध्यक्ष अजय अटवाल, जिला सचिव शशिकांत, संगठन मंत्री तनवीर मिर्जा, राहुल राणपतिया, धीरज, दीपक डोगरा दिपु, विजय भवानी, योग राज और अक्षय सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

शिक्षा को लेकर विधायक डीएस ठाकुर ने कांग्रेस सरकार को घेरा

अनंत ज्ञान

धर्मशाला/डलहौजी। डलहौजी से भाजपा विधायक डीएस ठाकुर द्वारा सदन में उठाए गए सवाल ने प्रदेश में उच्च शिक्षा के बुनियादी ढांचे और क्षेत्रीय विकास को लेकर नई बहस छेड़ दी है। विधायक ने कांग्रेस सरकार पर डलहौजी विधानसभा क्षेत्र के तीन महाविद्यालयों के भवन निर्माण के लिए पूर्व भाजपा सरकार के कार्यकाल में स्वीकृत 15 करोड़ रुपए की धनराशि अन्य जिलों में स्थानांतरित करने का गंभीर आरोप लगाया है। विधायक ने प्रेस बयान जारी कर कहा कि पूर्व भाजपा सरकार ने डलहौजी विधानसभा क्षेत्र के तीनों महाविद्यालयों के भव्य भवनों के निर्माण के लिए प्रत्येक कॉलेज को 5–5 करोड़ रुपये स्वीकृत किए थे, लेकिन प्रदेश में कांग्रेस सरकार के सत्ता में आने के बाद इस बजट को डलहौजी से हटाकर कांगड़ा सहित अन्य जिलों के महाविद्यालयों में स्थानांतरित कर दिया गया। उन्होंने कहा कि यह आकांक्षी जिला चंबा के दुर्गम क्षेत्र के विद्यार्थियों के साथ अन्याय है। हैरानी की बात है कि आज भी क्षेत्र के तीनों महाविद्यालय अपने भवनों के अभाव में सामान्य स्कूलों के भवनों में संचालित होने को मजबूर हैं। कॉलेजों के पास अपना परिसर और पर्याप्त बुनियादी सुविधाएं नहीं होने से विद्यार्थियों को शिक्षा ग्रहण करने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। डीएस ठाकुर ने प्रदेश सरकार और शिक्षा मंत्री से सवाल किया कि आखिर डलहौजी के महाविद्यालयों के लिए स्वीकृत 15 करोड़ रुपये की राशि दूसरे जिलों में क्यों स्थानांतरित की गई? उन्होंने पूछा कि डल्हौजी के विद्यार्थियों को अपने कॉलेज भवनों का अधिकार कब मिलेगा और सरकार इस दिशा में कब ठोस कदम उठाएगी?



◆ डलहौजी के तीन कॉलेजों का 15 करोड़ का बजट दूसरे जिलों में शिफ्ट करने का आरोप

होली–बैजनाथ फटाहार बस रूट बंद होने से ग्रामीणों में आक्रोश

महिलाओं, बुजुर्गों और स्कूली बच्चों की बढ़ेंगी मुश्किलें

अनंत ज्ञान

भरमौर। होली–बैजनाथ फटाहार बस रूट को एक बार फिर बंद किए जाने से क्षेत्र के ग्रामीणों में भारी नाराजगी देखने को मिल रही है। परिवहन विभाग के इस फैसले का स्थानीय लोगों ने कड़ा विरोध करते हुए इसे क्षेत्रवासियों के साथ अन्याय करार दिया है। ग्रामीणों का कहना है कि यह बस सेवा केवल यातायात का साधन नहीं, बल्कि क्षेत्र के सैकड़ों लोगों की रोजमर्रा की जरूरतों से जुड़ी हुई है। जानकारी के अनुसार यह बस चंबा से सुबह करीब 6 बजे चलकर होली–बैजनाथ फटाहार रूट पर सेवाएं देती थी, जबकि शाम करीब 4 बजे होली से वापस बैजनाथ–फटाहार की ओर रवाना होती थी। इस बस सेवा के माध्यम से क्षेत्र के लोगों को चंबा, होली और कांगड़ा की ओर आवागमन की सुविधा मिलती थी। विशेषकर सर्दियों के मौसम में जब क्षेत्र के कई परिवार निचले क्षेत्रों और कांगड़ा में पलायन कर जाते हैं, उस दौरान यह बस ग्रामीणों के लिए आवागमन का महत्वपूर्ण साधन बनी हुई थी।

◆ ग्रामीणों ने स्थायी समाधान के साथ नई बसें चलाने की उठाई मांग

ग्रामीणों का कहना है कि बस सेवा बंद होने का सबसे अधिक असर महिलाओं, बुजुर्गों, स्कूली बच्चों और मरीजों पर पड़ेगा। निजी वाहन की सुविधा हर परिवार के पास उपलब्ध नहीं है। ऐसे में लोगों को महंगे किराये पर निजी वाहनों का सहारा लेना पड़ेगा। स्थानीय लोगों के मुताबिक इस रूट को पहले भी कई बार बंद करने के प्रयास हुए हैं। विरोध के बाद बस सेवा बहाल की जाती रही, लेकिन बार–बार ऐसा होने से ग्रामीणों की परेशानियां बढ़ रही हैं।

विभागीय स्तर पर सामने आ रही जानकारी के अनुसार स्टाफ की कमी, बसों के कलपुर्जों की अनुपलब्धता और पर्याप्त बसें न होने के कारण कुछ रूट अस्थायी रूप से बंद करने पड़ रहे हैं। वहीं ग्रामीणों का कहना है कि दूरदराज के क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को विभागीय कमियों का खामियाजा नहीं भुगतना चाहिए। स्थानीय जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने परिवहन विभाग से इस बस सेवा को जल्द बहाल करने, स्थायी समाधान तलाशने और क्षेत्र में नई बसें चलाने की मांग उठाई है। उनका कहना है कि दूरदराज के ग्रामीण क्षेत्रों में सार्वजनिक परिवहन कोई विलासिता नहीं, बल्कि बुनियादी जरूरत है।

न्यूज ब्रीफ

क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरण की बैठक 2 दिसंबर को

अनंत ज्ञान, ऊना। क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरण (आरटीए) ऊना की बैठक 2 दिसंबर को परिवहन निदेशक कार्यालय शिमला में होगी। बैठक में विचार के लिए रखे जाने वाले मामलों से संबंधित वाहन स्वामियों और आवेदकों को आवश्यक दस्तावेजों सहित आवेदन 26 नवंबर तक जमा करवाने होंगे। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी (आरटीओ) ऊना समीर दत्ता ने बताया कि निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदनों तथा अधूरे आवेदन पत्रों पर बैठक में विचार नहीं किया जाएगा। उन्होंने सभी संबंधित आवेदकों से समय पर आवेदन जमा करवाने की अपील की है। उन्होंने स्पष्ट किया कि बस परमिट सहित अन्य परमिटों के हस्तांतरण के मामलों में क्रेता और विक्रेता दोनों की क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरण के समक्ष उपस्थिति अनिवार्य होगी। किसी एक पक्ष के अनुपस्थित रहने पर मामले में निर्णय नहीं लिया जाएगा। वहीं, नए प्रकाशित स्टेज कैरिज बस परमिट के लिए प्राप्त आवेदनों के ड्रॉ ऑफ लॉट्स के दौरान आवेदक या उसका अधिकृत प्रतिनिधि उपस्थित रह सकता है। हालांकि, आवेदक या प्रतिनिधि की अनुपस्थिति में भी आवेदन ड्रॉ में शामिल किया जाएगा।

कानूनी अधिकारों के प्रति किया जागरूक

अनंत ज्ञान, ऊना। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ऊना की ओर से सचिव शिखा लखनपाल के मार्गदर्शन में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इनमें संवेदनशील वर्गों को कानूनी अधिकारों तथा विद्यार्थियों को नशे और साइबर अपराधों से बचाव की जानकारी दी गई। मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में स्वास्थ्य विभाग और सनराइज एनजीओ के सहयोग से कार्यशाला आयोजित की गई। इसमें पैनल अधिवक्ता बबीता शर्मा ने प्रतिभागियों को कानूनी अधिकारों, पुलिस के दायित्वों और निशुल्क कानूनी सहायता के बारे में बताया। वहीं, रुद्रा इंटरनेशनल स्कूल बसाल में अधिवक्ता कुलबीर सिंह ने विद्यार्थियों और शिक्षकों को नशे के दुष्प्रभावों, शुरुआती लक्षणों और बचाव के उपायों की जानकारी दी। उन्होंने साइबर धोखाधड़ी से बचने के तरीके भी बताए।

तंबाकू मुक्त समाज के लिए 26 दिसंबर तक चलेगा अभियान

अनंत ज्ञान, ऊना। जिला ऊना में तंबाकू मुक्त युवा अभियान 4.0 के तहत 26 दिसंबर तक विशेष जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की ओर से युवाओं और आमजन को तंबाकू सेवन से होने वाले कैंसर और हृदय रोग जैसी गंभीर बीमारियों के प्रति जागरूक किया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजीव कुमार वर्मा ने शिक्षण संस्थानों, पंचायतों और आमजन से अभियान में भागीदारी की अपील की। उन्होंने बताया कि कोटपा एक्ट 2003 के तहत सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान, नाबालिगों को तंबाकू उत्पाद बेचना और शिक्षण संस्थानों के 100 गज के दायरे में इनकी बिक्री प्रतिबंधित है। इसके अलावा खुली सिगरेट-बीडी की बिक्री, हुक्का बार और ई-सिगरेट का उपयोग व बिक्री भी प्रतिबंधित है। उन्होंने बताया कि तंबाकू उत्पादों के खुदरा विक्रेताओं के लिए लाइसेंस अनिवार्य है। ग्रामीण क्षेत्रों में पंचायत सचिव और शहरी क्षेत्रों में नगर निगम से लाइसेंस लेना होगा। नियमों का उल्लंघन करने पर 50 हजार रुपए तक जुर्माने और कैद का प्रावधान है। डॉ. वर्मा ने लोगों से तंबाकू से दूर रहकर स्वस्थ और तंबाकू मुक्त समाज बनाने में सहयोग देने की अपील की।

किसान का बेटा दीपक बना सेक्शन ऑफिसर

अनंत ज्ञान, टाहलीवाल। ऊना जिले की हरोली तहसील के बीटन गांव निवासी दीपक बीटन का हिमाचल प्रदेश वित्त एवं लेखा सेवा (एचपीएफएएस) में सेक्शन ऑफिसर के पद पर चयन हुआ है। किसान परिवार से संबंध रखने वाले दीपक ने पुलिस कांस्टेबल की नौकरी करते हुए यह उपलब्धि हासिल की है। उनकी सफलता से गांव और क्षेत्र में खुशी का माहौल है। दीपक के पिता चरणजीत किसान हैं। उन्होंने 12वीं की पढ़ाई जवाहर नवोदय विद्यालय ऊना से करने के बाद बीकॉम की डिग्री हासिल की। इसके बाद उनका चयन हिमाचल प्रदेश पुलिस में कांस्टेबल के पद पर हुआ। वर्तमान में वह किन्नौर जिले में तैनात थे। पुलिस की ड्यूटी के साथ उन्होंने प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी जारी रखी। कड़ी मेहनत और लगन के दम पर आखिरकार उनका चयन एचपीएफएएस में हो गया। दीपक ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता, परिवार और बुजुर्गों के आशीर्वाद को दिया। उनकी उपलब्धि पर परिजनों, मित्रों और क्षेत्रवासियों ने बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। दीपक की सफलता ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणा बनी है।



ऊना कॉलेज में अंतरराष्ट्रीय सेमिनार में शोधार्थी सम्मानित

नेपाल के प्रो. राम कुमार फुयाल ने सतत विकास की चुनौतियों पर दिया व्याख्यान

अनंत ज्ञान



ऊना। राजकीय महाविद्यालय ऊना के अर्थशास्त्र विभाग की ओर से आईसीएसएसआर के प्रायोजन में आयोजित दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सेमिनार का शुक्रवार को समापन हुआ। 'उभरती प्रौद्योगिकियां, नवाचार और समावेशी सामाजिक-आर्थिक परिवर्तन' विषय पर आयोजित सेमिनार में देश-विदेश के शिक्षाविदों और शोधार्थियों ने विचार साझा किए।

दूसरे दिन कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्या डॉ. मीता शर्मा और राजकीय महाविद्यालय चौकीमन्यार के प्राचार्य डॉ. बलविंद्र सिंह राणा ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान अतिथियों का सम्मान किया गया। प्राचार्या डॉ. मीता शर्मा ने आयोजन की सफलता के लिए अर्थशास्त्र विभाग के डॉ. शाम बैंस और उनकी टीम को बधाई दी। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन शोध और ज्ञान के आदान-प्रदान के लिए महत्वपूर्ण मंच प्रदान करते हैं।

सेमिनार के मुख्य वक्ता नेपाल के त्रिभुवन विश्वविद्यालय के प्रोफेसर एवं नेपाल सरकार के राष्ट्रीय योजना आयोग के पूर्व सदस्य डॉ. राम कुमार फुयाल रहे। उन्होंने सतत विकास की चुनौतियों पर व्याख्यान देते हुए पर्यावरण संरक्षण, आर्थिक प्रगति और सामाजिक समानता के बीच संतुलन बनाने पर जोर दिया।

तकनीकी सत्रों में शोधार्थियों और शिक्षाविदों ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), डिजिटल अर्थव्यवस्था, वित्तीय समावेशन, तकनीकी नवाचार, शिक्षा और उद्यमिता जैसे विषयों पर शोध पत्र प्रस्तुत किए। वक्ताओं ने समावेशी और आत्मनिर्भर अर्थव्यवस्था के निर्माण में तकनीक की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया।

समापन समारोह में उत्कृष्ट शोध पत्र प्रस्तुत करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार और प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। अंत में डॉ. मनजीत सिंह ने सभी अतिथियों, वक्ताओं और प्रतिभागियों का आभार जताया।

खेलो इंडिया यूथ गेम्स के लिए कबड्डी टीम का चयन ट्रायल 22 को बिलासपुर में

अनंत ज्ञान, ऊना। खेलो इंडिया यूथ गेम्स-2026 के तहत अंडर-18 आयु वर्ग की हिमाचल प्रदेश कबड्डी पुरुष टीम के चयन के लिए 22 नवंबर को जिला स्पोर्ट्स हॉस्टल, बिलासपुर में ट्रायल आयोजित किए जाएंगे। ट्रायल सुबह 10 बजे शुरू होंगे।

युवा सेवा एवं खेल विभाग के अतिरिक्त निदेशक गौरव महाजन ने बताया कि ट्रायल में वही खिलाड़ी भाग ले सकेंगे, जिनका जन्म 1 जनवरी, 2009 या उसके बाद हुआ हो। इच्छुक खिलाड़ियों को मैट्रिक प्रमाण पत्र, जन्म प्रमाण पत्र और आधार कार्ड की एक-एक सत्यापित प्रति तथा दो पासपोर्ट साइज फोटो साथ लाना अनिवार्य है।

उन्होंने बताया कि जन्म प्रमाण पत्र नगर निगम या ग्राम पंचायत द्वारा कम से कम पांच वर्ष पहले यानी 1 जनवरी, 2021 या उससे पूर्व जारी किया गया होना चाहिए। ट्रायल में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को किसी प्रकार का यात्रा या दैनिक भत्ता (टीए/डीए) नहीं दिया जाएगा।

आईटीआई चलोला के 200 युवाओं को मारुति सुजुकी में मिली नौकरी



अनंत ज्ञान

ऊना। प्राइवेट आईटीआई चलोला में शुक्रवार को मारुति सुजुकी के सहयोग से रोजगार मेले का आयोजन किया गया। इसमें प्रदेशभर से करीब 350 आईटीआई पासआउट युवाओं ने भाग लिया, जिनमें से 200 से अधिक का कंपनी में नौकरी के लिए चयन हुआ। चयनित युवाओं की जॉइनिंग दिसंबर में प्रस्तावित है।

रोजगार मेले का शुभारंभ एडवोकेट एवं भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता शोभित गौतम ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कांग्रेस कमेटी ऊना के अध्यक्ष देशराज गौतम ने की। मारुति सुजुकी के गुजरात स्थित अहमदाबाद प्लांट से एचआर प्रतिनिधि कपिल के नेतृत्व में नरेंद्र ठाकुर और गणेश गौतम पहुंचे। कंपनी की टीम ने लिखित परीक्षा और साक्षात्कार के आधार पर युवाओं का चयन किया।

◆ रोजगार मेले में प्रदेशभर के 350 युवाओं ने लिया भाग दिसंबर में होगी ज्वॉइनिंग

कंपनी प्रतिनिधियों ने शोभित आईटीआई की आधुनिक लैब, तकनीकी सुविधाओं और रोजगारपरक प्रशिक्षण की सराहना की। शोभित गौतम ने कहा कि युवाओं को हुनर के अनुरूप रोजगार दिलाना उनके संस्थान का प्रमुख उद्देश्य है। उन्होंने बताया कि इससे पहले भी 300 से अधिक युवाओं को मारुति सुजुकी में रोजगार के अवसर दिलाए जा चुके हैं। भविष्य में भी ऐसे रोजगार मेले आयोजित किए जाएंगे।

ऊना जिले की सभी पंचायतों में आज होंगी विशेष ग्राम सभाएं : उपायुक्त

अनंत ज्ञान



ऊना। जिला ऊना की सभी ग्राम पंचायतों में 21 नवंबर को विशेष ग्राम सभा आयोजित की जाएगी। उपायुक्त जतिन लाल ने इस संबंध में आदेश जारी किए हैं। तंबाकू मुक्त युवा अभियान 4.0 के तहत आयोजित इन ग्राम सभाओं में युवाओं को तंबाकू एवं नशे के दुष्प्रभावों से बचाने और नशामुक्त समाज के निर्माण को लेकर चर्चा की जाएगी।

विशेष ग्राम सभा में तंबाकू, गुटखा, बीड़ी सहित अन्य नशीले पदार्थों के सेवन और उनके दुष्प्रभावों पर चर्चा होगी। इनके इस्तेमाल और बिक्री पर रोक लगाने के लिए पंचायत स्तर पर कार्ययोजना तैयार की जाएगी। साथ ही पंचायतों के सभी राजस्व गांवों को तंबाकू मुक्त बनाने और उन्हें तंबाकू मुक्त गांव घोषित करने के संबंध में भी मंथन किया जाएगा।

बैठक में शिक्षण संस्थानों के 100 गज के दायरे में तंबाकू उत्पादों की बिक्री रोकने और सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान निषेध के नियमों की पालना सुनिश्चित करने पर भी चर्चा होगी। उल्लेखनीय है कि ऊना जिले में अब तक 112 गांव तंबाकू मुक्त घोषित किए जा चुके हैं। विशेष ग्राम सभाओं के माध्यम से इस अभियान को और गति देने तथा शेष गांवों को तंबाकू मुक्त बनाने की दिशा में प्रयास किए जाएंगे।

उपायुक्त जतिन लाल ने खंड विकास अधिकारियों, पंचायत सचिवों और पंचायत प्रतिनिधियों को विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने पंचायत सचिवों को तंबाकू नियंत्रण से जुड़े नियमों के तहत किए गए चालान और कार्रवाई का ब्योरा ग्राम सभा में प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए हैं। इसकी रिपोर्ट जिला पंचायत अधिकारी को भेजने को कहा गया है।

चुरड़ी-लोहारा में छात्रों को बताए कानूनी अधिकार

अनंत ज्ञान, ऊना। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ऊना की ओर से शुक्रवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय चुरड़ी (बंगाणा) और लोहारा (अंब) में विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इनमें विद्यार्थियों और आमजन को कानूनी अधिकारों, नशे से बचाव और निशुल्क विधिक सहायता की जानकारी दी गई। लोहारा स्कूल में प्राधिकरण की सचिव शिखा लखनपाल की अध्यक्षता में कार्यक्रम हुआ। नालसा की 'मानव-वन्यजीव संघर्ष के पीड़ितों को न्याय तक पहुंच संबंधी योजना, 2025' के तहत प्रभावित लोगों के अधिकारों और कानूनी सहायता की जानकारी दी गई। विद्यार्थियों को पोक्सो अधिनियम, किशोर न्याय अधिनियम, साइबर अपराध और नालसा की डॉन योजना के बारे में भी बताया गया। वहीं, चुरड़ी स्कूल में नालसा के 14 से 27 नवंबर तक चल रहे 'डॉन' (ड्रग अवेयरनेस एंड वेलनेस नेविगेशन) पखवाड़े के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

ऑपरेशन सिंदूर पर सवाल उठाने वाले कांग्रेस मंत्री को सेना के शौर्य पर विश्वास नहीं : भुट्टो

अनंत ज्ञान



राजेश ठाकुर, बंगाणा। कुटलैहड़ के पूर्व विधायक एवं भाजपा नेता दविंद्र कुमार भुट्टो ने बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी के ऑपरेशन सिंदूर को लेकर दिए गए बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने मंत्री के बयान को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा कि भारतीय सेना के शौर्य और सैन्य कार्रवाई पर सवाल उठाना सैनिकों के साहस और बलिदान का अपमान है।

भुट्टो ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर भारतीय सेना के पराक्रम, रणनीतिक क्षमता और आतंकवाद के खिलाफ देश की मजबूत इच्छाशक्ति का प्रतीक है। सेना ने पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत क्षेत्रों में आतंकवादियों के ठिकानों को निशाना बनाकर दुश्मन को करारा जवाब दिया था। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस के कुछ नेता सेना के पराक्रम पर सवाल उठाकर उसका मनोबल गिराने का प्रयास कर रहे हैं।

भाजपा नेता ने कहा कि भारतीय सेना किसी राजनीतिक दल की नहीं, बल्कि पूरे देश की सेना है। उसके सम्मान और बलिदान पर राजनीति नहीं होनी चाहिए। उन्होंने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से भी इस मामले में स्थिति स्पष्ट करने की मांग की।

भुट्टो ने बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी से अपने बयान पर स्पष्टीकरण देने और देश व भारतीय सेना से सार्वजनिक रूप से माफी मांगने की मांग की। उन्होंने चेतावनी दी कि ऐसा नहीं होने पर भाजपा मंत्री का घेराव करेगी।

सुक्खू सरकार ने अपने दम पर हिमाचल को उन्नति के पथ पर आगे बढ़ाया : सर्वजीत

अनंत ज्ञान



बिलासपुर। कांग्रेस वरिष्ठ युवा नेता एवं एवं वरिष्ठ अधिवक्ता सर्वजीत सिंह ने प्रेस को जारी बयान में कहा है कि हिमाचल प्रदेश में सुखविंद्र सिंह सुक्खू सरकार वास्तव में विश्वसनीय और टिकाऊ सरकार है। विपक्ष द्वारा कांग्रेस सरकार को पदच्यूत करने के हर तरीके विफल साबित हुए हैं और अब हताश तथा निराश भाजपाई अनर्गल आरोप लगाकर जनता को भ्रमित करने के झूठे प्रयास कर रहे हैं।

प्रदेश मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह राजनीतिक कसौटियों में खरा उतरते हुए कुंदन बनकर उभरे हैं। पूरे प्रदेश को एकसूत्र में पिरोते हुए विकास की बयार बहाने वाले मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह ने प्रदेश को सुशासन की डगर पर लाकर खड़ा किया है और अपने दम पर हिमाचल उन्नति के पथ पर अग्रसर है। सर्वजीत सिंह ने कहा कि भ्रष्टाचार के आरोप लगाने वाले भाजपाईयों के पास कोई पुख्ता तथ्य नहीं है। कांग्रेस सरकार ने न सिर्फ हर चुनौती का डटकर मुकाबला किया है, बल्कि विपक्ष के षड्यंत्रों को फेल साबित करते हुए अपनी योग्यता को साबित किया है। कांग्रेस सरकार के चार साल जनता के दिलों में राज करने में सफल साबित हुए हैं। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने हिमाचल प्रदेश की राजनीति में उपरी निचले क्षेत्र की राजनीति को समाप्त कर पूरे 68 विधानसभा क्षेत्रों में विकास की बयार को गति प्रदान की है।

सरकार द्वारा सता से आने से पूर्व जनता के साथ किए गए वायदों को प्रभावशाली तरीके से पूरा किया गया है। हिमाचल प्रदेश ओपीएस देने वाला पहला राज्य बना है, इसके साथ ही किसानों बागवानों, श्रमिकों, व्यवसायियों, उद्यमियों, सरकारी कर्मियों, विद्यार्थियों, महिलाओं को सामाजिक एवं आर्थिक सुरक्षा की गारंटी देकर हर व्यक्ति के मन में जगह बनाई है। अधिवक्ता सर्वजीत सिंह ने कहा कि भाजपा यदि अपने कार्यकाल की तुलना कांग्रेस सरकार से करना चाहे तो दिन रात और जमीन आसमान का फर्क है। जिस सरकार के फैसले सुबह होते थे और शाम को दिल्ली के आदेश के बाद बदले जाते थे, उसका रिमोट जनता को पता था कि भले ही यह प्रदेश में बैठें हो पर इनका केंद्र बिंदु दिल्ली में है, मतलब हिमाचल में भाजपा नेता केवल कठपुतली मात्र थे, जबकि इसके विपरीत सुखविंद्र सिंह की मजबूत निर्णय लेने की शक्ति ने कांग्रेस को प्रदेश की सबसे चहेती सरकार बनाया है। कांग्रेस नेता सर्वजीत सिंह ने दावा किया है किया है कि विकास के बूते निरंतर प्रगति पथ पर आगे बढ़ रही कांग्रेस सरकार इस बार रिपीट होगी।

राष्ट्रीय कांग्रेस में हिमाचल के तीन नेताओं की नियुक्ति प्रदेश के लिए सम्मान की बात: डॉ. दिनेश

अनंत ज्ञान, चंबा/बिलासपुर। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी में हिमाचल प्रदेश के तीन नेताओं को राष्ट्रीय सचिव नियुक्त किए जाने पर प्रदेश कांग्रेस विचार विभाग के समन्वयक डॉ. दिनेश कुमार ने खुशी जाहिर करते हुए इसे प्रदेश के लिए गौरव और सम्मान का विषय बताया है। उन्होंने केंद्रीय नेतृत्व के इस फैसले का स्वागत करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी और संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल का आभार व्यक्त किया। डॉ. दिनेश कुमार ने बताया कि हिमाचल प्रदेश से जैनव चंदेल, सुरेंद्र शर्मा और दीपक राठौर को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी में राष्ट्रीय सचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके साथ ही जैनव चंदेल को मेघालय, मिजोरम और अरुणाचल प्रदेश, सुरेंद्र शर्मा को उत्तराखंड तथा दीपक राठौर को हरियाणा का सह-प्रभारी नियुक्त किया गया है। उन्होंने कहा कि हिमाचल जैसे छोटे प्रदेश से तीन नेताओं को राष्ट्रीय संगठन में महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां देना प्रदेश के कांग्रेस कार्यकर्ताओं के लिए गर्व की बात है। यह नियुक्तियां केंद्रीय नेतृत्व के हिमाचल के नेताओं पर विश्वास को दर्शाती हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि तीनों नेता अपनी कर्मठता, संगठनात्मक क्षमता और अनुभव के दम पर केंद्रीय नेतृत्व की अपेक्षाओं पर खरे उतरेंगे तथा पार्टी संगठन को राष्ट्रीय स्तर पर और मजबूत बनाने में अहम भूमिका निभाएंगे।

घर में घुसकर की मारपीट, 4 के खिलाफ मामला दर्ज

अनंत ज्ञान, चंबा। जिला चंबा के तीसा क्षेत्र के मक्कन गांव में घर में घुसकर एक व्यक्ति के साथ मारपीट करने का मामला सामने आया है। पुलिस थाना तीसा में इस संबंध में चार लोगों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की विभिन्न धाराओं के तहत अभियोग दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार, मक्कन निवासी किशोरी लाल ने शिकायत दर्ज करवाई है कि जब वह अपने घर पर मौजूद थे, उसी दौरान बेली राम और तीन अन्य व्यक्ति, जो सभी मक्कन गांव के निवासी बताए गए हैं, उनके घर में घुस आए और उनके साथ मारपीट की। शिकायत के आधार पर पुलिस थाना तीसा में अभियोग संख्या 116/26 के तहत भारतीय न्याय संहिता की धारा 333, 115(2), 352 और 3(5) में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है तथा आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

थाना प्रभारी ने स्वयंसेवियों को जिम्मेदार व जागरूक नागरिक बनने का दिया संदेश



अनंत ज्ञान

बिलासपुर। एनएसएस शिविर के तीसरे दिन के कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में थाना प्रभारी झंडूता ने शिरकत की। इस अवसर पर उन्होंने स्वयंसेवियों को साइबर अपराध, नशे के दुष्प्रभाव, सड़क सुरक्षा तथा मोबाइल फोन के दुरुपयोग जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने बच्चों को जागरूक करते हुए बताया कि किस प्रकार वे नशे जैसी सामाजिक बुराई से स्वयं को दूर रख सकते हैं और अपने साथियों को भी इसके प्रति जागरूक कर सकते हैं। उन्होंने सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने, वाहन चलाते समय सावधानी बरतने तथा यातायात नियमों की महत्ता पर प्रकाश डाला।

इसके साथ ही उन्होंने साइबर अपराध से बचने के उपाय बताए तथा अनजान लिंक, फर्जी कॉल, ऑनलाइन धोखाधड़ी और व्यक्तिगत जानकारी साझा करने से सावधान रहने की सलाह दी। उन्होंने मोबाइल फोन का सही और सीमित उपयोग करने तथा इसके दुरुपयोग से बचने के लिए भी प्रेरित किया। अंत में उन्होंने सभी स्वयंसेवियों को एक जिम्मेदार, जागरूक और अनुशासित नागरिक बनने का संदेश दिया। उनका यह प्रेरणादायक व्याख्यान बच्चों के लिए अत्यंत ज्ञानवर्धक एवं उपयोगी रहा।

लघट में मनाई स्व. इंदिरा गांधी की जयंती

अनंत ज्ञान, बरमाणा। जिला बिलासपुर के बरमाणा क्षेत्र के लघट स्थित कांग्रेस के स्थानीय कार्यालय में बुधवार को देश की प्रथम महिला प्रधानमंत्री स्वर्गीय इंदिरा गांधी की जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए राष्ट्र के प्रति उनके त्याग, बलिदान और योगदान को याद किया। दकार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि इंदिरा गांधी ने देश की एकता, अखंडता और संप्रभुता को बनाए रखने के लिए साहसिक निर्णय लिए। उनकी निडर नेतृत्व क्षमता और दृढ़ इच्छाशक्ति के कारण ही उन्हें एक सशक्त प्रधानमंत्री के रूप में याद किया जाता है। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने भी उनके साहस और नेतृत्व की सराहना करते हुए उन्हें दुर्गा का स्वरूप बताया था। वक्ताओं ने कहा कि पाकिस्तान के दो टुकड़े कर बांग्लादेश का निर्माण करवाना और बैंकों का राष्ट्रीयकरण करना इंदिरा गांधी के ऐतिहासिक एवं साहसिक फैसलों में शामिल हैं।

जिम्मेदारी प्रदेश अध्यक्ष राजीव बिंदल ने हिमाचल की 66 विधानसभा क्षेत्रों में भाजपा प्रभारी किए नियुक्त

बिलासपुर विस क्षेत्र में नवीन शर्मा को बनाया भाजपा प्रभारी

अनंत ज्ञान

◆ झंडूता में स्वतंत्र सांख्यान, घुमारवीं में बाल कृष्ण ठाकुर और श्री नयना देवी जी में राकेश गौतम को सौंपी जिम्मेदारी



प्रदेश भाजपा अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल

बिलासपुर। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने राज्य के 66 विधानसभा क्षेत्रों के लिए विधानसभा प्रभारियों की नियुक्तियां की हैं। प्रदेश कार्यालय की ओर से जारी सूची के माध्यम से इन नियुक्तियों की औपचारिक घोषणा की गई है। जारी सूची के अनुसार बिलासपुर जिले के झंडूता में स्वतंत्र सांख्यान, घुमारवीं में बाल कृष्ण ठाकुर, बिलासपुर में नवीन शर्मा तथा श्री नयना देवी जी में राकेश गौतम को जिम्मेदारी सौंपी गई है। चंबा जिले के चुराह विधानसभा क्षेत्र में दिनेश शर्मा, भरमौर में चंद्र लाल ठाकुर, चंबा में दिव्य चक्षु, डलहौजी में विनोद ठाकुर तथा भटियात में सुभाष उपाध्यक्ष को प्रभारी नियुक्त किया गया है। नूरपुर जिले के नूरपुर में जगदेव ठाकुर, इंदौरा में अभिजीत जम्वाल, फतेहपुर में प्रदीप शर्मा तथा जवाली में पंकज शर्मा हैप्पी को जिम्मेदारी सौंपी गई है। देहरा जिले में देहरा विधानसभा क्षेत्र का दायित्व अभिषेक पाधा, जसवां प्रागपुर का सुशील कालिया तथा ज्वालामुखी का अचल पठानिया संभालेंगे। पालमपुर जिले के जयसिंहपुर में अरविंद शर्मा, सुलह में अभिमन्यु भट्ट, बैजनाथ में नवीन कटोच तथा पालमपुर में संजीव ठाकुर को प्रभारी बनाया गया है। कांगड़ा जिले में कांगड़ा विधानसभा क्षेत्र की जिम्मेदारी राकेश शर्मा, नगरोटा की विशाल नेहरिया, शाहपुर की संजय शर्मा तथा धर्मशाला की देवेंद्र कोहली को सौंपी गई है। कुल्लू जिले में कुल्लू विधानसभा क्षेत्र का जिम्मा अखिलेश कपूर, मनाली का राहुल सोलंकी, बंजार का जोगिंद्र शुक्ला तथा आनी का हेतराम ठाकुर संभालेंगे। सुंदरनगर जिले के करसोग में सोहन सिंह ठाकुर, सुंदरनगर में राजेंद्र भुट्टो, नाचन में चेत राम, धर्मपुर में प्रताप ठाकुर तथा सरकाघाट में प्रताप सिंह को प्रभारी नियुक्त किया गया है। मंडी जिले के सिराज में मनीष कपूर, द्रंग में कमल राणा, जोगिंद्रनगर में संजय ठाकुर, मंडी में पाल वर्मा तथा बल्ह में रणवीर सिंह को संगठनात्मक जिम्मेदारी दी गई है।

हमीरपुर जिले में भोरंज का दायित्व सुशील ठाकुर, हमीरपुर का पवन शर्मा, सुजानपुर का अनिल ठाकुर, नादौन का अजय शर्मा तथा बड़सर का हुकम सिंह बैंस संभालेंगे। ऊना जिले के चिंतपूर्णी में सुशील कालिया, गगरेट में धर्मेंद्र राणा, ऊना में विश्वजीत पटियाल, कुटलैहड़ में शम्भू गोस्वामी तथा हरोली में मनोहर कुमार को प्रभारी बनाया गया है।

सोलन जिले के अर्की में रविंद्र परिहार, नालागढ़ में नरेंद्र ठाकुर, दून में सुरेंद्र ठाकुर, सोलन में ओ.पी. गांधी तथा कसौली में संजीव टिंका को विधानसभा प्रभारी नियुक्त किया गया है। सिरमौर जिले के पच्छाद में रणवीर सिंह, नाहन में सुरेंद्र हिन्दुस्तानी, रेणुका जी में साकेश शर्मा, पांवटा साहिब में रामेश्वर शर्मा तथा शिलाई में पवन चौधरी को संगठनात्मक जिम्मेदारी दी गई है। महासू जिले के चौपाल में बलदेव राणा, ठियोग में राजेश भाटिया, जुब्बल-कोटखाई में विजय गुप्ता, रोहड़ू में हरिचंद डोगरा तथा रामपुर में उमेश शर्मा को प्रभारी बनाया गया है। शिमला जिले के कुसुम्पटी विधानसभा क्षेत्र में सतप्रकाश मानक, शिमला में प्यार सिंह कंवर तथा शिमला ग्रामीण में नरेश चौहान को जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस तरह प्रदेश के विभिन्न जिलों और विधानसभा क्षेत्रों में पार्टी ने संगठनात्मक समन्वय के लिए नई व्यवस्था तैयार की है। प्रदेश भाजपा कार्यालय की ओर से जारी सूची के अनुसार नवनियुक्त विधानसभा प्रभारी अपने-अपने क्षेत्रों में संगठनात्मक गतिविधियों के संचालन, पार्टी के आगामी कार्यक्रमों के समन्वय और प्रदेश नेतृत्व के निर्देशों को धरातल पर लागू करने का दायित्व निभाएंगे।

खेलो इंडिया यूथ गेम्स के लिए कबड्डी के ट्रायल कल

अनंत ज्ञान



बिलासपुर। युवा सेवा एवं खेल विभाग, हिमाचल प्रदेश द्वारा खेलो इंडिया यूथ गेम्स-2026 के अंतर्गत कबड्डी पुरुष (अंडर-18) वर्ग के चयन के लिए 22 नवंबर को जिला स्पोर्ट्स हॉस्टल, बिलासपुर में चयन प्रशिक्षण ट्रायल आयोजित किया जाएगा। यह ट्रायल प्रात: 10:00 बजे से आरम्भ होगा। युवा सेवाएं एवं खेल विभाग के अतिरिक्त निदेशक गौरव महाजन ने बताया कि इस चयन ट्रायल में भाग लेने के लिए खिलाड़ियों की जन्म तिथि 1 जनवरी, 2009 अथवा उसके बाद होनी अनिवार्य है। निर्धारित आयु मानदण्डों को पूरा करने वाले इच्छुक खिलाड़ी ट्रायल में भाग लेने के लिए निर्धारित तिथि एवं समय पर परीक्षण केन्द्र में उपस्थित हो सकते हैं।

उन्होंने बताया कि ट्रायल में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को अपने साथ शैक्षणिक (मैट्रिक) आयु प्रमाण पत्र, आधार कार्ड तथा पासपोर्ट आकार के दो फोटो का एक सत्यापित प्रतिलिपि सेट और दो अतिरिक्त पासपोर्ट आकार के फोटो लाना अनिवार्य होगा। मैट्रिक आयु प्रमाण पत्र नगर निगम अथवा ग्राम पंचायत द्वारा कम से कम पांच वर्ष पूर्व अर्थात 1 जनवरी, 2021 को या उससे पहले जारी किया गया होना चाहिए। विभाग ने स्पष्ट किया है कि चयन प्रशिक्षण ट्रायल में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को किसी भी प्रकार का यात्रा भत्ता अथवा दैनिक भत्ता प्रदान नहीं किया जाएगा।

न्यूज ब्रीफ

धारा 118 पर रोक का किसान सभा ने किया स्वागत

अनंत ज्ञान, सोलन। किसान सभा जिला कमेटी सोलन ने हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय के उस अंतरिम आदेश का स्वागत किया है, जिसमें राज्य सरकार को न्यायालय की पूर्व अनुमति और उचित कारणों के बिना धारा 118 के तहत नई अनुमतियां देने से रोका गया है। जिला अध्यक्ष नीतीश ठाकुर की अध्यक्षता में हुई बैठक में इसे भूमि और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया गया। सभा ने कहा कि इस आदेश से अनियंत्रित भूमि खरीद, व्यावसायिक निर्माण, अवैध पहाड़ कटान और पर्यावरणीय नुकसान पर अंकुश लगाने में मदद मिलेगी। संगठन ने धारा 118 के तहत पहले दी गई अनुमतियों में कथित अनियमितताओं की स्वतंत्र जांच करवाने की मांग भी की।

शिलाई की कानून-व्यवस्था पर तोमर ने सरकार को घेरा

अनंत ज्ञान, नाहन। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता एवं शिलाई के पूर्व विधायक बलदेव सिंह तोमर ने रुद्र सेना अध्यक्ष राकेश उत्तराखंडी द्वारा हथियारबंद लोगों के साथ संदिग्ध फॉर्च्यूनर गाड़ी से पीछा किए जाने के आरोपों पर चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि शिलाई में हाल ही में खजान सिंह की गोली लगने से हुई मौत के बाद यह मामला कानून-व्यवस्था पर सवाल खड़े करता है। तोमर के अनुसार, राकेश उत्तराखंडी ने 18 नवंबर को पांवटा साहिब से शिलाई जाते समय एक सफेद फॉर्च्यूनर द्वारा पीछा किए जाने का आरोप लगाया है। उन्होंने वाहन की नंबर प्लेट की भी जांच की मांग की है। तोमर ने सिरमौर पुलिस से सीसीटीवी फुटेज खंगालने, वाहन के वास्तविक पंजीकरण और उसमें सवार लोगों की पहचान करने की मांग की।

सोलन में कुत्तों के झुंड ने बच्ची को किया घायल

अनंत ज्ञान, सोलन। शहर के वार्ड नंबर 12 स्थित सन्नी साइड मैदान के पास ट्यूशन जा रही 11 वर्षीय बच्ची पर 7 से 8 आवारा कुत्तों के झुंड ने हमला कर दिया। आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत हस्तक्षेप कर बच्ची को बचाया। घायल बच्ची को उपचार के लिए क्षेत्रीय अस्पताल सोलन में भर्ती करवाया गया है। स्थानीय लोगों के अनुसार वार्ड में आवारा कुत्तों की संख्या लगातार बढ़ रही है, जिससे बच्चों, बुजुर्गों और राहगीरों की सुरक्षा खतरे में है। वार्ड पार्षद प्रियंका अग्रवाल ने कहा कि सार्वजनिक स्थानों के आसपास खुले में कुत्तों को खाना न खिलाने की अपील की जा रही है। उन्होंने नगर निगम प्रशासन से समस्या का स्थायी समाधान करने और लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की।

नाहन में धमकी देकर नकदी और शराब वसूलने वाला आरोपी गिरफ्तार



अनंत ज्ञान, नाहन। सोशल मीडिया पर बदनाम करने और नौकरी से निकलवाने की धमकी देकर 30 हजार रुपये नकद और शराब की दो बोतलें वसूलने के आरोप में सिरमौर पुलिस ने नाहन के चिड़ावाली निवासी शुभम सहोत्रा (31) को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से कथित तौर पर वसूली गई नकदी और शराब की बोतलें बरामद की हैं। एसपी एनएस नेगी ने बताया कि शिकायतकर्ता नाहन में शराब के ठेके पर सेल्समैन है। शराब के दाम को लेकर हुए विवाद के बाद आरोपी ने कथित तौर पर सीएम हेल्पलाइन पर शिकायत वापस लेने के बदले रुपये और शराब की मांग की थी।

जोगिंद्रा बैंक की मजबूती के लिए नाबार्ड देगा सहयोग और मार्गदर्शन



अनंत ज्ञान, सोलन। जोगिंद्रा केंद्रीय सहकारी बैंक के मुख्य कार्यालय सोलन में नाबार्ड के चीफ जनरल मैनेजर डॉ. विवेक पठानिया का चेयरमैन एडवोकेट मुकेश शर्मा और प्रबंध निदेशक पंकज सूद ने स्वागत किया। इस दौरान नाबार्ड के डीजीएम अशोक चौहान भी मौजूद रहे। बैठक में चेयरमैन ने बैंक की वित्तीय स्थिति, उपलब्धियों, बैंकिंग योजनाओं और ग्रामीण क्षेत्रों में दी जा रही सेवाओं की जानकारी साझा की। डॉ. पठानिया ने बैंक की चुनौतियों और सुझावों को सुनकर उचित सहयोग एवं मार्गदर्शन का आश्वासन दिया। बैठक में दोनों संस्थानों के बीच समन्वय बढ़ाने और सहकारी बैंकिंग व्यवस्था को मजबूत करने पर भी चर्चा हुई।

मेनका गांधी ने हरिपुरधार में किए भगायणी माता के दर्शन



अनंत ज्ञान, नाहन। पूर्व केंद्रीय मंत्री मेनका गांधी ने जिला सिरमौर के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल हरिपुरधार स्थित भगायणी माता मंदिर में पहुंचकर पूजा-अर्चना की और माता का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान उन्होंने देश और प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना की। मंदिर पहुंचने पर श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों में उत्साह देखने को मिला। उल्लेखनीय है कि भगायणी माता मंदिर सिरमौर के प्रमुख धार्मिक स्थलों में शामिल है। यहां दूर-दराज के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचते हैं। हरिपुरधार अपनी धार्मिक मान्यता के साथ प्राकृतिक सुंदरता के लिए भी प्रसिद्ध है।

चोरी के मामले में भगोड़ा घोषित आरोपी बद्दी से हुआ गिरफ्तार

अनंत ज्ञान, सोलन। जिला सोलन पुलिस की पीओ सेल टीम ने चोरी के मामले में भगोड़ा घोषित आरोपी हीरा पाल उर्फ बांकू (28) को बद्दी क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। आरोपी गांव शील धार, तहसील बद्दी का निवासी है। पुलिस ने उसे 16 नवंबर 2026 को गुप्त सूचना और निगरानी के आधार पर पकड़ा। पुलिस के अनुसार आरोपी के खिलाफ 24 मई 2018 को कसौली थाने में चोरी का मामला दर्ज हुआ था। जांच के बाद पुलिस ने आरोपपत्र न्यायालय में पेश किया था। सुनवाई के दौरान कई बार आदेश देने के बावजूद आरोपी अदालत में पेश नहीं हुआ। इसके चलते न्यायालय ने 4 जुलाई 2026 को उसे भगोड़ा अपराधी घोषित कर दिया था। पुलिस टीम काफी समय से उसकी तलाश कर रही थी। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

भाजपा महिला मोर्चा का धरना राजनीतिक स्वार्थ से प्रेरित : उषा तोमर

अनंत ज्ञान, राजगढ़। प्रदेश कांग्रेस कमेटी की प्रवक्ता उषा तोमर ने धर्मशाला के जोरावर स्टेडियम में भाजपा महिला मोर्चा की ओर से आयोजित महिला अधिकार धरने पर प्रतिक्रिया देते हुए इसे राजनीतिक स्वार्थ से प्रेरित करार दिया है। उन्होंने कहा कि भाजपा का यह प्रदर्शन महिलाओं के अधिकारों की लड़ाई नहीं, बल्कि अपनी खोई हुई राजनीतिक जमीन तलाशने का प्रयास है। उषा तोमर ने कहा कि भाजपा पांच साल तक प्रदेश की सत्ता में रही, लेकिन इस दौरान महिलाओं के आर्थिक और सामाजिक सशक्तिकरण के लिए कोई ठोस योजना शुरू नहीं कर पाई। अब वही पार्टी महिला अधिकारों के नाम पर धरना देकर जनता को गुमराह करने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने महिलाओं को 1500 रुपये मासिक आर्थिक सहायता देने की गारंटी को पूरा करने की दिशा में कदम उठाए हैं। इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख सम्मान निधि योजना के तहत पात्र महिलाओं को चरणबद्ध तरीके से लाभ दिया जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह योजना बंद नहीं हुई है, बल्कि लगातार जारी है। भाजपा अधूरी जानकारी देकर लोगों में भ्रम फैलाने का प्रयास कर रही है।

सोलन में किराए के मकान से चिट्टा बरामद, दो युवक हुए गिरफ्तार

अनंत ज्ञान, सोलन। जिला पुलिस की एसआईयू टीम ने गांव क्थोग में एक किराये के मकान से 4.78 ग्राम चिट्टा बरामद कर दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, 15 नवंबर को गुप्त सूचना के आधार पर मकान में दबिश दी गई। इस दौरान निशु उर्फ रावण (30), निवासी सलोगड़ा और विक्रम कुमार (32), निवासी जोखड़ी के कब्जे से नशीला पदार्थ मिला। पुलिस थाना सदर सोलन में एनडीपीएस एक्ट की धारा 21 और 29 के तहत मामला दर्ज किया गया है। पूछताछ के बाद दोनों को नोटिस जारी कर पाबंद किया गया।

परवाणू में कार सवार दो युवकों से 26.89 ग्राम चिट्टा हुआ बरामद

अनंत ज्ञान, परवाणू/सोलन। पुलिस थाना परवाणू की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए सेब मंडी के समीप एक कार से 26.89 ग्राम चिट्टा (हेरोइन) बरामद किया है। पुलिस ने कार सवार दो युवकों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार, 19 नवंबर 2026 को टीम ने सेब मंडी परवाणू के पास नाकाबंदी की थी। इस दौरान संदिग्ध कार को रोककर तलाशी ली गई, जिसमें सवार दोनों युवकों के कब्जे से 26.89 ग्राम चिट्टा बरामद हुआ। आरोपियों की पहचान प्रवीण चौहान (26) पुत्र हेत राम चौहान और अंकुश (30) पुत्र रमेश कुमार, दोनों निवासी कृष्णा नगर, शिमला के रूप में हुई है। पुलिस ने दोनों को मौके पर गिरफ्तार कर कार भी कब्जे में ले ली। इस मामले में पुलिस थाना परवाणू में एफआईआर नंबर 152/2026 के तहत एनडीपीएस एक्ट की धारा 21 और 29 में केस दर्ज किया गया है। पुलिस आरोपियों के पूर्व आपराधिक रिकॉर्ड की जांच कर रही है।

ददाहू पुल का निर्माण सरकार के कार्यकाल में होगा पूरा, सिरमौर को मिलेंगी नई बसें : मुकेश अग्निहोत्री

रेणुका मेले में पुल निर्माण, परिवहन विस्तार और जनकल्याणकारी योजनाओं पर दिया जोर

अनंत ज्ञान

एसपी जैरथ, नाहन। उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि ददाहू पुल का निर्माण वर्तमान प्रदेश सरकार के कार्यकाल में ही पूरा किया जाएगा। इसके लिए सरकार की ओर से आवश्यक अतिरिक्त धनराशि उपलब्ध करवाई जाएगी। पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. वाईएस परमार की विरासत से जुड़े इस महत्वपूर्ण पुल का निर्माण जल्द पूरा करना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने यह बात अंतरराष्ट्रीय श्री रेणुका जी मेले की पहली सांस्कृतिक संध्या में बतौर मुख्यातिथि शिरकत करते हुए कही। उन्होंने दीप प्रज्वलित कर सांस्कृतिक संध्या का शुभारंभ किया।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि सिरमौर जिले में परिवहन सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए जल्द नई डीजल बसें उपलब्ध करवाई जाएंगी। इसके साथ ही इलेक्ट्रिक बसों की संख्या भी बढ़ाई जाएगी। उन्होंने बताया कि जिले को अब तक 15 इलेक्ट्रिक बसें दी जा चुकी हैं। नई खेप आने के बाद नाहन और पांवटा साहिब जैसे क्षेत्रों में इनकी संख्या बढ़ाई जाएगी। वहीं, रेणुका जी क्षेत्र की भौगोलिक परिस्थितियों को देखते हुए यहां डीजल बसों की अधिक आवश्यकता है। हिमाचल पथ परिवहन निगम नई बसें खरीदने की प्रक्रिया में है और उपलब्धता के अनुसार क्षेत्र को अतिरिक्त बसें दी जाएंगी।



रेणुका मेले की पहली सांस्कृतिक संध्या में पहुंचे उप मुख्यमंत्री अग्निहोत्री। अनंत ज्ञान

मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि ददाहू पुल पर डॉ. वाईएस परमार का नाम अंकित है, जो प्रदेश की ऐतिहासिक और राजनीतिक विरासत का महत्वपूर्ण प्रतीक है। उन्होंने उपायुक्त को पुल पर लगी पट्टिका को बेहतर ढंग से संरक्षित और व्यवस्थित करने के निर्देश दिए। उन्होंने विधायक विनय कुमार को आश्वस्त किया कि पुल के निर्माण के लिए पर्याप्त धनराशि उपलब्ध करवाई जाएगी। उन्होंने कहा कि रेणुका बांध परियोजना का काम भी आगे बढ़ रहा है और क्षेत्र में अब टनल निर्माण का कार्य दिखाई देने लगा है। इस परियोजना को धरातल पर लाने के लिए कांग्रेस ने लंबे समय तक संघर्ष किया है।

उप मुख्यमंत्री ने जिले के राजनीतिक नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष विनय कुमार, उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान और नाहन के विधायक अजय सोलंकी के रूप में सिरमौर को मजबूत नेतृत्व मिला है। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि वे अपने नेताओं को संभालकर रखें, क्योंकि यह जिले की बड़ी राजनीतिक पूंजी हैं। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों की ओर से सिंचाई, पेयजल और परिवहन सुविधाओं से संबंधित जो मांगें उठाई गई हैं, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने का प्रयास किया जाएगा।

प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का उल्लेख करते हुए मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि सरकार ने कर्मचारियों को पुरानी पेंशन योजना का लाभ दिया है और चुनाव के दौरान किए गए वादों को पूरा करने के लिए लगातार काम कर रही है।

सेना पर टिप्पणी से भड़की भाजपा जगत सिंह नेगी से माफी की मांग

अनंत ज्ञान

नाहन। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता राकेश डोगरा ने हिमाचल प्रदेश विधानसभा में राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी की राफेल और ऑपरेशन सिंदूर को लेकर की गई टिप्पणियों पर कड़ी आपत्ति जताई है। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना के शौर्य और पराक्रम पर सवाल उठाना देश की अस्मिता, गरिमा और करोड़ों नागरिकों की भावनाओं का अपमान है। कांग्रेस नेताओं की ओर से सेना के पराक्रम पर टिप्पणी करना दुर्भाग्यपूर्ण है।

राकेश डोगरा ने कहा कि भारतीय सेना किसी राजनीतिक दल का विषय नहीं, बल्कि पूरे देश का गौरव और स्वाभिमान है। देश की सीमाओं की रक्षा करने वाले जवानों के साहस और उपलब्धियों पर सवाल उठाना उचित नहीं है। उन्होंने कांग्रेस नेतृत्व से पूछा कि वह इस मामले में चुप क्यों है और सेना के सम्मान को लेकर पार्टी का क्या रुख है।

उन्होंने आरोप लगाया कि जब भी भारतीय सेना अपने साहस से दुश्मन को जवाब देती है, कांग्रेस के कुछ नेता उसकी उपलब्धियों पर सवाल खड़े करने लगते हैं। ऐसी



भाजपा प्रदेश प्रवक्ता राकेश डोगरा।

बयानबाजी से सैनिकों और उनके परिवारों की भावनाएं आहत होती हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा जैसे गंभीर विषयों पर राजनीतिक बयानबाजी करते समय जिम्मेदारी और संवेदनशीलता बरतनी चाहिए।

डोगरा ने मांग की कि जगत सिंह नेगी अपनी टिप्पणी के लिए भारतीय सेना और देश की जनता से तत्काल बिना शर्त माफी मांगें। उन्होंने हिमाचल कांग्रेस और पार्टी के शीर्ष नेतृत्व से भी इस मामले में चुप्पी तोड़ने तथा अपना पक्ष स्पष्ट करने की मांग की। भाजपा प्रवक्ता ने राजस्व मंत्री की टिप्पणी को बताया दुर्भाग्यपूर्ण, कांग्रेस नेतृत्व से भी जवाब मांगा।

नौणी में स्वास्थ्य विभाग ने मधुमेह और उच्च रक्तचाप के प्रति किया जागरूक

अनंत ज्ञान

सोलन। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग सोलन की ओर से विश्व मधुमेह दिवस के अवसर पर ग्राम पंचायत नौणी में जागरूकता कार्यक्रम एवं गैर-संचारी रोग (एनसीडी) जांच शिविर आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को मधुमेह की रोकथाम, समय पर पहचान, नियमित जांच और उचित उपचार के प्रति जागरूक करना रहा।

इस अवसर पर स्वास्थ्य शिक्षिका पद्ममणि ने मधुमेह के कारणों, लक्षणों, बचाव और नियंत्रण संबंधी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि समय रहते बीमारी की पहचान और उचित उपचार शुरू करने से गंभीर जटिलताओं से बचा जा सकता है। इसके लिए संतुलित एवं पौष्टिक आहार, नियमित व्यायाम, वजन नियंत्रित रखने तथा चीनी और अधिक मीठे खाद्य पदार्थों का सेवन कम करने की सलाह दी।



बीसीसी कोऑर्डिनेटर राधा चौहान ने स्वास्थ्य विभाग के गैर-संचारी रोग कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि आयुष्मान आरोग्य मंदिरों और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में नियमित रूप से निशुल्क जांच शिविर आयोजित किए जाते हैं। उन्होंने लोगों से इन शिविरों का लाभ उठाने और मधुमेह व उच्च रक्तचाप की नियमित जांच करवाने की अपील की। उन्होंने बताया कि इन बीमारियों के उपचार के लिए आवश्यक दवाइयां भी विभाग की ओर से निशुल्क उपलब्ध करवाई जाती हैं। शिविर में करीब 80 लोगों के रक्त शर्करा और रक्तचाप की जांच की गई।

बीएसएनएल सेवाओं के विस्तार और नेटवर्क सुधार पर हुआ मंथन

अनंत ज्ञान, सोलन। बीएसएनएल सोलन वाणिज्य क्षेत्र की दूरसंचार सलाहकार समिति (टीएसी) की बैठक शुक्रवार को सांसद एवं समिति के अध्यक्ष सुरेश कश्यप की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में बीएसएनएल सोलन के वरिष्ठ महाप्रबंधक जसपाल सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने समिति के सह-सचिव के रूप में भी भाग लिया। बैठक में जिले में दूरसंचार सेवाओं की स्थिति, मोबाइल नेटवर्क की गुणवत्ता और ग्रामीण क्षेत्रों में इंटरनेट सुविधाओं के विस्तार पर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान भारतनेट परियोजना, ऑप्टिकल फाइबर केबल नेटवर्क तथा एफटीटीएच सेवाओं की उपलब्धता बढ़ाने के मुद्दे प्रमुखता से उठाए गए। समिति ने ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों में बेहतर इंटरनेट कनेक्टिविटी सुनिश्चित करने, नए क्षेत्रों तक नेटवर्क पहुंचाने तथा उपभोक्ताओं को निर्बाध सेवाएं उपलब्ध करवाने पर जोर दिया। कमजोर मोबाइल सिग्नल वाले क्षेत्रों की समस्याओं और नए मोबाइल टावर स्थापित करने की संभावनाओं पर भी विचार-विमर्श किया गया।

यशवंत नगर की बदहाली से गिरी नदी पर मंडराया प्रदूषण का संकट

अनंत ज्ञान

राजगढ़। गिरिपार क्षेत्र के प्रमुख प्रवेश द्वार यशवंत नगर में बदहाल सफाई व्यवस्था और बुनियादी सुविधाओं की कमी से स्थानीय लोगों व यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कस्बे में जगह-जगह कूड़े के ढेर लगे हैं। खुले में फेंका जा रहा कचरा गिरी नदी तक पहुंचने से उसके प्रदूषित होने की आशंका बढ़ रही है। इससे पर्यावरण और पर्यटन दोनों पर प्रतिकूल असर पड़ सकता है।गिरी नदी के किनारे बसा यशवंत नगर प्राकृतिक सुंदरता के लिए प्रसिद्ध है। यहां पर्यटक और श्रद्धालु बड़ी संख्या में पहुंचते हैं। कस्बे में 100 से अधिक दुकानें, होटल और ढाबे हैं, जिनसे प्रतिदिन काफी कचरा निकलता है। ग्राम पंचायत करगानू की ओर से उचित कचरा निस्तारण व्यवस्था नहीं होने के कारण इसे नालियों के किनारे खुले में फेंका जा रहा है।

यशवंत नगर से प्रतिदिन 50 से अधिक बसें गुजरती हैं, लेकिन यात्रियों



के लिए रैन शेल्टर की सुविधा नहीं है। पुराना रैन शेल्टर रखरखाव के अभाव में ध्वस्त हो चुका है। ऐसे में यात्रियों को बारिश और धूप में बसों का इंतजार करना पड़ता है। सार्वजनिक शौचालय की हालत भी दयनीय है। वहां सीटें और अन्य सुविधाएं क्षतिग्रस्त हैं तथा सफाई का अभाव है।

स्थानीय लोगों ने कस्बे को विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण (साडा) के अधीन लाकर सुनियोजित विकास करवाने की मांग की है। पंचायत प्रधान भीम सिंह ने बताया कि कचरा निस्तारण का मामला बीडीओ राजगढ़ के समक्ष उठाया गया है। शौचालय की मरम्मत के लिए भी संबंधित कंपनी से बातचीत की गई है।

विश्व शौचालय दिवस पर उपायुक्त ने पंचायतों को स्वच्छता के दिए निर्देश



अनंत ज्ञान

कंडाघाट। विश्व शौचालय दिवस के अवसर पर उपायुक्त सोलन मनमोहन शर्मा ने पंचायत प्रतिनिधियों को व्यक्तिगत और सार्वजनिक शौचालयों की नियमित साफ-सफाई तथा मरम्मत सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्वच्छता बनाए रखना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। वह विकास खंड कंडाघाट में आयोजित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे।

बैठक में विकास खंड के अंतर्गत चल रही विभिन्न विकासात्मक योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। इस दौरान वीबी जीराम जी योजना के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर भी अधिकारियों और पंचायत प्रतिनिधियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

उपायुक्त ने ग्राम पंचायत रहेड़ को पूरे विकास खंड में सर्वाधिक कार्यदिवस अर्जित करने के लिए सराहा। उन्होंने पंचायत प्रधान रमन ठाकुर, पंचायत सचिव तारा देवी, तकनीकी सहायक जय प्रकाश और ग्राम रोजगार सेवक जितेंद्र कुमार के प्रयासों की प्रशंसा की। साथ ही अन्य पंचायतों के प्रतिनिधियों और कर्मचारियों से भी उनके कार्यों से प्रेरणा लेने का आग्रह किया।

बैठक में पंचायत प्रतिनिधियों ने विकास कार्यों के क्रियान्वयन में आ रही समस्याओं से उपायुक्त को अवगत करवाया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को इन समस्याओं के समाधान के निर्देश दिए।

नकली दवाइयों पर भाजपा ने मांगा स्वास्थ्य मंत्री का इस्तीफा

बीबीएन की इकाइयों में विशेष जांच अभियान चलाने की उठाई मांग

अनंत ज्ञान

सोलन। उत्तर प्रदेश में हिमाचल प्रदेश के औद्योगिक क्षेत्र में निर्मित दवाइयों के कथित रूप से नकली पाए जाने का मामला सामने आने के बाद भाजपा सोलन शहरी मंडल ने प्रदेश सरकार पर निशाना साधा है। दवाइयों के निर्माण में चने के भूसे जैसे पदार्थ के इस्तेमाल की बात सामने आने पर मंडल ने गहरी चिंता जताई है। मंडल अध्यक्ष शैलेन्द्र ने दवा निर्माण इकाइयों की निगरानी में लापरवाही का आरोप लगाते हुए स्वास्थ्य मंत्री से नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए इस्तीफा देने की मांग की है।

शैलेन्द्र ने कहा कि बद्दी, बरोटीवाला और नालागढ़ जैसे औद्योगिक क्षेत्रों में दवाइयों की गुणवत्ता को लेकर बार-बार शिकायतें सामने आ रही हैं। नकली और निर्धारित मानकों पर खरी नहीं उतरने वाली दवाइयों के मामले प्रदेश की गुणवत्ता नियंत्रण व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करते हैं। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश देश के प्रमुख फार्मा केंद्रों



भाजपा सोलन शहरी मंडल अध्यक्ष शैलेन्द्र।

में शामिल है। राज्य के आर्थिक सर्वेक्षण 2025-26 के अनुसार, प्रदेश देश की कुल दवा आवश्यकता का 35 प्रतिशत से अधिक उत्पादन करता है। ऐसे में दवाइयों की गुणवत्ता पर सवाल उठना प्रदेश की प्रतिष्ठा और मरीजों के स्वास्थ्य के लिए चिंता का विषय है।

भाजपा ने सरकार से बद्दी, बरोटीवाला और नालागढ़ की दवा निर्माण इकाइयों में विशेष निरीक्षण अभियान चलाने तथा गुणवत्ता परीक्षण में विफल दवाइयों की रिपोर्ट सार्वजनिक करने की मांग की है।

सांसद सुरेश कश्यप ने सोलन के विकास के लिए जारी किए 44 लाख रुपए

सांसद निधि से शहर के विभिन्न वार्डों में विकास कार्यों को मिलेगी गति

अनंत ज्ञान

सोलन। शिमला लोकसभा क्षेत्र के सांसद एवं पूर्व प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सुरेश कश्यप ने नगर निगम सोलन के विभिन्न वार्डों में विकास कार्य करवाने के लिए सांसद निधि से 44 लाख रुपये की धनराशि जारी की है। इस राशि से शहर के अलग-अलग क्षेत्रों में स्थानीय जरूरतों और प्राथमिकताओं के अनुसार विकास कार्य करवाए जाएंगे। सांसद की ओर से जारी इस धनराशि पर भाजपा जिला प्रवक्ता एवं नगर निगम सोलन के वार्ड नंबर 15 के पार्षद अधिवक्ता अभिषेक ठाकुर ने उनका आभार व्यक्त किया है।

प्रेस को जारी बयान में अभिषेक ठाकुर ने कहा कि सांसद निधि से मिली यह आर्थिक सहायता सोलन शहर के विकास को गति देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। उन्होंने कहा कि नगर निगम वर्तमान में वित्तीय संसाधनों से जुड़ी कई चुनौतियों का सामना कर रहा है। ऐसे में



पार्षद अभिषेक ठाकुर।

सांसद की ओर से उपलब्ध करवाई गई धनराशि से शहर के विभिन्न वार्डों में लंबे समय से जरूरी समझे जा रहे विकास कार्यों को पूरा करने में मदद मिलेगी।

उन्होंने कहा कि नगर निगम के वार्डों में सड़क, रास्तों, नालियों और अन्य जनसुविधाओं से जुड़े कार्यों की आवश्यकता रहती है। सांसद निधि से मिलने वाली सहायता स्थानीय निकायों के लिए विकास योजनाओं को आगे बढ़ाने का बेहतर माध्यम है। इससे शहर के विभिन्न क्षेत्रों में लोगों को आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करवाने में सहयोग मिलेगा।

अभिषेक ठाकुर ने कहा कि सांसद सुरेश कश्यप शिमला संसदीय क्षेत्र के समग्र विकास के लिए लगातार प्रयासरत हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार भी आधारभूत ढांचे को मजबूत करने और आम जनता तक बेहतर सुविधाएं पहुंचाने को प्राथमिकता दे रही है।

उन्होंने उम्मीद जताई कि नगर निगम प्रशासन 44 लाख रुपये की धनराशि का उपयोग वार्डों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए प्राथमिकता के आधार पर करेगा। इससे विकास कार्य समयबद्ध तरीके से पूरे हो सकेंगे और शहरवासियों को राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि सोलन के विकास के लिए सांसद, केंद्र सरकार और स्थानीय निकायों के बीच बेहतर तालमेल जरूरी है।

भानु प्रताप के इस्तीफे ने सुजानपुर की राजनीति में बढ़ाई सरगर्मी, भाजपा में जाने की चर्चा तेज

अनंत ज्ञान

पठानकोट। पंजाब के सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र की राजनीति में आगामी 2027 के विधानसभा चुनाव से पहले हलचल तेज हो गई है। युवा नेता एवं पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट के अधिवक्ता भानु प्रताप सिंह ने आम आदमी पार्टी के सभी पदों और जिम्मेदारियों से तत्काल प्रभाव से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने देर रात सोशल मीडिया के माध्यम से अपने फैसले की जानकारी साझा की। हालांकि, उन्होंने अभी तक यह स्पष्ट नहीं किया है कि वह आगे किस राजनीतिक दल में शामिल होंगे।

भानु प्रताप सिंह के इस्तीफे के बाद उनके भारतीय जनता पार्टी में जाने की चर्चाएं तेज हो गई हैं। इसकी प्रमुख वजह कुछ दिन पहले भाजपा के वरिष्ठ नेताओं के साथ उनकी मुलाकात की तस्वीरें हैं, जो सोशल मीडिया पर वायरल हुई थीं। बताया जा रहा है कि करीब छह दिन पहले उन्हें भाजपा नेता अजय जम्वाल और पूर्व डिप्टी स्पीकर एवं वरिष्ठ नेता दिनेश सिंह बब्बू के साथ एक निजी कार्यक्रम में देखा गया



◆ भाजपा के वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात के बाद उनके अगले राजनीतिक कदम को लेकर अटकलें हुईं तेज

था। हालांकि, इस मुलाकात के आधार पर उनके भाजपा में शामिल होने की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

भानु प्रताप सिंह सुजानपुर के वरिष्ठ कांग्रेसी नेता रहे ठाकुर बलराम सिंह के पुत्र हैं। उन्हें पूर्व कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष सुनील जाखड़ का करीबी भी माना जाता रहा है। वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव में वह सुजानपुर से कांग्रेस टिकट के प्रबल दावेदारों में शामिल थे, लेकिन पार्टी ने नरेश पुरी को उम्मीदवार बनाया। इसके बाद उन्होंने कांग्रेस छोड़ दी और अगस्त 2023 में आम आदमी पार्टी में शामिल हो गए। कैप्टन अमरिंदर सिंह के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में 17 अप्रैल 2021 को पंजाब सरकार ने भानु प्रताप सिंह को मार्केट कमेटी पठानकोट का चेयरमैन नियुक्त किया था।

नाहन में राज्य स्तरीय बैडमिंटन चैंपियनशिप का भव्य आगाज

अनंत ज्ञान, नाहन। डॉ. यशवंत सिंह परमार राजकीय महाविद्यालय नाहन की मेजबानी में हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला की अंतर-महाविद्यालय पुरुष बैडमिंटन चैंपियनशिप का शुभारंभ शुक्रवार को चंबा ग्राउंड स्थित इंडोर स्टेडियम में हुआ। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रदेश के 25 महाविद्यालयों के लगभग 130 खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। उद्घाटन समारोह में हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के डीन ऑफ स्टडीज प्रो. बीके शिवराम मुख्य अतिथि तथा जिला युवा सेवाएं एवं खेल अधिकारी रमा शर्मा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विभव कुमार शुक्ला ने अतिथियों का स्वागत किया। मुख्य अतिथि ने खिलाड़ियों को अनुशासन, मेहनत और खेल भावना के साथ प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। वहीं, रमा शर्मा ने कहा कि खेल विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और अनुशासन विकसित करते हैं। प्रतियोगिता के पहले मुकाबले में राजकीय महाविद्यालय ऊना ने रामपुर को हराया। दूसरे मुकाबले में जुखाला ने राजकीय संस्कृत महाविद्यालय नाहन को शिकस्त दी।

फोर्टिस मोहाली में यूरोलॉजी की आधुनिक तकनीकों के प्रशिक्षण के लिए सेंटर होगा स्थापित

अनंत ज्ञान, चंडीगढ़। फोर्टिस हॉस्पिटल मोहाली ने मिनिमली इनवेसिव यूरोलॉजी उपचार तकनीकों में चिकित्सकों की विशेषज्ञता बढ़ाने के लिए बोस्टन साइंटिफिक इंडिया के साथ साझेदारी की है। इसके तहत दोनों संस्थानों ने सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) स्थापित करने के लिए समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। इस

चार्ली अपने स्वीट लुक के लिए मशहूर

चार्ली एस्टकोर्ट वेल्स की एक अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल खिलाड़ी हैं। वह 2015 में राष्ट्रीय टीम में शामिल हुईं। हालांकि उन्हें अपना पहला गोल करने में एक साल लग गया। यह गोल अब तक चार्ली 34 मैच खेल चुकी हैं और 3 गोल कर चुकी हैं। वह अपने स्वीट लुक के लिए काफी मशहूर हैं।



स्पोर्ट्स विंडो

महेला जयवर्धने दिल्ली कैपिटल्स के डब्ल्यूपीएल क्रिकेट निदेशक नियुक्त

एजेंसी, नई दिल्ली। दिल्ली कैपिटल्स ने शुक्रवार को श्रीलंका के दिग्गज खिलाड़ी महेला जयवर्धने को 2027 के सत्र से पहले अपनी महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) टीम का क्रिकेट निदेशक नियुक्त किया। जयवर्धने अपनी नई भूमिका में फ्रेंचाइजी के सभी क्रिकेट संबंधी मामलों की देखरेख करेंगे, जिसमें टीम की रणनीति, प्रतिभा की पहचान और खिलाड़ी एवं कोचिंग स्टाफ को तराशना शामिल है। जयवर्धने इससे पहले मुंबई इंडियंस की पुरुष टीम के मुख्य कोच थे। उनके रहते हुए मुंबई ने आईपीएल में तीन खिताब जीते थे। उन्होंने हाल में ही यह पद छोड़ा था। उन्होंने कहा कि वह अपनी नई भूमिका से खुश हैं और उन्हें उम्मीद है कि टीम आगामी प्रतियोगिता में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगी।



ऑस्ट्रेलिया के लिए टी20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज में पदार्पण करेंगे सैम हार्पर

एजेंसी, मेलबर्न। ऑस्ट्रेलिया के विकेटकीपर बल्लेबाज सैम हार्पर इंग्लैंड के खिलाफ शनिवार से शुरू होने वाली पांच मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज के पहले मुकाबले में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण करेंगे। राष्ट्रीय चयनकर्ता टोनी डोडेमाइड ने शुक्रवार को इसकी पुष्टि की। हार्पर अपने घरेलू मैदान मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (एमसीजी) पर ऑस्ट्रेलिया के लिए पहला मैच खेलेंगे। हार्पर मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर स्कॉट बोलैंड के बाद पदार्पण करने वाले पहले विक्टोरियाई खिलाड़ी होंगे। बोलैंड ने 2021 में बॉक्सिंग डे एशेज टेस्ट में इंग्लैंड के खिलाफ शानदार प्रदर्शन करते हुए एक पारी में सात विकेट लेकर सुर्खियां बटोरी थीं। हालांकि, बोलैंड इससे पहले एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेल चुके थे, जबकि हार्पर का यह ऑस्ट्रेलिया की राष्ट्रीय टीम के लिए पहला मुकाबला होगा। 29 वर्षीय हार्पर को नियमित विकेटकीपर जोश इंग्लिस की गैरमौजूदगी में मौका मिला है। इंग्लिस न्यूजीलैंड के खिलाफ आगामी टेस्ट सीरीज की तैयारी के लिए पांच मैचों की टी20 सीरीज से बाहर रहेंगे। सैम हार्पर ने मैच की पूर्व संध्या पर पत्रकारों से बातचीत में कहा, 'एक विक्टोरियाई खिलाड़ी होने के नाते मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर अपने अंतरराष्ट्रीय करियर की शुरुआत करना मेरे लिए बेहद खास है। मैं इसे लेकर बहुत उत्साहित हूं।'

बैनक्रॉफ्ट ने भारतीय परंपराओं के बीच मनाया अपना 34वां जन्मदिन

एजेंसी, सिडनी। ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर कैमरून बैनक्रॉफ्ट ने अपना 34वां जन्मदिन भारतीय संस्कृति और आध्यात्मिक अंदाज में मनाया। उन्होंने सोशल मीडिया पर सेलिब्रेशन की तस्वीरें शेयर कीं, जिनमें वे भगवा-नारंगी कुर्ते में नजर आए। उनके माथे पर लाल तिलक था और वे फुलझड़ियों वाले केक के साथ पोज देते दिखे। तस्वीरों में पूजा की थाली भी नजर आई, जिसमें जलता हुआ दीया, कुमकुम और पूजा की अन्य सामग्री रखी थी। बैकग्राउंड में आध्यात्मिक गुरु श्री श्री रविशंकर की तस्वीर भी दिखाई दी। बैनक्रॉफ्ट का आध्यात्मिकता से जुड़ाव नया नहीं है। वे आर्ट ऑफ लिविंग फाउंडेशन के संस्थापक श्री श्री रविशंकर के अनुयायी हैं। उनके सोशल मीडिया अकाउंट पर पहले भी आध्यात्मिक गुरु के साथ तस्वीरें सामने आई हैं। जन्मदिन की तस्वीरें शेयर करते हुए बैनक्रॉफ्ट ने लिखा, 'ऐसा 34वां जन्मदिन, जिसे मैं कभी नहीं भूलूंगा। आप सभी के समर्थन और आशीर्वाद के लिए धन्यवाद।'



फ्लाइंग सिख की जयंती पर नेताओं ने दी श्रद्धांजलि

एजेंसी, नई दिल्ली। कामनवेल्थ गेम्स में भारत को स्वर्ण पदक दिलाने वाले मिल्खा सिंह पहले भारतीय थे। 20 नवंबर 1929 को जन्मे 'फ्लाइंग सिख' ने रोम के 1960 ग्रीष्म ओलंपिक और टोक्यो के 1964 ग्रीष्म ओलंपिक में देश का प्रतिनिधित्व किया था। इसके साथ ही उन्होंने 1958 और 1962 के एशियाई खेलों में भी स्वर्ण पदक जीता था। 1960 के रोम ओलंपिक खेलों में उन्होंने पूर्व ओलंपिक कीर्तिमान तोड़ा, लेकिन पदक से वंचित रह गए। इस दौरान उन्होंने ऐसा नेशनल कीर्तिमान बनाया, जो लगभग 40 साल बाद जाकर टूटा। मिल्खा सिंह को बेहतर प्रदर्शन के लिए 1959 में पद्म अवार्ड से सम्मानित किया गया। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक्स पोस्ट में कहा, अपनी अद्भुत गति, अथक परिश्रम और अटूट संकल्प से विश्व पटल पर भारत का गौरव बढ़ाने वाले 'फ्लाइंग सिख', 'पद्म श्री' मिल्खा सिंह की जयंती पर विनम्र श्रद्धांजलि। संघर्ष से सफलता तक की उनकी प्रेरक यात्रा सदैव युवा खिलाड़ियों को सपने देखने और उन्हें साकार करने के लिए प्रेरित करती रहेगी। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने एक्स पर लिखा, अपने अद्भुत पराक्रम और अथक परिश्रम से विश्व पटल पर तिरंगे का मान बढ़ाने वाले महान धावक, 'फ्लाइंग सिख' पद्मश्री मिल्खा सिंह की जयंती पर शत-शत नमन। संघर्ष, संकल्प और पुरुषार्थ से सफलता की नई ऊंचाइयां छूने वाला उनका जीवन देश की युवा पीढ़ी के लिए सदैव प्रेरणास्रोत रहेगा।

भारत-न्यूजीलैंड पहला टेस्ट मैच

यशस्वी और राहुल ने इंडिया को दिलाई दमदार शुरुआत

दूसरे दिन का खेल खत्म होने तक भारत ने एक विकेट पर बनाए 159 रन

एजेंसी, वेलिंगटन

हेनरी निकल्स और ग्लेन फिलिप्स के शानदार शतकों के दम पर न्यूजीलैंड ने भारत के खिलाफ वेलिंगटन के बेसिन रिजर्व मैदान पर खेले जा रहे पहले टेस्ट मैच के दूसरे दिन शुक्रवार को मजबूत स्कोर खड़ा किया, लेकिन यशस्वी जायसवाल और केएल राहुल की सलामी जोड़ी के दम पर भारत ने इसका करारा जवाब भी दिया है। इन दोनों की शतकीय साझेदारी से भारत ने मजबूत शुरुआत की है।

दूसरे दिन का खेल खत्म होने तक भारत ने एक विकेट के नुकसान पर 159 रन बना लिए हैं। राहुल 52 रन और देवदत्त पडिक्कल 16 रन बनाकर खेल रहे हैं। इससे पहले निकल्स ने 335 गेंदों पर 21 चौकों की मदद से नाबाद 175 रनों की पारी खेली। फिलिप्स ने 216 गेंदों पर 14 चौकों की मदद से 118 रन बनाए। इन दोनों के दम पर न्यूजीलैंड ने 368 रनों का स्कोर खड़ा किया। भारत अभी भी कीवी टीम से 209 रन पीछे हैं।

यशस्वी और राहुल ने पहले विकेट के लिए 130 रनों की साझेदारी की। यशस्वी और राहुल सेट होने के बाद बिना किसी परेशानी के बल्लेबाजी कर रहे थे। यशस्वी ने तेजी से रन बनाए और अपना अर्धशतक पूरा किया। वहीं, 28वां ओवर फेंकने आए हेनरी ने पांचवीं गेंद यशस्वी को ऑफ स्टम्प के हल्की बाहर दी। यशस्वी ने बैकफुट पर जाकर गेंद को रोकने की कोशिश की, लेकिन गेंद बल्ले के पास से होकर विकेटकीपर ब्लंडल के दस्तानों में चली गई। हेनरी और न्यूजीलैंड की टीम ने अपील की जिसे मैदानी अंपायर ने नकार दिया। यहां, ब्लंडल और हेनरी की जिद पर रिव्यू लिया गया जो सफल रहा और यशस्वी को 85 रनों के निजी स्कोर पर आउट होना पड़ा। उन्होंने 89 गेंदों का सामना कर 16 चौके मारे। उनके जाने के बाद राहुल ने अपना अर्धशतक पूरा किया।



भारत को फलिप्स और निकल्स ने किया परेशान

न्यूजीलैंड ने दूसरे दिन की शुरुआत पांच विकेट के नुकसान पर 243 रनों के साथ की। फिलिप्स ने 94 और निकल्स ने 113 रनों से अपनी पारी को आगे बढ़ाया। फिलिप्स ने अपना शतक पूरा किया और फिर वह ज्यादा देर टिक नहीं सके। आकाशदीप की इनस्विंगर पर वह आउट हो गए। यहां से फिर निकल्स ने स्कोरबोर्ड चलाने की लड़ाई अकेले ही लड़ी। दूसरे खिलाड़ियों ने उनका साथ तो दिया, लेकिन सिर्फ विकेट पर समय बिताने के लिहाज से। नाथन स्मिथ ने 44 गेंदों पर 14 रन, काइल जेमिसन ने 21 गेंदों पर 11 रनों की पारियां खेलीं। मैट हेनरी एक और जैकब डफी चार रन बनाकर आउट हुए।

रनिंग के दौरान फिलिप्स के हेलमेट पर लगी गेंद

न्यूजीलैंड की पारी के 85वें ओवर में प्रसिद्ध कृष्णा की गेंद पर फिलिप्स ने मिड-ऑन की दिशा में शॉट खेला और रन लेने निकल पड़े। आकाशदीप ने गेंद को नॉन स्ट्राइक एंड पर थ्रो किया, लेकिन बॉल स्टंप की बजाय फिलिप्स को लग गई। वे दर्द से छटपटा उठे और मैदान पर बैठ गए। बैट हाथ से छूट गया। मेडिकल टीम ने जांच की। इसके बाद फिलिप्स ने फिर से खेलना शुरू किया।

लक्ष्य सेन और सात्विक-चिराग हांगकांग ओपन के सेमीफाइनल में



एजेंसी, कोवलून

भारतीय बैडमिंटन स्टार लक्ष्य सेन ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए शुक्रवार को यहां सिंगापुर के पूर्व विश्व चैंपियन लोह कीन यू को तीन गेम में हराकर हांगकांग ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर फाइनल्स में अपनी जगह पहले ही पक्की कर चुके अल्मोड़ा के 25 वर्षीय खिलाड़ी लक्ष्य ने क्वार्टर फाइनल में आठवीं वरीयता प्राप्त लोह को 21-17, 10-21, 21-13 से हराया।

हाल में हाइलो ओपन और कुमामोतो मास्टर्स जापान का खिताब जीतने वाले लक्ष्य सेमीफाइनल में एंडर्स एंटोनसेन और चीन के तीसरी वरीयता प्राप्त झू जुआन चेन के बीच होने वाले क्वार्टर फाइनल मैच के विजेता से भिड़ेंगे। इससे पहले सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की पांचवीं वरीयता प्राप्त भारतीय जोड़ी ने चीन के हू के युआन और लिन जियांग यी को तीन गेम तक चले मुकाबले में हराकर पुरुष युगल के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। भारतीय जोड़ी ने पहला गेम आसानी से जीत लिया, लेकिन दूसरे गेम में वे अपनी लय खो बैठे। उन्होंने हालांकि बाद में वापसी करते हुए 59 मिनट में 21-12, 13-21, 21-16 से जीत हासिल की। सात्विक और चिराग फाइनल में जगह बनाने के लिए डेनमार्क के डेनियल लुंडगार्ड और मैड्स वेस्टरगार्ड या मलेशिया के मैन वेई चोंग और टी काई वुन में से किसी एक का सामना करेंगे। महिला एकल में रक्षिता रामराज का शानदार सफर क्वार्टरफाइनल में थाईलैंड की पांचवीं वरीयता प्राप्त पोर्नपावी चोचुवोंग से 19-21, 16-21 से हार के साथ समाप्त हो गया। रक्षिता ने प्री-क्वार्टर फाइनल में चीन की दूसरी वरीयता प्राप्त चेन यू फी को हराकर उलटफेर किया था।

लौरा हैरिस ने विमेंस बिग बैश लीग में लगाई सबसे तेज फिफ्टी

एजेंसी, लंदन

लौरा हैरिस ने विमेंस बिग बैश लीग में 15 गेंदों में अर्धशतक लगाकर इतिहास रच दिया। उन्होंने टूर्नामेंट की सबसे तेज फिफ्टी का रिकॉर्ड बनाया। उनकी तूफानी बल्लेबाजी के दम पर सिडनी थंडर ने वीरवार रात ब्रिसबेन हीट को 6 विकेट से हराया। लौरा ने 20 गेंदों पर 63 रन की नाबाद पारी खेली। इसमें 7 चौके और 5 छक्के शामिल रहे। इस हाई-स्कोरिंग मैच में दोनों टीमों ने मिलकर 451 रन बनाए, जो विमेंस बिग बैश लीग इतिहास का रिकॉर्ड है। सिडनी थंडर 200 से ज्यादा रन का लक्ष्य हासिल करने वाली लीग की पहली टीम भी बनी।



15 गेंदों में 50 रन बनाए

टेस फ्लिंटॉफ का रिकॉर्ड तोड़ा

लौरा हैरिस ने ब्रिसबेन के गेंदबाजों के खिलाफ आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए महज 15 गेंदों में अर्धशतक पूरा किया। उन्होंने मेलबर्न स्टार्स की टेस फ्लिंटॉफ का रिकॉर्ड तोड़ा, जिन्होंने 16 गेंदों में फिफ्टी लगाई थी। लौरा ने अपनी पारी में 7 चौके और 5 छक्के लगाए। उनकी बल्लेबाजी के दम पर सिडनी थंडर ने 4 गेंद बाकी रहते लक्ष्य हासिल कर लिया।

छोटी बहन ने जड़ा चौथा शतक

पहले बल्लेबाजी करने उतरी ब्रिसबेन हीट की स्टार बल्लेबाज ग्रेस हैरिस ने मैदान के चारों तरफ शॉट लगाए। लौरा की छोटी बहन ग्रेस ने 121 रन की नाबाद पारी खेली। यह बिग बैश में उनका चौथा शतक है। उनकी पारी के दम पर ब्रिसबेन ने 20 ओवर में 3 विकेट पर 225 रन बनाए। लौरा की पारी नहीं होती, तो ग्रेस मैच की प्लेयर ऑफ द मैच होतीं।

ज्वेरेव की मदद से सेमीफाइनल में पहुंचे शेल्टन

एजेंसी, तूरिन। अमेरिका के युवा टेनिस खिलाड़ी बेन शेल्टन ने एटीपी फाइनल्स टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। शेल्टन को अंतिम चार में पहुंचने के लिए जर्मनी के दिग्गज खिलाड़ी और विश्व नंबर एक अलेक्जेंडर ज्वेरेव की जीत का भी सहारा मिला। शेल्टन ने अपने ग्रुप मुकाबले में स्पेन के राफेल जोडर को 7-6 (8), 7-5 से हराकर जीत दर्ज की। मुकाबला काफी संघर्षपूर्ण रहा। पहले सेट में शेल्टन को टाईब्रेकर तक कड़ा मुकाबला करना पड़ा। उन्होंने दबाव के क्षणों में शानदार सर्विस और दो अहम ऐस लगाकर सेट अपने नाम किया। दूसरे सेट में भी दोनों खिलाड़ियों के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिली, लेकिन शेल्टन ने आखिरकार बाजी मार ली। हालांकि, इस जीत के बावजूद शेल्टन की सेमीफाइनल में जगह तत्काल पक्की नहीं हुई थी। उन्हें ग्रुप के एक अन्य मुकाबले के नतीजे का इंतजार करना पड़ा। इसमें जर्मनी के अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने फ्रांस के आर्थर फिल्स को 6-4, 7-6 (6) से हराकर शेल्टन की राह आसान कर दी।

पाकिस्तान ने श्रीलंका को 8 विकेट से हराया

आमेर जमाल ने 6 विकेट लिए, 22 गेंदों पर 34 रन बनाए

एजेंसी, रावलपिंडी

पाकिस्तान ने रावलपिंडी में खेले गए दूसरे टेस्ट के चौथे दिन श्रीलंका को 8 विकेट से हरा दिया। मैच के आखिरी दिन पाकिस्तान को जीत के लिए ज्यादा समय नहीं लगा। टीम ने पहले 2 ओवर में श्रीलंका का आखिरी विकेट गिराया और फिर 90 रन का लक्ष्य 13 ओवर में 2 विकेट खोकर हासिल कर लिया। ऑलराउंडर आमेर जमाल पाकिस्तान की जीत के हीरो रहे। उन्होंने मैच में 6 विकेट लेने के साथ दूसरी पारी में 22 गेंदों पर नाबाद 34 रन बनाए। उन्हें लक्ष्य का पीछा करते हुए नंबर-4 पर बल्लेबाजी के लिए भेजा गया था। चौथे दिन मोहम्मद अब्बास ने श्रीलंका की दूसरी पारी का आखिरी विकेट लिया। उन्होंने दूसरी पारी में 3 विकेट हासिल किए। श्रीलंका की टीम 316 रन पर ऑलआउट हुई। इस हार के साथ श्रीलंका की टेस्ट क्रिकेट में वापसी के बाद जीत का इंतजार जारी है। जून में 12 महीने के अंतराल के बाद टेस्ट क्रिकेट में लौटने वाली टीम अब लगातार 6 टेस्ट हार चुकी है। पाकिस्तान ने 5 टेस्ट मैचों के बाद जीत दर्ज की।



चौथे दिन 15 ओवर में खत्म हुआ मैच

पहली पारी में 227 रन की बढ़त लेने वाले पाकिस्तान को जीत के लिए 90 रन का लक्ष्य मिला। पाकिस्तान ने लक्ष्य का पीछा करते हुए जल्दी 2 विकेट गंवा दिए। लाहिरू कुमारा ने अपने तीसरे ओवर में तैयब आरिफ को बोल्ड किया। अगले ओवर में असिथा फर्नांडो ने मोहम्मद ताहा को एलबीडब्ल्यू आउट कर दिया। 2 विकेट जल्दी गिरने के बाद आमेर जमाल को नंबर-4 पर बल्लेबाजी के लिए भेजा गया। उन्होंने 22 गेंदों पर नाबाद 34 रन बनाए। पारी में 3 चौके और 1 छक्का लगाया। जमाल ने मिड-विकेट और सीधे गेंदबाज के ऊपर से शॉट खेले। उन्होंने लेंथ में गलती करने वाले गेंदबाजों को मिड-विकेट के ऊपर से और फुल गेंदों पर गेंदबाज के सिर के ऊपर से शॉट लगाकर रन बनाए। दूसरे छोर पर अजान अवैस ने 36 गेंदों पर नाबाद 32 रन बनाए। उन्होंने 5 चौके लगाए, जिनमें ज्यादातर विकेट के स्क्वायर क्षेत्र में आए। दोनों बल्लेबाजों ने 13 ओवर में पाकिस्तान को 90/2 तक पहुंचा दिया। जमाल ने गेंदबाजी में भी योगदान दिया। उन्होंने पहली और दूसरी पारी में 3-3 विकेट लिए, यानी मैच में कुल 6 विकेट हासिल किए।

कांग्रेस की बातें दोहरा रहे पीएम : जयराम

'न्याय पत्र' का जिक्र कर पीएम को घेरा, कहा- घबराए हुए हैं

एजेंसी, नई दिल्ली

कांग्रेस सांसद जयराम रमेश ने शुक्रवार को फिक्की के शताब्दी सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा की गई टिप्पणियों को लेकर उन पर और केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला। एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए, जयराम रमेश ने दावा किया कि प्रधानमंत्री मोदी ने रोजगार और वेतन के मुद्दे पर कांग्रेस की ही बातों को दोहराया, जबकि इन्हीं बातों के लिए उन्होंने पहले विपक्षी पार्टी की आलोचना की थी। जयराम रमेश ने दावा किया कि प्रधानमंत्री ने ऐसी बातें इसलिए कहीं क्योंकि वे अर्थव्यवस्था की स्थिति को लेकर घबराए हुए हैं। 'उनके बोलने के तरीके से यह बिल्कुल साफ है कि प्रधानमंत्री घबराए हुए हैं।

2024 के लोकसभा चुनाव में 'न्याय पत्र' कांग्रेस का घोषणापत्र था



2024 के लोकसभा चुनावों के लिए कांग्रेस के घोषणापत्र का जिक्र करते हुए, सांसद ने कहा, '2024 के लोकसभा चुनावों के लिए 'न्याय पत्र' हमारा घोषणापत्र था। इसमें अर्थव्यवस्था से जुड़ी हमारी चुनौतियों पर विस्तार से चर्चा की गई थी। इस न्याय पत्र में हमने बताया था कि 2014 से वेतन, रोजगार और निजी निवेश में कोई बढ़ोतरी नहीं हुई है। 2014 के बाद से असमानताएं बढ़ी हैं। प्रधानमंत्री ने इस न्याय पत्र को लेकर हमारी कड़ी आलोचना की थी। उस समय, प्रधानमंत्री खुद को 'नॉन-बायोलॉजिकल' कहते थे। उन्होंने कहा था कि यह न्याय पत्र 'अर्बन नक्सल' सोच से भरा हुआ है। अब वे 'दिमागी नक्सल' शब्द का इस्तेमाल करते हैं।' उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने देश के लिए संपत्ति सृजन करने वालों का अपमान किया है। उनका सम्मान नहीं किया है। कल प्रधानमंत्री ने फिक्की को संबोधित किया। फिक्की के सौ साल पूरे होने का जश्न मनाया जा रहा है। वे औद्योगिक जगत की एक प्रमुख हस्ती थे। हम उन्हें सौ वर्षों से जानते हैं। और उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम में भी भूमिका निभाई थी।

बाइडेन की किताब में 200 बार ट्रंप का जिक्र

एजेंसी, वॉशिंगटन। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडेन ने अपनी नई किताब 'प्रॉमिस मी अमेरिका' में मौजूदा राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का करीब 200 बार जिक्र किया है। 17 नवंबर को रिलीज हुई इस किताब में बाइडेन ने अपने राष्ट्रपति कार्यकाल, 2020 और 2024 के चुनावों और ट्रंप के साथ अपने रिश्तों के बारे में लिखा है। किताब में बाइडेन ने ट्रम्प को 6 जनवरी 2021 को अमेरिकी संसद कैपिटल पर हुए हमले के लिए जिम्मेदार ठहराया है। उन्होंने लिखा कि ट्रम्प ने चुनाव हारने के बाद भी सत्ता में बने रहने के लिए विद्रोह कराया था। बाइडेन ने ट्रम्प का लिखा एक निजी खत भी किताब में छापा है। यह खत ट्रंप ने जनवरी 2021 में राष्ट्रपति पद छोड़ते समय ओवल ऑफिस की मेज पर बाइडेन के लिए छोड़ा था। बाइडेन ने किताब में लिखा, डोनाल्ड ट्रंप ने विद्रोह का नेतृत्व किया। उनका मकसद सत्ता से बाहर होने के बाद भी पद पर बने रहना था। हमला करने वाले लोग शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारी नहीं थे। वे हथियार लेकर आए थे, ताकि चुनाव के नतीजों के पुष्टि रोकी जा सके।

इंडोनेशिया के डे-केयर सेंटर की प्रिंसिपल को 5 साल जेल

एजेंसी, जकार्ता

इंडोनेशिया के योग्याकार्ता शहर के एक डे-केयर सेंटर में 53 बच्चों के साथ मारपीट और बुरे बर्ताव के मामले में प्रिंसिपल को 5 साल जेल की सजा सुनाई गई है। लिटिल अरेशा सेंटर के कर्मचारी बच्चों के हाथ-पैर कपड़े से बांधकर रखते थे। अप्रैल में सामने आए सीसीटीवी फुटेज में बच्चे सिर्फ डायपर पहने फर्श पर पड़े दिखे थे। पुलिस के मुताबिक, सेंटर में मौजूद 103 बच्चों में से 53 के साथ बुरा बर्ताव हुआ था। सेंटर की पूर्व प्रिंसिपल अनीता पालुपी इंदाहसारी को गुरुवार, 19 नवंबर को अदालत ने दोषी ठहराया। जज सुनारयांतो ने कहा कि अनीता ने बच्चों की देखभाल में लापरवाही की, बिना अनुमति सेंटर चलाया और बच्चों पर हो रही हिंसा को नहीं रोका। अदालत ने अनीता पर 51 करोड़ इंडोनेशियाई रुपिया का जुर्माना भी लगाया है। जुर्माना नहीं भरने पर उनकी संपत्ति जब्त कर नीलाम की जाएगी। सरकारी वकीलों ने अनीता के लिए 10 साल जेल की मांग की थी। फैसले से पीड़ित बच्चों के परिवार नाराज हैं।



53 बच्चों से मारपीट और बुरे बर्ताव में दोषी, कपड़े से हाथ-पैर बांधकर रखते थे

अवैध खनन मामले में डीएमके के पूर्व मंत्री मूर्ति के आवास पर पुलिस की रेड

एजेंसी, मदुरै

तमिलनाडु में पत्थर खदानों में नियमों का उल्लंघन कर लाल मिट्टी और पत्थरों के अवैध खनन के मामले में दर्ज मुकदमे के सिलसिले में द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (डीएमके) के पूर्व मंत्री मूर्ति के मदुरै स्थित आवास पर शुक्रवार सुबह पुलिस ने छापेमारी की। पिछली डीएमके सरकार में मूर्ति वाणिज्यिक कर एवं पंजीकरण विभाग के मंत्री थे। मदुरै जिले के अलंगानल्लूर और पालामेडु क्षेत्रों में स्थित पत्थर खदानों में निर्धारित सीमा से अधिक लाल मिट्टी और पत्थरों का खनन किए जाने की शिकायतें सामने आई थीं। इन शिकायतों के आधार पर मदुरै जिला अपराध शाखा पुलिस ने पूर्व मंत्री मूर्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया था। इसी मामले में पुलिस ने शुक्रवार सुबह उनके मदुरै स्थित आवास पर अचानक छापेमारी की। छापेमारी के दौरान पुलिस अधिकारी पत्थर खदानों के टेंडर से संबंधित दस्तावेजों और लाल मिट्टी तथा पत्थरों के खनन से जुड़े रिकॉर्ड की जांच कर रहे हैं। कार्रवाई के दौरान पूर्व मंत्री के आवास के बाहर बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है। पुलिस मामले से संबंधित दस्तावेजों और अन्य साक्ष्यों की पड़ताल कर रही है।



पत्थर खदानों में तय सीमा से अधिक खनन करने का आरोप

टेंडर सहित संबंधित दस्तावेजों की जांच

अकवान तूफान के असर से ओडिशा, आंध्र प्रदेश और पश्चिम बंगाल में तेज बारिश

आंध्र प्रदेश-ओडिशा के तट से टकराया 'अकवान'

एजेंसी, भुवनेश्वर

चक्रवाती तूफान अकवान शुक्रवार सुबह करीब 7.30 से 8:30 बजे के बीच आंध्र प्रदेश और ओडिशा के बीच गोपालपुर तट से टकराया। इस दौरान हवा की रफ्तार 70 से 90 किमी प्रति घंटा रही। तूफान के असर से ओडिशा, आंध्र प्रदेश और पश्चिम बंगाल में तेज बारिश हो रही है। ओडिशा में करीब 4 लाख लोगों को सुरक्षित जगहों पर पहुंचाया गया है। इनके लिए 9,341 राहत शिविर बनाए गए हैं। साथ ही 423 रेस्क्यू टीमें तैनात की गई हैं। तूफान के चलते पूर्वी रेलवे ने 41 और दक्षिण पूर्व रेलवे ने 28 एक्सप्रेस ट्रेनें रद्द कर दी हैं। वहीं, 29 ट्रेनों के समय में बदलाव किया गया है। तूफान का असर 10 राज्यों में पड़ सकता है। तमिलनाडु, पुडुचेरी के अलावा मध्य प्रदेश और झारखंड में भी मौसम बदल सकता है और बारिश हो सकती है। चक्रवात 'अकवान' के असर से पश्चिम बंगाल के सभी जिलों में मध्यम से भारी बारिश हो रही है। तटीय इलाकों में बहुत भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है। खराब मौसम को देखते हुए गंगासागर में प्रशासन लगातार घोषणाएं कर रहा है और तीर्थयात्रियों व पर्यटकों से समुद्र तट खाली कर सुरक्षित स्थानों पर जाने की अपील कर रहा है।



ओडिशा-आंध्र प्रदेश में भारी बारिश, 4 लाख लोग शिफ्ट

भारी बारिश के बीच बुजुर्ग का रेस्क्यू

ओडिशा के गंजाम जिले में तारासिंग पुलिस थाने की टीम ने भारी बारिश के बीच घने जंगल और दुर्गम रास्तों से एक बुजुर्ग व्यक्ति को सुरक्षित बाहर निकाला। चक्रवती तूफान के कारण पूरे जिले में काफी नुकसान हुआ है।